e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 292
शुक्रवार
27.10.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जिन्दगी में सबसे ज्यादा खुश वही रहता है, जो कम साधनो में भी खुश रहता है !

ताजा खबरों के लिए देखें



संक्षिप्त खबरें

## फरार अभियुक्त के घरों में चिपकाया इश्तेहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बिशुनपुर गांव में एवं शहर के जेपी चौक स्थित जगहों पर कांड संख्या 63/23 धारा 147/149/307/341/324/3 323 /504//34 भा0 द0वी0 के तहत प्राथमिकी अभियुक्त ( 1) मुकेश कुमार सिंह पिता स्वर्गीय अखिलेश सिंह विशुनपुर गांव निवासी काफी दिनों से चल रहे फरार अभियुक्त के विरुद्ध घर पर जाकर बिशुनपुर गांव स्थाई निवासी (गवाह ) रविंद्र कुमार सिंह कमता प्रसाद सिंह के समक्ष ?हुसैनाबाद पुलिस दल बल के साथ एस एस आई धर्मेन्द्र कुमार सिंह इवरा इश्तेहार तामिल किया मौके पर हुसैनाबाद थाना एस एस आई धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि इन अभियुक्त काफी अधिक दिनों से फरार है इनके के विरुद्ध कांड संख्य 63/23 के आधार पर इश्तेहार चिपकाया गया।

# विधायक ने तीन योजनाओं का किया शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र रहे डंडीला गांव को आजादी के 76 वर्ष बाद पक्की सड़क मिली। गुरुवार को हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने डंडीला गांव को मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क का विधिवत शिलान्यास किया। यह गांव आजादी के 76 वर्ष बाद भी सड़क सुविधा से वंचित था। लोग पगडंडियों के सहारे बगल के गांव आने के बाद बाजार हाट, कार्यालय, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आते जाते हैं। शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र का एक भी गांव सड़क विहीन नहीं रहेगा। लगातार सड़क निर्माण के साथ साथ विकास के अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं। 2019 के पूर्व और 2019 के बाद का आकलन कोई भी कर सकते हैं। स्थिति स्पष्ट हो जायेगी। इसके बाद विधायक श्री सिंह ने भाई बिगहा में परता मोड़ पर पुलिया का निर्माण व निकाह भवन का जीर्णोद्धार कार्य का भी शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि वह जात पात धर्म की राजनीति से परे विकास की राजनीति में विश्वास रखते हैं। क्षेत्र के सभी लोग उनके परिवार के सदस्य समान हैं। उन्हें कभी तकलीफ में नहीं देख सकते। उन्होंने कहा कि जल्द ही बंशी पर गांव में अल्पसंख्यक भाइयों की सुविधा के लिए निकाह भवन का निर्माण कराया जाएगा। इस योजना के लिए राशि आवंटित कर दी गई है। उन्होंने दशहरा के उपलक्ष्य में अनुमंडल मैदान में शुक्रवार 27 अक्तूबर को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोगों को आने का आग्रह किया। विधायक कमलेश कुमार सिंह के साथ विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, संजय सिंह, दिलीप पाल, प्रमोद प्रजापति, बिमलेश सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## युवा समाजसेवी अंशु अग्रवाल की मनाई गई पहली पुण्यतिथि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद शहर के युवा समाजसेवी सह मानसरोवर मेडिकल हॉल के प्रोपराइटर अंशु अग्रवाल की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर सैकड़ो लोगों ने उनके तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उनके परम मित्र पूर्व वार्ड पार्षद नजीर अहमद ने कहा की अंशु अग्रवाल शहर के युवाओं के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए एक मिशाल थे। वह सभी धर्मो के लोगों को अपने साथ लेकर चलने का काम किया। उनकी अचानक मौत ने सबको झकझोर कर रख दिया था। युवा पीढ़ी के लोग उनका व्यक्तित्व से सीख लेकर अपने जीवन का विकास कर सकेंगे। इस मौके पर कई युवाओं ने शहर के विभिन्न स्थानों में पौधा रोपण किया साथ ही सैकड़ो बच्चों के बीच कॉपी और कलम का वितरण किया। मौके पर मुख्य रुप से सुनील गुप्ता, रंजीत सिंह, सद्दाम हुसैन, प्रदीप पटेल, छोटू कुमार, गोलू कुमार, रवींद्र गुप्ता, उमेश तंबोली, अमित कुमार, मोनू कुमार, गोल्डन यादव, शक्ति ठाकुर, विशाल भेंगरा, समेत सैकड़ों युवा मौजूद थे।

## पुलिस ने युवक का शव किया बरामद

**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेहला थाना क्षेत्र के गुरहा कला गांव स्थित पाठे घाट के निकट गुरुवार की सुबह रेहला पुलिस ने एक युवक का बरामद किया है। युवक की हत्या गोली मारकर की गई है। शव कच्ची रास्ते से कुछ हटकर बिजली टावर के समीप औंधे मुंह पड़ा था। जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष बताया जा रहा है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह घुमने निकले लोगों ने शव को देख गांव के लोगों को जानकारी देते हुए रेहला थाना पुलिस को सूचना दी। जहां पुलिस पहुंच स्थानीय लोगों की उपस्थिति में शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर स्थित मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। युवक का शव देखने से प्रतीत होता है कि अज्ञात अपराधियों के द्वारा उसके कनपटी व पेट में गोली मारी गई है। कनपटी में गोली मारने से उसका सिर उड़ गया है। पुलिस व स्थानीय लोगों के द्वारा मृतक की पहचान करने व कराने की कोशिश की जा रही है। मृतक के जेब से केवल 20 मिले हैं। वैसी कोई भी चीज बरामद नहीं हुआ है जिसके उसकी पहचान हो सके। युवक के पैर में चप्पल व कंधे में केसरिया गमछा मिला है। लोगों की मानें तो चप्पल वह गमछा होना आसपास का हीं होना प्रतीत होता है। हत्या का कारण आपसी रंजिश का होना अनुमान लगाया जा रहा है। मृतक के शव के पास बहे ताजा खून से सुबह के लगभग तीन बजे के आसपास हत्या होना बताया जा रहा है। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि पुलिस अपने स्तर से मृत युवक की पहचान करते हुए हत्या में सम्मिलित अज्ञात अपराधियों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

## घरेलू विवाद में विवाहिता ने खाया जहर, मौत

**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के पाठक बिघा गांव निवासी एक महिला ने घरेलू विवाद में जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि 21 वर्षीय ज्योति देवी पति रंजीत कुमार ने बुधवार की रात कीटनाशक पी लिया जिससे उसकी मौत हो गई। करीब छह माह पहले ही उसकी शादी हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मौत के स्पष्ट कारणों का खुलासा हो पाएगा। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि घटना को लेकर पुलिस सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है।

## कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट 23 नवंबर से शुरू




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** आगामी तेईस नवम्बर दिन गुरुवार से प्रारंभ होने वाले कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 के सफल आयोजन हेतु जपला स्थित कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट क्लब कार्यालय में एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद्र सिंह ने किया। बैठक में टूर्नामेंट को और बेहतर बनाने के लिए सभी सदस्यों से हर बिंदु पर राय ली गई। सभी टीमों को खेल के साथ खेलाडियों का अनुशासन, शारीरिक प्रशिक्षण तथा अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। सुपर-8 में क्वालीफाई करने वाले सभी टीमों को पांच बाहरी खिलाड़ियों को शामिल करने की छूट दी गई है लेकिन लीग मैच में सभी टीम के सदस्यों की स्थानीयता अनिवार्य है। कर्नल कप में भाग लेने वाले इच्छुक टीम आगामी 15 नवंबर तक अपना आवेदन टीम सूची के साथ कार्यालय में जमा कर सकते हैं। क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि आप सभी की मेहनत के बदौलत हम लोग इस टूर्नामेंट को हर बार सफल बना रहे हैं और लागातार चौथे वर्ष इसका आयोजन किया जा रहा है। इसे भव्य और यादगार बनाने के लिए कमेटी के सदस्यों के अलावा सभी टीमों के खिलाड़ियों तथा स्थानीय लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। हम लोग स्थानीय बच्चों को फुटबॉल के माध्यम से एक नया अवसर प्रदान कर रहे हैं। इस बैठक में स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष मानिकचंद सिंह, मनोज शर्मा, विनय कुमार सिंह, लालधन ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ समापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत महावीर मंदिर चैनपुर बाजार के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी प्रखंड के कार्यकर्ता के द्वारा मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम प्रखंड स्तरीय समापन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण पांडे ने किया एवं मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे शामिल हुए तथा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज दास सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण पांडे ने कहा कि मेरे प्रखंड के मीठी संग्रह हमारे बूथ अस्तर से लेकर पंचायत एवं प्रखंड के सभी कार्यकर्ता संग्रह किया। इस चैनपुर प्रखंड के पावन धरती की मिट्टी प्रदेश होते हुए दिल्ली अमृत वाटिका करतब पथ जो शहीदों की याद में माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का एक ही लक्ष्य कि अपने देश के वीर शहीदों के सम्मान मे जन-जन की भागीदारी हो कुछ सालों पहले इसी प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में लौह संग्रह का कार्यक्रम चलाया गया था जो एक-एक गांव के कार्यकर्ता लोहा संग्रह करके महापुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की सबसे बड़ी प्रतिमा बनाने में जन-जन का सहयोग रहा है।आज हम लोग जब गुजरात शहर के नर्मदा तट पर जाते हैं तो अपने आप से गर्भ महसूस करते हैं कि हमारा भी घर का लोहा लगा है इस प्रतिमा को बनाने में देश के महापुरुषों को उचित सम्मान भाजपा ही सिर्फ दे सकती है।

## विश्रामपुर प्रखंड के घासीदाग पंचायत में जलमीनार मरम्मती के नाम पर की गई फर्जी निकासी



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला के विश्रामपुर प्रखंड स्थित घासीदाग पंचायत में वित्त आयोग की राशि में लूट मची है। वित योजना मद की राशि से पंचायत क्षेत्र में लगाए गए खराब जलमीनार की बिना मरम्मती कराए हीं राशि की निकासी कर ली गई है। पंचायत की सफल वस्तु व्यवस्थित संचालन को लेकर पंचायत चुनाव संबंध कराए गए साथ ही मुखिया को जिम्मेदारी दी गई। इतना ही नहीं पंचायत में विधि व्यवस्था व सरकारी कार्यों की देखरेख करने को लेकर बतौर सरकारी प्रतिनिधि के रूप में पंचायत सचिव कार्य करते हैं। लेकिन यहां मुखिया और पंचायत सचिव दोनों की साथ गांठ के कारण लाखों रुपए बिना कार्य केवल वाउचर संलग्न कर राशि के निकासी कर ली गई। जंगल की गोद में बसा यह गांव जहां लोगों को शुद्ध जल भी मयस्सर नहीं हो पा रहा। सालों भर लोग बीमार रहते हैं। पंचायत को उपलब्ध कराए गए वित अनुदान मद की राशि से दर्जनों जलमीनार लगवाया गया है। लेकिन सारे जलमीनार कुछ हीं दिनों में खराब हो गए। जिसकी मरम्मती के नाम लाखो रुपए बंदरबांट किए जा रहे हैं। गांव के लोगों ने बताया कि मुखिया और पंचायत सेवक के द्वारा घटिया पंप सेट लगाए गए हैं जो केवल दिखावा मात्र बन कर रह गया है। अगर मुखिया और पंचायत सचिव अपने घरों में लगाए गए पंप सेट क्या इतना हीं घटिया है।

## नाबालिग बेटे ने पिता के सीने में चाकू मारकर की हत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** नावा जयपुर थाना क्षेत्र के पकरिया गांव में हल्की डांट फटकार से नाराज नाबालिक बेटे ने अपने पिता के सीने में चाकू घोंप दिया। आनन फानन में इलाज के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर ले जाने के दौरान रास्ते में उनकी मौत हो गई. गुरुवार को शव का पोस्टपार्टम अस्पताल परिसर में किया गया. मृतक की पहचान छोटू कुमार शर्मा (45वर्ष) के रूप में हुई है, जबकि चाकू घोंपने वाला बेटा 16 वर्षीय कुश कुमार शर्मा है। हत्या के बाद से नाबालिग फरार है। एमआरएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम कराने आए पप्पू कुमार शर्मा ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी. पप्पू के अनुसार दशहरा के दिन छोटू और उसकी पत्नी के बीच विवाद हुआ था. पत्नी मायके चली गई थी। बुधवार की रात कुश कुमार शर्मा को उसके पिता कहा कि तुम्हारी मां मायके चली गई है तुम भी साथ चले जाते. इस क्रम में हल्की डांट फटकार भी लगायी. कुश ने इस मामले को बड़ा बनाते हुए अपने बड़े भाई लव कुमार शर्मा को फोन पर जानकारी दी. लव बाहर रहकर काम करता है. लव ने मोबाइल से अपने पिता से बात की और कुश को डांट फटकार एवं मारपीट करने के बारे में पूछा. इससे पिता ने इनकार करते सामने पूछने की बात कही. इसी क्रम में कुश ने सब्जी काटने वाला चाकू अपने पिता के सीने में घोंप दिया और फरार हो गया।छोटू को इलाज के लिए लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में मौत हो गई। छोटू फर्नीचर बनाने का कार्य करता था. एमआरएमसीएच में छोटू की पत्नी भी शव का पोस्टमार्टम कराने आयी थी। हालांकि महिला अपने बेटे को बेकसूर बताती रही। घटना के बाद से परिवार में शोक का माहौल है।

# शांति और उल्लास पूर्ण माहौल में संपन्न हुआ चट्टी का ऐतिहासिक जतरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** रांची और गुमला जिले के सीमांत स्थित चट्टी का ऐतिहासिक जतरा 26 अक्टूबर को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में लोग जतरा में शामिल हुए और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। जतरा का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि जतरा सामाजिक समरसता का प्रतीक है। आपसी दूरियां को पाटने में जतरा की हमेशा बड़ी भूमिका रही है। जतरा में आयोजित पारम्परिक गीत नृत्य में झारखंड का इतिहास छुपा है। विरासत में मिली इस संस्कृति को जिंदा रखना जरूरी है। इस दौरान आजसू के विधानसभा प्रभारी नीरू शांति एक्का,आजसू के केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, सदस्य अंजू देवी, स्थानीय मुखिया कैली उरांव, उदरंगी मुखिया परमेश्वर महली, दर्जन भर गांव के ग्राम प्रधान, पहान, जतरा आयोजन कमेटी के दूबराज तिवारी, मनोज तिवारी, प्रदीप तिवारी, राजदीप तिवारी, कृष्णा तिवारी, मुकेश तिवारी, कुलदीप तिवारी, लक्की तिवारी, आकाश तिवारी आदि उपस्थित थे। अन्य अतिथियों ने कहा की जतरा से आपसी भाईचारगी भी बढ़ती है। जतरा का मुख्य आकर्षण कमेटी द्वारा आयोजित नागपुरी नृत्य कार्यक्रम और लापुंग से आये सांस्कृतिक खोडहा नृत्य दल था। इसके अलावे विभिन्न गावों से आये खोड़हा नृत्य समूह लोगों का जमकर मनोरंजन किया। कमेटी की ओर से सभी को पुरस्कृत किया गया। पूरा जतरा प्रांगण मांदर और नगाडों की आवाज़ से गुञ्जायमान था। बच्चों और युवाओं ने झूला व अन्य मनोरंजक स्टॉलों का आनंद लिया। मिठाई और अन्य दुकानों में भी भीड़ थी। शांति व्यवस्था में थाना प्रभारी गौतम कुमार,पुलिस के अन्य जवान,पदाधिकारी और कमेटी के लोग अपने दलबल के साथ जुटे थे। जतरा में बड़ी वाहनों के प्रवेश रोकने के लिये चट्टी रांची मुख्य सड़क और चट्टी कैरो सड़क पर बैरीकेटिंग की व्यवस्था की गई थी।

## अरविंद कुमार आयुक्त के सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरविंद कुमार (झा.प्र.से) आज आयुक्त के सचिव पलामू प्रमंडल के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व आयुक्त के सचिव मतियस विजय टोप्पो थे, जिनसे वे पदभार ग्रहण किया। अरविंद कुमार झारखंड प्रशासनिक सेवा के द्वितीय बैच के अधिकारी हैं। इसके पूर्व वे आपूर्ति पदाधिकारी के रूप में हजारीबाग में कार्यरत थे। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल के पदाधिकारियों के साथ आपसी समन्वय व सामंजस्य स्थापित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य होगा।

## बीएलओ के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से चलाई जाएगी प्रौड ऑफ बीएलओ अभियान

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत दिनांक 27 अक्टूबर 2023 को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित है। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री शशि रंजन ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के व्यापक रूप से प्रचार प्रसार एवं बीएलओ के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से दिनांक 27 अक्टूबर 2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे के मध्य विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर विशेष हैश टैग अभियान #Proud OfMyBLO संचालित करने का निर्णय लिया गया है।उपायुक्त पलामू ने जिले के आम नागरिकों, सभी पदाधिकारी, सभी कर्मी, समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधियों से अपील किया है कि उक्त अभियान के दौरान अपने सबंधित मतदान केंद्र पर जाकर वंहा उपस्थित बीएलओ के साथ सेल्फी फ़ोटो लेकर अपने सभी सोशल मीडिया हैंडल पर #proud Of My BLO के साथ पोस्ट करें। साथ ही झारखण्ड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के सभी सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम को टैग करेंगे।

## श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के पाल्हे-जतपुरा में चल रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यज्ञ स्थल के चारो ओर सिर्फ श्रद्धालु ही नजर आ रहे थे। सुबह से ही देश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था जो देर शाम तक चलता रहा। श्रद्धालु यज्ञ मंडप के परिक्रमा के बाद यज्ञ में आये साधु संत का आशीर्वाद लेते रहे। वहीं यज्ञ मंडप में 305 कुंडों पर बैठे यजमानों के आहुति देते हुए स्वाहा की आवाज से क्षेत्र गुंजयमान हो रहा था। वैदिक मंत्रोच्चार से भक्ति का सागर उमड़ रहा था। यज्ञ स्थल पर कई स्थानों पर भजन कीर्तन का दौर लगातार चल रहा है.प्रसाद वितरण केंद्र पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। यज्ञ समिति के वोलेंटियर और पुलिस बल के जवानों को भीड़ नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करना पड़ा. देश के महान संत पूज्य श्री जीयर स्वामी महाराज के सानिध्य में महायज्ञ हो रहा है. महायज्ञ का समापन 28 अक्टूबर को होना है। **वाच टावर से हो रही निगरानी :** महायज्ञ में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़ को देखते हुए पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकस है। यज्ञ मंडप में निगरानी के लिए वाच टावर का निर्माण किया गया है। जहाँ से तमाम गतिविधियों पर पुलिस नजर रख रही है। वही सुरक्षा को लेकर 300 से अधिक पुलिस जवानों को लगाया गया है। साथ ही दर्जनों पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह पुलिस कंट्रोल रूम में बैठकर नजर बनाए हुए हैं। **पूरे दिन शहर में रही जाम की स्थिति :** श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में शामिल होने बड़ी संख्या में लोग देश के विभिन्न क्षेत्रों से श्री बंशीधर नगर पहुंच रहे हैं। जिस कारण सड़क पर गाड़ियों की संख्या काफी बढ़ गयी है। पूरे दिन शहर के सभी सड़को पर जाम की स्थिति रही। सबसे अधिक समस्या यज्ञ स्थल से बजरंग बली मोड़ तक रही। पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। भवनाथपुर रोड, मेन रोड के अलावे गढ़वा की ओर जाने वाली वैकल्पिक अधौरा रोड में भी जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि पुलिस द्वारा संभावित भीड़ को देखते हुए पहले से ही कई रूट को डाइवर्ट किया गया था। शहर के सभी चौक-चौराहों और रोड पर ट्रैफिक को लेकर पुलिस की व्यवस्था की गई है लेकिन सभी सड़को पर हेवी ट्रैफिक रही। **अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद आज, दो मंत्री भी रहेंगे मौजूद :** शुक्रवार को लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के चौथे दिन यज्ञ स्थल पर अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद का आयोजन होगा। धर्म संसद में देश के प्रमुख संत हिस्सा लेंगे। धर्म संसद में कई निर्णय लिए जाएंगे। वहीं धर्म संसद में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में झारखंड के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के अलावे पीएचइडी मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी मौजूद रहेंगे। धर्म संसद का आयोजन 27 अक्टूबर को 12 से शाम 6 बजे तक होगा। धर्म संसद के बाद भजन संध्या का भी आयोजन किया गया है। भजन संध्या में देश के कई प्रमुख भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे।

# ओवर लॉडिंग हाइवा प्रचलन को लेकर ग्रामीणों ने किया नारेबाजी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के अंतर्गत नौड़ीहा बाजार प्रखंड के झरहा ,बलरा,डुमरी रसीदा से ओवरलोडिंग हाइवा का लगातार परिचलन से आक्रोशित ग्रामीणों ने तरीडीह, नामुदाग और शिवपुर गाँव से होकर गुजरने वाली सभी ओवर लोड हाईवा का परिचलन पर प्रतिबंध लगाने को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने राजद जिला अध्यक्ष के नेतृत्व मे सड़क पर उतरकर माईस मालिक व ओवर लोड हाईवा परिचलन के खिलाफ भारी संख्या मे जमकर किया नारेबाजी करते हुए नौड़ीहा बाजार थाना का घेराव कर के ग्रामीणों ने अपनी मांग कर रहे थे ।मौके पर राजद जिला अध्यक्ष श्री मोहन विश्वकर्मा ने कहा कि भूमि का किम खतियान मे जंगल झाड़ी दर्ज़ है उक्त जमीन को फर्ज़ी खतियान के छायाप्रति के आधार पर पत्थर खनन करने के लिए खनन विभाग के अधिकारियों के द्वारा अनुमति दिया गया है। डुमरी कैम्प से सरईडीह तक जाने वाली प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की क्षमता लगभग 10 टन से अधिक नहीं होता है और सिर्फ छोटी वाहन इस सड़क पर चल सकता है । इस सड़क पर लगभग 13 टन का हाइवा और उस हाइवा मे 35-45 टन पत्थर लोड गुजरता है तो निश्चित है कि 6 माह गुजरते -गुजरते ग्रामीणों सड़क का नाम निशान मिट जाता है। उन्होंने कहा कि सड़क के जर्ज़र होने के बाद धूल कण थाना, छत पर सोना,बच्चों के स्कूल जाना और कोचिंग जाने मे भारी समस्या से गुजरना पड़ता है और नौड़ीहा बाजार -नामुदाग जाना दुर्लभ हो जाता है। इस लिए ग्रामीणों ने अपनी कई मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी और थाना प्रभारी को सौंपा।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 292

शुक्रवार

27.10.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जिन्दगी में सबसे ज्यादा खुश वही रहता है, जो कम साधनो में भी खुश रहता है !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर में मुठभेड़, 5 आतंकी ढेर

**नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के माछिल में नियंत्रण रेखा पर पुलिस और सेना द्वारा घुसपैठ विरोधी अभियान के दौरान गुरुवार को पांच लश्कर आतंकवादियों को मार गिराया गया. जम्मू-कश्मीर पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक विजय कुमार के अनुसार, मारे गए आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा के थे.गौरतलब है कि घुसपैठ विरोधी अभियानों में भी पुलिस का उपयोग तेजी से किया जा रहा है, जो पहले विशेष रूप से सेना द्वारा किया जाता था. बताते चलें कि बुधवार को श्रीनगर स्थित 15 कोर के मुख्यालय में जम्मू-कश्मीर और सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों की बैठक हुई थी. बैठक में कश्मीर में विदेशी आतंकियों की भूमिका पर भी चर्चा हुई थी.

### कतर ने 8 भारतीयों को सुनाई मौत की सजा

**नई दिल्ली :** अरब देश कतर ने भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों को जासूसी के आरोप में फांसी की सजा सुनाई है. कतर की इंटेलिजेंस एजेंसी के स्टेट सिक्योरिटी ब्यूरो ने भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अफसरों को 30 अगस्त 2022 को गिरफ्तार किया था. हालांकि, भारतीय दूतावास को सितंबर के मध्य में पहली बार इनकी गिरफ्तारी के बारे में बताया गया. ये सभी भारतीय एक साल से कतर की अलग-अलग जेलों में कैद हैं. भारत सरकार ने इस पर हैरानी जाहिर की है. विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी भारतीयों को छुड़ाने के लिए कानूनी रास्ते खोजे जा रहे हैं. हम कोर्ट के फैसले की डिटेलिंग का इंतजार कर रहे हैं.कतर में जिन 8 पूर्व नौसेना अफसरों को मौत की सजा दी गई है उनके नाम हैं- कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कमांडर पूर्णेन्दु तिवारी, कमांडर सुग्नाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता, कमांडर अमित नागपाल और सेलर रागेश.

### नक्सलियों के ट्रैप में सीआरपीएफ अधिकारी घायल, रांची एयरलिफ्ट

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के कोल्हान जंगल में सर्चिंग के दौरान गुरुवार को नक्सलियों द्वारा बिछाए गए स्पाईक होल की चपेट में आने सीआरपीएफ के एक अधिकारी घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ एवं जिला पुलिस के द्वारा टोंटो थाना क्षेत्र के हाथीबुरु जंगल में भाकपा माओवादी नक्सलियों के विरुद्ध सयुंक्त रूप से सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान सीआरपीएफ के एसआई परविंदर कुमार स्पाईक होल की चपेट में आ गए, जिससे लोहे का सरिया अधिकारी के पैर के आर पार हो गया। घायल अधिकारी को तत्काल सहायता पहुंचाते हुए एयरलिफ्ट कर रांची मेदांता शिफ्ट किया गया है। फिलहाल जंगल में सर्चिंग अभियान जारी है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच संघर्ष लगातार जारी है। नक्सलियों पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षाबलों के तरफ से लगातार सर्च अभियान भी चलाया जाता रहा है। इसलिए नक्सलियों के द्वारा सुरक्षाबलों को टारगेट कर ऐसे ट्रैप बिछाए जाते हैं, जिससे उन्हें नुकसान पहुंचाया जा सके।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

## मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप आज से शुरू

# भारतीय टीम की बेहतर तैयारी : सविता पूनिया

### * भारत और थाईलैंड के बीच हॉकी मैच आज

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची :** रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आज 27 अक्टूबर से 5 नवंबर 23 तक वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन होगा। तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। शुक्रवार को पहला मैच भारत और थाईलैंड के बीच खेला जाएगा। भारत हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया,उप कप्तान दीप ग्रेस इक्का और कोच जेनेके शोपमैन ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को संबोधित किया। भारत हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया ने बताया कि पहले एशिसन गेम्स में अच्छा नहीं कर सके। हमारे सामने चीन था। उसने कैसा खेला, इसके बारे कुछ कहूं इससे बेहतर मेरा कहना है कि निश्चित रूप से हमने अच्छा नहीं खेला। एक बार फिर चीन हमारे सामने होगा। हमारी टीम की तैयारी बेहतर है। भारत में लंबे समय बाद बड़ी प्रतियोगिता हो रही है। ऐसे में हमारी पूरी कोशिश होगी कि हम हमारे परफॉर्मेंस से दर्शकों को संतुष्ट कर सकें। हमारे लिए टीम से ज्यादा महत्वपूर्ण खेल होता है। सविता ने कहा कि हम किस टीम के साथ खेल रहे हैं, इसे महत्वपूर्ण मानने से बेहतर है खेल को महत्वपूर्ण मानें। हमारे लिए मैच महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा मैच रांची में हो रहा है और झारखंड की खिलाड़ी भी इस टीम में हैं. तो उम्मीदें तो है। अपनी बात कहूं तो टीम की हर खिलाड़ी अपना बेस्ट देने को तैयार है। उम्मीदें हैं इस मैदान में आपको कुछ बेहतर ही देखने को मिलेगा।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खेल का उद्घाटन करेंगे : भोला सिंह

झारखंड हॉकी टीम के अध्यक्ष भोला सिंह ने कहा कि यह हम लोगों के लिए खुशी की बात है की पहली बार इतना बड़ा आयोजन रांची में हो रहा है। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसका उद्घाटन करेंगे। विधि व्यवस्था के लिए रांची जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन लगे हुए हैं। किसी तरह के किसी को असुविधा न हो इसके लिए टीम गठित की गई है।पार्किंग की व्यवस्था की गई है।कहीं पर किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है। सभी खिलाड़ी आ चुके हैं ।सभी प्रैक्टिस कर रहे हैं। शुक्रवार से मैच होगा और निशुल्क एंट्री है। लोग समय पर आए और मैच का आनंद ले और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने में सहयोग करें।

### भारतीय टीम में ये हैं खिलाड़ी

भारत के तरफ से जो हॉकी की खिलाड़ी होंगी मुख्य रूप से सविता, बिच्छू देवी गोलकीपर के रूप में शामिल है,रक्षक के रूप में निक्की प्रधान,उदिता, इशिका,दीप ग्रेस एक्का शामिल है। मिड फील्ड लाइन अप में नेहा, नवनीत कौर, निशा, सलीम टेटे, सोनिका, मोनिका ज्योति ,बलजीत कौर, फारवर्ड में लाल रेम्सियानी, संगीता, दीपिका, वंदना और इसके अलावा बैकअप विकल्प में शर्मिला देवी, वैष्णवी विट्ठल को रखा गया है।




### हमारा लक्ष्य है जीत हासिल करना : एक्का

उप कप्तान दीप ग्रेस एक्का ने बताया कि हमें खुशी है कि भारत में हॉकी की मैच हो रही है. झारखंड में हो रहा है इससे और बड़ी खुशी की बात और क्या हो सकती है. हमारा लक्ष्य यही होगा कि हम बेहतर खेले और जीत हासिल करें.क्योंकि जो भी टीमें यहां आई है सभी बेहतर खेलने वाली है। सभी टीमें बेहतर प्रदर्शन करेगी. इसी में खुद को बेहतर प्रदर्शन करना अपने आप में चैलेंज होता है।

### झारखंड के लोगों में हॉकी का क्रेज

झारखंड में इंटरनेशनल टूर्नामेंट पहली बार खेल रहे हैं। लेकिन घरेलू खेल खेले हैं। रांची में 2011 में जब नेशनल गेम खेला था तब से पता है कि झारखंड के लोगों में हॉकी का काफी क्रेज है। यहां के लोग इस गेम को काफी सपोर्ट करते हैं। यह हम सब के लिए अच्छी बात है। रांची में इस तरह का टूर्नामेंट किया जा रहा है यह हम भारतीय टीम के लिए अवसर की तरह है। रांची में गेम होना और यहां के लोगों का सपोर्ट होना हमारे लिए अच्छी बात है। हमारे साथ झारखंड की सलीम,निक्की,सुनीता, ब्यूटी भी शामिल है.लेकिन ब्यूटी को चोट है इसलिए वे नहीं खेल पाएंगी।

### हमारा परफॉर्मेंस पहले से बेहतर होगा मुख्य कोच

मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा कि जब आप खेलते हैं तो निश्चित रूप से आपसे उम्मीदें होती है। बीते कुछ दिनों में हमारा परफॉर्मेंस अच्छा नहीं रहा। पर हमने इससे भी सीखा है। यह जरूरी नहीं कि आप हर गेम जितते हों। मगर यह निश्चित होता है कि आप हम गेम से कुछ न कुछ सीखते हैं। हम हर दिन बेहतर करते हैं। हम इस गेम को लेकर काफी आशान्वित हैं। निश्चित रूप से हमारा परफॉर्मेंस पहले से बेहतर होगा।



### 31 को पलामू आयेंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

**मेदिनीनगर :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 31 अक्टूबर को मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में बेरोजगार युवाओं को ऑफर लेटर देंगे। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजन कराने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन काफी सक्रिय है। इसी के निमित उन्होंने गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में जिला स्तरीय विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक की। उन्होंने सभी पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपा। 31 अक्टूबर के दिन मुख्यमंत्री पलामू प्रमंडल अंतर्गत कौशल विकास के तहत चार हजार से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर सौंपेंगे। वहीं नियोजन विभाग के तहत 600 से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर दिया जायेगा। उन्होंने भवन निर्माण के अभियंता को स्टेज की गुणवत्ता व चियांकी हेलीपैड पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। नगर आयुक्त को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सभी तैयारी को फुल प्रूफ करने को लेकर संबंधितों को निर्देश दिये। उन्होंने रुट लाइनिंग, सेफ हाउस, ट्रैफिक मैनेजमेंट, क्राउड मैनेजमेंट, वाहन पार्किंग, विधि-व्यवस्था सहित अन्य बिंदु पर विभिन्न निर्देश दिये।

*** 5 हजार युवाओं को देंगे ऑफर लेटर**

# कर्नाटक : खड़े ट्रक में घुसी कार, 12 की मौत



एजेंसी

**बंगलुरु :** कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर जिले में गुरुवार को रोड एक्सीडेंट में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. जानकारी के मुताबिक यह एक्सीडेंट सुबह 7.15 बजे बेंगलुरु-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर हुआ. पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना चिक्कबाल्लापुर शहर के जिला मुख्यालय के बाहरी इलाके में हुई. सूत्रों ने बताया कि एसयूवी बागेपल्ली से चिक्कबाल्लापुर जा रही थी तभी चालक ने सड़क पर खड़े एक टैंकर में टक्कर मारी दी जिससे चार महिलाओं समेत 12 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई. उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसका नजदीकी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है.इससे पहले तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई में भी 23 अक्टूबर 2023 को देर रात अंधानूर बाईपास पर ऐसा हादसा हुआ था. जिसमें कार के बीच एक कार और सरकारी बस की टक्कर हो गई थी जिसमें छह लोगों की मौत हो गई.इस टाटा सूमों में 10 लोग बैठे हुए थे जो तिरुवन्नामलाई से बेंगलुरु जा रहे थे तभी सेंगम के पास एक सरकारी बस से उनकी टक्कर हो गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सेनगाम सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है. पुलिस ने कहा, हम इस मामले की जांच कर रहे हैं कि आखिर एक्सीडेंट कैसे हुआ. कर्नाटक और तमिलनाडु में हुए इन दो दुर्घटनाओं में एक समानता है कि दोनों ही सुबह के वक्त हुए थे.

# प्रधानमंत्री ने शिरडी में 7500 करोड़ की विकास परियोजनाओं की रखी आधारशिला

एजेंसी

**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के शिरडी में लगभग 7,500 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और शुभारम्भ किया। श्री मोदी ने स्वास्थ्य, रेल, सड़क, तेल और गैस जैसे क्षेत्रों में विकास कार्यों की शुरुआत की। सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना की भी शुरुआत की। इस योजना से महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 86 लाख से अधिक लाभार्थियों को प्रत्येक वर्ष 6000 रुपये अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराई जायेगी।इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों का कल्याण डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ-साथ बजट बढ़ाने की भी जानकारी दी। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया



कि सरकार किसानों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि 7 साल में न्यूनतम समर्थन मूल्य के अन्तर्गत साढ़े 13 लाख करोड़ रुपये का अनाज खरीदा गया, जबकि पिछली सरकार के कार्यकाल में यह आंकड़ा महज साढ़े तीन लाख करोड़ था।2014 के बाद एक लाख 15 हजार करोड़ रुपये के तिलहन और दालों की खरीद की गई।उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण से भ्रष्टाचार समाप्त हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना शुरू की और इसके अन्तर्गत देशभर के करोड़ों छोटे किसानों को 2 लाख 60 हजार करोड़ रुपये दिए गए।उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के छोटे किसानों के बैंक खातों में भी 26 हजार करोड़ रुपये सीधे हस्तांतरित किये गये हैं।

पीएम मोदी ने किसानों के संबंधित मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा,महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ नेता केंद्र सरकार में कई वर्षों तक कृषि मंत्री रहे हैं,वैसे व्यक्तिगत रूप से मैं उनका सम्मान भी करता हूं लेकिन उन्होंने किसान के लिए क्या किया? सात साल के अपने कार्यकाल में उन्होंने देशभर के किसानों से सिर्फ,ये आंकड़ा याद रखना,सात साल में देशभर के किसानों से सिर्फ साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये का एमएसपी पर अनाज खरीदा, जबकि हमारी सरकार सात वर्षों में एमएसपी के रूप में इतने ही समय में साढ़े तेरह लाख करोड़ रुपये किसानों को दे चुकी है.

# इंडियन ऑयल ने रेफरेंस फ्यूल का शुरू किया उत्पादन

### * ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में भारत का बड़ा कदम

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने भारत में रेफरेंस फ्यूल का उत्पादन शुरू कर दिया है. इसे आत्मनिर्भर भारत अभियान का एक अहम पड़ाव माना जा रहा है.ऑटोमोबाइल के रिसर्च के लिए इस्तेमाल होने वाले इस उच्च कोटि के ईंधन को अब तक भारत आयात करता था.इंडियन ऑयल की तरफ से बनाया जा रहा रेफरेंस फ्यूल पेट्रोल और डीजल दोनो वेरिएंट में उपलब्ध होगा. इस ईंधन को गाड़ियों की टेस्टिंग, इंजन कैलीबेरेशन और सर्टिफिकेशन में इस्तेमाल किया जाता है.गैसोलिन (पेट्रोल) रेफरेंस फ्यूल का उत्पादन पारादीप रिफाइनरी में होगा, जबकि डीजल रेफरेंस फ्यूल का उत्पादन पानीपत रिफाइनरी में होगा. अभी तक भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री बेहद महंगे रेफरेंस फ्यूल को अमेरिका या यूरोप से खरीदती रही हैं. अब भारत में इसका उत्पादन होने से न सिर्फ आयात पर निर्भरता खत्म होगी, बल्कि भारत दूसरे देशों को रेफरेंस फ्यूल का निर्यात भी कर सकेगा.इस अहम मौके पर केंद्रीय




पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे. उन्होंने इसे ऐतिहासिक मौका बताया. केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा,अब तक 3 देश ही रेफरेंस फ्यूल का उत्पादन करते थे. भारत चौथा देश है, जो रेफरेंस फ्यूल बनाने में सक्षम है. बता दें कि रेफरेंस फ्यूल बेहद उच्च कोटि का ईंधन होता है, जो सामान्य या प्रीमियम पेट्रोल या डीजल से काफी बेहतर होता है. गाड़ियों के इंजन के रिसर्च के लिए दुनिया भर में वाहन निर्माता कंपनियां इसका इस्तेमाल करती हैं.

ऐसे में भारत के पास इसके निर्यात का एक अच्छा मौका है.इंडियन ऑयल के अधिकारियों ने बताया है कि भारत गैसोलिन और डीजल रेफरेंस फ्यूल 200 लीटर के ड्रम पैक में उपलब्ध होगा.

### सारी दुनिया का धर्म एक, : मोहन भागवत

**सहारनपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि सारी दुनिया का धर्म एक है, जबकि पंथ तथा संप्रदाय अलग हो सकते हैं। धर्म सभी को जोड़कर रखता है। धर्म का अंत होगा तो सृष्टि समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया भर को धर्म की राह दिखा रहा है। हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करता है। डॉ. भागवत ने सहारनपुर के सरसावा में गुरुवार को श्रीकृष्ण ज्ञान मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. भागवत ने कहा कि धर्म शाश्वत है। धर्म का अंत होगा तो सृष्टि भी समाप्त हो जाएगी।

### अमेरिका में भीषण गोलीबारी, 22 की मौत, 50 घायल

**वाशिंगटन (एजेंसी):** अमेरिका के मेन राज्य के लेविस्टन शहर में बुधवार देर रात सामूहिक गोलीबारी की घटना में 22 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, घटना के बाद संदिग्ध हमलावर फरार है, जिसकी तलाश जारी है। सुरक्षा अधिकारियों ने राइफल के साथ संदिग्ध हमलावर की दो तस्वीरें फेसबुक पर साझा की हैं और संदिग्ध की पहचान करने में जनता से मदद की अपील की है।

असर्फी कैंसर संस्थान

हर प्रकार के कैंसर का इलाज़ अब धनबाद में

कैंसर रोग विशेषज्ञों की टीम

Dr. Ramesh Kumar
MD, DNB
Medical Oncology

Dr. Shibaji Basu
MS, MCh
Onco.Surgery

Dr.Biplab Mishra
MBBS, DNB
Radiation Oncology

Dr Vivek Dokania
MS ( ENT), Fellowship
In Head & Neck Onco. Surgery.

दिन : सोमवार से शनिवार

समय : सुबह 10 बजे से 4 बज़े तक

9297970030

Asarfi Educity,Ranguni,Bhuli Rd. Dhanbad-828105

# भव्य व आकर्षक रावण दहन कार्यक्रम में उमड़ी भीड़




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** दशहरा समिति टाटीसिलवे राँची द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयादशमी दिनांक 24 अक्तुबर को रावण दहन का भव्य कार्यक्रमआयोजित किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ के झारखंड प्रांत प्रचारक माननीय गोपाल शर्मा, विशिष्ट अतिथि एस बी यू के कुलपति गोपाल पाठक, आर यू के पूर्व राजिस्ट्रार डॉक्टर अमर कुमार चौधरी,एस आर एस पार्क के निदेशक हरनाम सिंह,विभाग प्रचारक मंटू जी,भा ज पा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार,ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो अतिथि के रूप मे जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा,उप प्रमुख विना कुमारी मुखिया कृष्णा पाहन,नूतन पाहन,डॉली मुंडा,सुनीता देवी, समाजसेवी संजीत कुमार ,चंदन मिश्र,थाना प्रभारी महेंद्र करमाली इत्यादि गण मान्य लोग उपस्थित थे। आगत अतिथियो का स्वागत अंक वस्त्र एवम प्रतिक चिन्ह देकर किया गया। मुख्य अतिथि एवम विशिष्ट अतिथि के द्वारा तीर चलाकर अहंकार रूपी रावण के पुतले का दहन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रभु श्री राम के आदर्श को अपना कर अपने अंदर के बुराई,पाप, असत्य,अहंकार को मारना होगा। इस कार्यक्रम का मुख्यआकर्षक मर्दानी झूमर, छऊ नृत्य, पैका नृत्य, एवं नगाड़ा पार्टी , बच्चियों द्वारा गरबा नृत्य ,जमीनी एवम आकाशीय रंग बिरंगी आतिशबाजी,रावण एवम कुंभ करण का पुतला हजारो दर्शको का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।

कार्यक्रम को सफल बनाने मे पदाधिकरी एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्य डॉक्टर प्रदीप वर्मा,श्री शंकर प्रसाद, श्री मनोरंजन मिश्रा, श्री राजेन्द्र प्रमाणिक, श्री मनेश महतो, श्री गोविन्द महतो, श्री उमेश प्रसाद, श्री रासेश्वर नाथ मिश्रा,श्री ब्रजेश सिंह, श्री लखिन्द्र महतो ,श्री मंगल गुप्ता, श्री अमरेन्द्र सिंह,श्री संजय प्रसाद, श्री बसंत मिश्रा, श्री राजु पाठक, श्री उद्धव चन्द्र महतो, श्री प्रज्जवलित पाण्डे,राजू पाठक,

## विधायक ने विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बुधवार के दिन स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने विधायक निधि से विभिन्न योजनाओं की आधारशिला रखी। सुलुमजुड़ी गांव में 500 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का एवं पायराटांग में 250 फीट पीसीसी निर्माण कार्य का आधारशिला रखा गया। इसी क्रम में झारखंड सरकार डीएमएफटी मद अंतर्गत छोटामुरी पंचायत के कोकोरना गांव में पीएससी एवं सोकफीट निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। सभा को संबोधित करते हुए सिल्ली विधायक ने कहा कि सिल्ली विधानसभा पुनः विकास के पथ पर अग्रसर हो चुका है और समाज के अंतिम लोगों तक बुनियादी सुविधाओं को पहुंचाने का मेरा प्रयास जारी रहेगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणु बाला, पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार, बृजेश प्रसाद, लक्ष्मण महतो, संजय सिद्धार्थ समेत सभी ग्रामवासी मौजूद रहे।

# 30 और 31 अक्टूबर को लगेगा मुड़मा जतरा, एसडीएम रांची ने तैयारी को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** 30 और 31 अक्टूबर को लगनेवाले मुड़मा जतरा की तैयारी को लेकर रांची जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। दो दिवसीय मेले के सफल आयोजन को लेकर मुड़मा में जिला प्रशासन की ओर से एक बैठक भी आयोजित की गयी। इस दौरान एसडीएम ने मेले की प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मेला को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को कई निर्देश दिए। बैठक में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी मौजूद रही। एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मेले में बिजली, पानी, चिकित्सा, परिवहन और अन्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित विधि-व्यवस्था बनाए रखने की तैयारियों पर चर्चा की गयी।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष मुड़मा मेले में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी होगी। यहां सभी नागरिक सुविधाएं बहाल की जाएंगी ताकि मेले में आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।

शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों के अलावा भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किये जायेंगे। बैठक में धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने भी जतरा संचालन और जतरा में होने वाली समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। मौके पर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, ग्रामीण एसपी, खलारी डीएसपी, सीओ विजय हेमराज खलखो, थाना प्रभारी विनय कुमार यादव सह विभिन्न विभागों के अधिकारी, अनिल उरांव, जतरू उरांव, रंथू उरांव आदि उपस्थित थे।

## सारजमड़ीह बड़ा तालाब में देवी दुर्गा का विसर्जन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के सारजमडीह बड़ा तालाब पर देवी दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन सह रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किगा गया। हर वर्ष कार्यक्रम का आयोजन राधा रानी सार्वजनिक मंदिर समिति करती है। इस अवसर पर बड़ा तालाब पर दुर्गा सहित अन्य प्रतिमाओं का विधि पूर्वक विसर्जन कर लोगों ने नम आँखो से माता को भावभीनी बिदाई दी। हजारों लोग मेला देखने पहुंचे और मेला का लुफ्त उठाया। लोग करीब 60 फिट ऊँचे रावण दहन पर आतिशबाजी को देख मंत्रमुग्ध हो गए। अजंबर सिंह मुंडा,संतोष कुमार गुप्ता और अमृतेश पाठक ने संयुक्त रूप से आग जलाकर रावण का दहन किया। वक्ताओं ने कहा की आज हमारे अंदर के रावण को खत्म कर स्वच्छ समाज का निर्माण करना है। इससे पूर्व सैकड़ों महिलाओं द्वारा पंडाल परिसर में सिंदूर खेल का आयोजन किया गया। माँ दुर्गा सहित अन्य प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया गया। मेला को सफल बनाने में मुखिया प्रतिनिधि ललित कृष्ण मुंडा पं स स दानी सिंह महतो , ललित कृष्णा, ललित गुप्ता, कन्हाई सिंह मुंडा,शशि भूषण सिंह मुंडा,दुलाल दास,अजम्बर सिंह मुंडा आदि का सारानीय योगदान रहा।

# कोयलांचल में नम आंखों से दी गई मां दुर्गा को विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको के पूजा पंडालो मे स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का गाजे-बाजे के साथ विसर्जन किया गया।इसके साथ ही दस दिनों तक चलने वाले दशहरा पर्वोत्सव का समापन हो गया।गुरूवार को विसर्जन के लिए पंडाल से मां दुर्गा को निकाल कर विसर्जन वाहन पर रखते ही श्रद्धालु महिलाओं की भारी भीड़ ने नम आंखों से मां दुर्गा की विदाई की।इस अवसर पर मां को खोईछा देते हुए सुहागिन महिलाओं द्वारा सिंदुर को प्रसाद के रुप में नाक से लेकर मांगों तक लगाया गया।मां दुर्गा की प्रतिमा के पंडाल से निकलते वक्त एक ओर जहां पंडाल सुना सा पड़ गया वहीं दूसरी ओर पुरा वातावरण मां दुर्गा के जयकारों से गूंज रहा था। इसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ गाजे बाजे से मां दुर्गा का विसर्जन जुलूस निकला जो बचरा काली मंदिर होते हुए चार नंबर बसंत बिहार कालोनी तक पहुंचा। बसंत बिहार कालोनी से भ्रमण के बाद सपही नदी झुला पुल स्थित घाट पर विसर्जित कर दिया गया।जुलुस में भारी संख्या में महिलाओं एवं युवकों ने भाग लिया जो पुरे रास्ते डीजे की धुन पर डांस करते हुए मां का जयकारा लगा रहे थे।

विसर्जन जुलूस में पिपरवार पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।इस प्रकार अगले साल मां दुर्गा फिर से आए,इसी कामना के साथ बचरा में दस दिनों तक चलने वाले दशहरा मेला एवं उत्सव का शांतिपूर्ण ढंग से समापन हो गया। इधर दुसरी ओर बेंती दुर्गा पूजा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का नगर भ्रमण के साथ विसर्जन किया गया।इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए।मौके पर जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव, बेंती मुखिया सरिता देवी,उप मुखिया किरण कुमारी, पंचायत समिति कुमारी अनुप्रिया,दुर्गापूजा के अध्यक्ष हरिनारायण गंझू,समाजसेवी रोहन गंझू,पुजारी ललित ठाकुर,राजेश प्रजापति,दुर्गा पासवान,प्रेम ठाकुर,गणेश भुईयाँ,बैजनाथ प्रजापति, लखन साव, संतोष केशरी, जयराम भुईयाँ,सिकेन्दर प्रजापति, बासुदेव गंझू,सेवक गंझू, हेमराज प्रजापति, राहुल केशरी, रोहित केशरी, आदित्य केसरी, सीताराम साव, अभय केशरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़

सूचना

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ अन्तर्गत जल जीवन मिशन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति रामगढ़ अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा आधारित SBM cum SLBM Cooridinator, MIS Cooridinator एवं IEC Cooridinator के पद पर नियुक्ति हेतु प्रारंभिक मेधा सूची एवं आपत्ति दर्ज करने की तिथि दिनांक 02.11.2023 तक eedwsd.ramgarhrecruitment2@gmail.com पर दर्ज कराया जा सकता है। प्रारंभिक मेधा सूची का प्रकाशन NIC Ramgarh पर देखी जा सकती है।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।

PR.NO.309940 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू
Email – dddopalamu@gmail.com Mobile No- 8210813662

आवश्यक सूचना

मुख्य अनुदेशक, प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, राँची के पत्रांक– 562, दिनांक– 07.10.2023 के आलोक में पलामू जिला के वैसे पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि जिनके पास दुधारू मवेशी के क्रय–विक्रय का अनुभव नहीं है, यद्यपि वे न्यूनतम तीन वर्षों से दुधारू मवेशी यथा गाय/भैंस पालन करते हों एवं दुधारू पशु आपूर्तिकर्ता के रूप में सूचीबद्ध होने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हों, वे अपना आवेदन पत्र दिनांक– 02.11.2023 तक जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू में समर्पित करना सुनिश्चित किया जाय।

**चयन निम्नवर्णित अर्हता के अनुरूप किया जायेगा।**

1. पशुपालक झारखण्ड के स्थायी निवासी होना चाहिए।
2. पशुपालक को व्यस्क एवं साक्षर होना चाहिए।
3. उनके पास 10 डी0 जमीन होना चाहिए।
4. तीन महीने के अंदर 20 दुधारू गाय/भैंस का आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।

इच्छुक पशुपालकों से अनुरोध है कि दुधारू पशु आपूर्तिकर्ता के रूप में सूचीबद्ध होने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अपना आवेदन पत्र निर्धारित तिथि दिनांक– 02.11.2023 तक जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू में समर्पित करेंगे।

**नोट**–विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू में कार्य अवधि में सम्पर्क कर सकते हैं।

PR.NO.309877 Animal Husbandry(23-24):D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू।


## अब जीटीपीएल केबल नेटवर्क से टीवी चैनल देख सकेंगे खलारी के लोग

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी-मैकलुस्कीगंज के लोग अब जीटीपीएल केबल नेटवर्क से टीवी चैनल देख सकेंगे.22 अक्टूबर से खलारी में जीटीपीएल केबल नेटवर्क शुरू हो गया है. विगत करीब 15 साल से खलारी मैकलुस्कीगंज क्षेत्र के एक हजार से अधिक लोग एमसीएन केबल नेटवर्क के माध्यम से अपने घरों टीवी चैनल देखते आ रहे थे. परंतु एमसीएन केबल नेटवर्क से असंतुष्ट खलारी मैकलुस्कीगंज क्षेत्र के केबल आपरेटरों ने जीटीपीएल केबल नेटवर्क का साथ पकड़ लिया. आपरेटरों ने बताया कि जीटीपीएल केबल नेटवर्क पूरे देश के विभिन्न शहरों में सेवा दे रहा है. बताया कि जीटीपीएल केबल नेटवर्क सभी उपभोक्ताओं को कम दर पर फुल एचडी पिक्चर क्वालिटी देगा.अभी केडी, खलारी, बाजारटांड़, करकट्टा, धमधमिया, मैकलुस्कीगंज सहित 700 से अधिक उपभोक्ताओं के सेटअप बाक्स बदले जा चुके हैं. बताया जा रहा है कि जल्द की कोयलांचल के अन्य क्षेत्र के केबल आपरेटर भी जीटीपीएल केबल नेटवर्क से जुड़ जाएंगे और खलारी कोयलांचल के सभी उपभोक्ता कम दर पर बेहतर पिक्चर क्वालिटी के साथ अपने टीवी पर सभी चैनल देख पाएंगे.

## असहाय वृद्ध महिला को इलाज के लिए आरपीआई अंबेडकर के श्याम जी महतो ने पंहुचाया अस्पताल

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अंबेडकर के जिला संगठन सचिव श्याम जी महतो अपने सहयोगी के साथ 75 वर्षीय असहाय वृद्ध महिला चदरा धौडा निवासी रतनी भूईयां का हाथ टूट जाने पर डकरा रिजनल हास्पीटल ले जाकर प्राथमिक इलाज करवाया. इलाज के दौरान हास्पीटल के डाक्टरों ने बताया कि रतनी भूईयां का हाथ टूट गया है जिसका आपरेशन करना अनिवार्य है जिसके लिए रांची रिम्स ले जाने की आवश्यकता है. वहीं हास्पीटल में रतनी का कच्चा प्लास्टर कर दिया गया.मौके पर श्याम जी महतो ने क्षेत्र के सभी जन प्रतिनिधियों, रैयत विस्थापित तथा सामाजिक प्रतिनिधियो से अपील किया है कि डीएमएफटी मद से सीसीएल रिजनल हास्पीटल की व्यवस्था को और बेहतर किया जाए ताकि यहां के रैयतो, विस्थापितो, गरीब असहाय लोगों का इलाज खलारी में ही की जाए क्योंकि मानवता की सेवा में ही ईश्वर की सेवा है. उन्होंने कहा कि जब डीएमएफटी फंड अपना है तो हम असहाय क्यों है. डकरा रिजनल अस्पताल में सभी तरह की सुविधा हो उपलब्ध होना अति आवश्यक है.

## खेलो झारखंड स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चार खिलाड़ियों का हुआ चयन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय की चार एथलेटिक्स खिलाड़ियों का खेलो झारखंड स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के सचिव सह संस्थापक गणेश कुमार महतो ने बताया कि रांची मे 28 अक्टुबर से 30 अक्टुबर तक होने वाले खेलो झारखंड स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए गणेश स्पोटिंग क्लब राय के चार बालिका एथलेटिक्स खिलाड़ियो का चयन किया गया है।चयनित होने वाले गणेश स्पोटिंग क्लब राय के एथलेटिक्स खिलाड़ियो मे रानी कुमारी,अनोखी कुमारी, रूबी कुमारी एवं सीमा कुमारी का नाम शामिल है।उक्त बालिका एथलेटिक्स खिलाड़ियो के चयन पर गणेश स्पोटिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने उज्वल भविष्य कामना की है,साथ ही बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करने की अपील की है।उन्होंने कहा कि चयनित सभी खिलाड़ी एथलेटिक्स में काफी शानदार प्रदर्शन करते आ रहे हैं और कई मेडल प्राप्त कर कोयलांचल का नाम रोशन कर चुके हैं।

# विधायक ने बहुप्रतीक्षित दलकीड़ीह सड़क का शिलान्यास किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** बुंडू प्रखंड अंतर्गत बहुप्रतीक्षित बुंडू सोनाहातु मुख्य सड़क से दलकीड़ीह गांव को जोड़ने वाली सड़क का आज स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। ज्ञात हो की 42 लाख से बनने वाली पीसीसी पथ का निर्माण कार्य जिला अनाबद्ध निधि से कराया जाएगा। वहीं मौके पर स्थानीय ग्रामीणों की समस्यायों को विधायक ने गंभीरता के साथ सुना और त्वरित रूप से सामाधान करने का निर्देश संबंधित विभागी के अधिकारियों को दिया।गांव वालों को संबोधित करते हुए विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहा कि मुख्य सड़कों से गांव और टोला मोहल्ला को जोड़ने के लिए सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। सरकार ग्रामीण के अनुरूप विकास की योजना चल रही है। ज्ञात हो की सोनाहातु बुंडू सड़क से दलकीड़ीह नीचे टोली तक बनने वाली इस पीसीसी पथ की कुल लंबाई 1900 फीट होगी।बनने वाली पीसीसी होगी। इस मौके पर कालेश्वर मुंडा ,उमेश महतो , रोहित महतो, प्रदीप मुंडा, गुड्डु जायसवाल, अरविंद कुमार, मोनू जायसवाल, बाला महतो, प्रदीप महतो, गुला महतो, मुन्ना महतो ,मालिन महतो, बसु सेठ, कुलदीप महतो आदि मौजूद थे।

## विधायक ने रावण तो बीडीओ एवं थाना प्रभारी ने मेघनाथ के पूतले का दहन किया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति सह रावण दहन समिति सिदरौल जोड़ा मंदिर के तत्वावधान में सिदरौल बाजार में भव्य रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने रावण, विशिष्ट अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, नामकुम थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ,जिप सदस्य बिपिन टोप्पो ने मेघनाथ एवं भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, सिदरौल पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कुमारी, कांग्रेस प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी , भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर , आजसू नेता प्रकाश लकड़ा ने कुंभकर्ण के पूतले का दहन किया। समिति के द्वारा 1 घंटे तक आकर्षक आतिशबाजी की गई। सफल आयोजन में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बालकेश्वर सिंह, रावण दहन समिति के अध्यक्ष अशोक नायक, हेमंत लोहार, सुनील साहू,मोगो भगत, दिलीप मुंडा,सुंदर राम, आर्यन मुंडा, दिनेश सिंह आदि ने सहयोग किया।

## सन्नी टोप्पो ने मृतक के परिवार को किया आर्थिक सहयोग किया

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बेडो बस्ती निवासी मृतक सूरज बड़ाईक के परिजनो से गुरुवार को भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो के प्रतिनिधि मिले। मौके पर महादेव कुजूर,रंजन गुप्ता, रमेश भगत,बुदू उरांव व बिमल भगत मृतक सूरज बड़ाईक के घर जाकर आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए परिवार के लोगो को ढांढस बंधाया। साथ ही खाद्य सामग्री सहयोग किया। प्रतिनिधि महादेव कुजुर ने कहा कि आप के हर सुख-दुःख में सदैव आपके साथ खड़ा हूं। मौके पर मृतक की मां लीलवा देवी,पूनम देवी,सरिता देवी,प्रतिमा देवी,संगीता देवी, विनय टोप्पो, राहुल गोप मौजूद थे।

## बेड़ो के नये अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने प्रभार ग्रहण किया

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):**अंचल के नये अंचाधिकारी प्रताप मिंज ने गुरूवार को पदभार ग्रहण किया। पूर्व सीओ सुमंत तिर्की ने नये सीओ को प्रभार सौंपा। मौके पर नये अंचाधिकारी प्रताप मिंज ने कहा कि बेड़ो अंचल क्षेत्र में किसी भी तरह का मामला हो आम नागरिक मुझसे सिधे संपर्क कर सकते हैं, मैं यथा संभव नियम संवत हल करने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर ज्ञात हो कि पूर्व सीओ सुमंत तिर्की का स्थानांतरण कोडरमा जिला में एलआरडीसी के पद पर हो गया है। मौके पर प्रधान सहायक फारुख नदीम, कनीय अभियंता मो सद्दाम, बीपीओ संजय तिर्की, मनोरंजन देघारिया, मुकेश उरांव समेत अंचल कर्मी मौजूद थे। वहीं सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, पूर्व जिपस मनोज लकड़ा, रसीद मीर, लीला मुंडा, बुधराम उराँव ने बुके देकर स्वागत किया।


न्यायालयः–प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

उपस्थिति सूचना

वन अपराध में जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में नीचे वर्णित अधिहरण वाद की सुनवाई दिनांक 09.11.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित है।

अतः जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य से संबंधित स्वामी/व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होकर (स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से) अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। इसे अंतिम अवसर समझें। अनुपस्थित रहने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।

| क्र0 सं0 | वनवाद संख्या | अधिहरण वाद संख्या | वन अपराध में जप्त वन पदार्थ एवं अन्य | घटना स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 01 | C 97/2023 | 09/2023 | साल बोटा– 23 पीस | बान्दु सुरक्षित वन |
| 02 | C 241/2023 | 11/2023 | जलावन – 06 टन लगभग | बान्दु सुरक्षित वन |
| 03 | C 282/2023 | 12/2023 | सीधा बोटा– 17 पीस | फकीराडीह सुरक्षित वन |
| 04 | C178/2023 | 14/2023 | साल चौपहल– 03 पीस | कठौतिया सुरक्षित वन |
| 05 | C 188/2023 | 17/2023 | साल सूट – 135 पीस, साईकल – 5 पीस, टांगी – 2 पीस | खजुरी सुरक्षित वन |
| 06 | C720/2023 | 19/2023 | कहुआ (अर्जुन) जलावन – 2 क्विंटल लगभग | बोड़ी सुरक्षित वन |
| 07 | C 406/2023 | 22/2023 | साल बोटा – 16 पीस | दुधवल सुरक्षित वन |
| 08 | C 427/2023 | 23/2023 | 2 क्विंटल साल, आसन, भरहुल प्रजाति की लकड़ी | गड़िया सुरक्षित वन |
| 09 | C 512/2023 | 24/2023 | हरा साल सुट – 16 पीस, टांगी – 2 पीस, साईकल – 2 पीस | जमौति सुरक्षित वन |
| 10 | C 1645/2023 | 27/2023 | (1)मोटरसाईकिल Hero HF Deluxe – UP64AJ - 3471, (2) 1 साईकल एवं (3) 5 पीस साल चौपहल | चिनियाँ |
| 11 | रंका थाना कांड सं0 – 72/2023 | 16/2023 | पिकअप – JH03AH – 1582 एवं सखुआ बोटा – 12 पीस | चुतरू बाजार टाँड़ |
| 12 | C 1481/2023 | 26/2023 | मारूति सुजुकी ओमनी भैन CG08 – 0845 एवं साल चौपहल – 8 पीस। | भण्डरिया – रमकण्डा मुख्य मार्ग |
| 13 | C 1035/2023 | 13/2023 | पटरा – कुल 49 पीस, सिकंजा – 1 पीस, हार्वेस्ट डीजल ईंजन – 1 पीस, बड़ा – आरा – 1 पीस, छोटा–आरा – 1 पीस, पट्टा – 1 पीस | बघवार |

PR 309875 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## साकची धालभूम क्लब में मारवाड़ी महिला मंच का डांडिया धमाल नाइट आज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा का डांडिया धमाल नाइट शुक्रवार 27 अक्टूबर को धालभूम क्लब साकची में होने जा रहा हैं। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। कार्यक्रम में एंट्री कूपन द्वारा प्रवेश होगा। इस संबंध में गुरूवार को मंच की अध्यक्ष बीना अग्रवाल और प्रेस प्रवक्ता सुशीला खिरवाल ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि प्रवेश कूपन के लिए 9304833999, 8809270107, 7858016351, 9431952424 इन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता हैं। उन्होंने बताया कि डांडिया धमाल नाइट कार्यक्रम शुक्रवार की संध्या 06 बजे से शुरू होगा। जिसमें पुरूस्कारों की बारिश होगी। इसमें शामिल होने के लिए उम्र की कोई बाधा नहीं हैं। ग्रुप ए में 5 से 15 वर्ष, ग्रुप बी में 16 से 25 वर्ष, ग्रुप सी में 26 से 40 वर्ष, ग्रुप डी में 41 से 50 वर्ष और ग्रुप ई में 50 वर्ष से उपर के लोग शामिल होगें। सभी ग्रुप में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार समेत ओपन डांडिया पुरस्कार भी 10 लोगों को दिया जायेगा।

## आगामी चुनाव में सभी सीटों पर एपीआई अपनी नितियों के दम पर चुनाव मैदान में उतरेंगा : रामहरि

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया के झारखंड प्रदेश कमेटी का बैठक राजधानी रांची में एक दिवसीय बैठक हुई समापन हुई। एपीआई के सिंहभूम लोकसभा प्रभारी रामहरी गोप के नेतृत्व में सदर विधानसभा प्रभारी मंगल सिंह सुंडी, पूर्व प्रत्याशी विश्व विजय मार्डी, खरसावां से देव चरण बानरा संजय सोय बैठक में शामिल हुए। रामहरि गोप ने बताया कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी सभी सीटों पर एपीआई के नितियों के दाम पर चुनाव मैदान में शामिल होंगे। बैठक में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए हुए कई नए लोगों ने पार्टी के नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ली।

## विधायक के पहल पर ईचागढ़ विधानसभा के 12 सड़कों का निकला टेंडर

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ विधायक सविता महतो के प्रयास से ईचागढ़ विधानसभा के 12 महत्वपूर्ण सड़कों का टेंडर निकला। जिसमें नीमडीह प्रखंड के रामनगर बांदु पथ से हेवन से लावा होते हुए अण्डा तक पथ का सुदृढ़ीकरण, कुकड़ू प्रखंड के रुपरु से सीरुम तक पथ का सुदृढ़ीकरण, लेटमदा से जारगो तक का सुदृढ़ीकरण, डेरे से रेलवे लाईन तक का सुदृढ़ीकरण, छातारडीह से जारगो मोड़ भाया महादेबेड़ा तक का सुदृढ़ीकरण तेरह करोड़ चौहतर लाख चौदह हजार सात सौ रुपये व ईचागढ़ प्रखंड में आरईओ रोड से कुंद्रीलोंग ग्राम तक पथ का सुदृढ़ीकरण, कुंद्रीलोंग (भागाबांध) से धातकीडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण, बड़ाआमड़ा से जाहेरडीह भाया सिलदा तक पथ का सुदृढ़ीकरण, गौरांगकोचा से करनडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण, नागासेरेंग से कुटाम तक पथ का सुदृढ़ीकरण, कुटाम से काठघोड़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण, नागासेरेंग बाजार से डूंगरीडीह भाया आमनदीरी सीमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण चौदह करोड़ सैतालिस लाख ईकतीस हजार दो सौ रुपये की लागत से निर्माण होने वाले सड़क का टेंडर निकला। विधायक सविता महतो ने कहा कि ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 12 महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण होने से इसका लाभ जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा उक्त सड़कों का निर्माण होने से ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास की लकीरे दिखेगी।

## सेंट्रल दुर्गा पूजा कमेटी ने मृतक परिवार को 10 लाख व घायलों को 5 लाख रुपए मुआवजे की मांग

**जमशदेपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम सेंट्रल दुर्गा पूजा कमेटी ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान बिष्टुपुर के बोधनवाला घाट पर हुई दुर्घटना के मृतकों वीरेंद्र शर्मा और अभिमन्यू गोराई के साथ ही घायलों के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग की है। सेंट्रल कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां ने कहा कि इस दुर्घटना में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि 5 लोग घायल हो गए थे। घटना के वक्त सेंट्रल कमेटी की टीम ग्रामीण एरिया में पूजा की व्यवस्था देखने गई थी। सूचना मिलते ही वापसी में टीम के लोग टीएमएच पहुंचे और मृतक और घायलों के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान निमाई मंडल, हरि मुखी, मनोज मंडल सहित अन्य मौजूद थे। दुलाल भुइयां ने सरकार से मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख और घायलों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। इसके अलावा जिस वाहन से दुर्घटना हुई, उसके इंश्योरेंस का लाभ दिलाने को लेकर भी प्रयास करने की बात कही। श्री भुइयां ने कहा कि सेंट्रल पूजा कमेटी कॉरपोरेट घरानों से भी सीएसआर के तहत मुआवजा दिलाने की मांग करेंगे। उन्होंने सभी पूजा कमेटियों से भी सहयोग राशि देने की गुजारिश की। कहा कि अगर सभी कमेटियां अगर 1000-1000 रुपए का भी सहयोग करेंगी, तो एक मुश्त राशि से पीड़ित परिवार को काफी मदद मिल जाएगी। उन्होंने प्रशासन से भी सहयोग देने की मांग की है।



## अनियमित राशन वितरण को लेकर ग्रामीणों ने किया बोड़ाम प्रखंड कार्यालय में प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड की छोटाचिड़का गांव के डीलर द्वारा अनियमित राशन वितरण को लेकर भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गुरुवार को बोड़ाम प्रखंड कार्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सीओ को ज्ञापन सौंप कर डीलर के खिलाफ उचित कारवाई करने की मांग की है। भाजपा नेता विमल बैठा ने बताया कि माधवपुर पंचायत के छोटा चिड़का गांव के जनवितरण प्रणाली के डीलर उत्तम कुमार मंडल गोदाम से राशन उठाव करने के बाद कार्डधारियों को समय पर राशन वितरण नही करते हैं। इस संबंध में बोड़ाम सीओ निवेदिता नियति को लिखित शिकायत कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान परेश दत्त, बनमाली बनर्जी, गणेश महतो, हेवेन महतो ,अभिलाष चंद्र महतो, वासन्ती महतो, बिजली महतो, देवी महतो, संतोषी प्रमाणिक, आदि मौजूद थे।

## ईचागढ़ प्रखंड में बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा आज



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर हाइस्कूल मैदान में गुरुवार को सांसद संजय सेठ ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का शुक्रवार को आगमन को लेकर प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम का तैयारी एवं केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। वहीं सांसद श्री सेठ ने कहा कि राज्य सरकार की वादा खिलाफी व केन्द्र सरकार की कार्य योजनाओं को झारखंड सरकार धरातल पर उतारने में असफलता को जनताओं के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी कल ईचागढ़ विधानसभा में संकल्प यात्रा में दहाड़ेंगे, जिसका तैयारी अंतिम चरण में है। वहीं कोल्हान प्रभारी विनोद सिंह ने कहा कि बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा में टीकर मैदान में सुबह 10 बजे कार्यक्रम है और 10 हजार समर्थकों का पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जोर सोर से कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं। मौके पर जिलाध्यक्ष बिजय महतो, जिला महामंत्री राकेश सिंह, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज महतो,जिला उपाध्यक्ष ठाकुर दास महतो, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, जिला युथ उपाध्यक्ष मनोरंजन महतो,मंडल अध्यक्ष फटीक चन्द्र गोराई, भाजपा नेता भूषण चन्द्र मुर्मू, अनिल सिंह, नकूल घोष आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### साकची शीतला मंदिर के मुख्य नौ पंडितों ने लगाया आरोप, बोले

# दुर्गापूजा की आड़ में मंदिर की चहारदीवारी तोड़ दुकान बना लाखों की हो रही उगाही, प्रशासन मौन

### कार्रवाई न हुई तो मंदिर के पुजारी आक्रोश रैली और अनशन तक करने को होगे मजबूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची शीतला मंदिर में दुर्गापूजा की आड़ में मंदिर की चहारदीवारी तोड़कर ज़मीन अतिक्रमण, दुकान बनाकर उससे लाखों रु की उगाही तथा पैसों के लिए मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार पर नशीले पदार्थों का विज्ञापन बोर्ड लगाने का कार्य इन दिनों हो रहा है. उक्त आरोप साकची के एक होटल में पत्रकार सम्मेलन कर मंदिर के मुख्य नौ पंडितों ने लगाया. उनका कहना है कि इसके पीछे मास्टरमाइंड दुर्गापूजा के लाइसेंसी राजू वाजपेयी और धनजी पांडेय हैं. उनके साथ रितेश वाजपेयी, अभिषेक वाजपेयी सहित और भी कई बाहरी तत्व भी हैं, जो न सिर्फ इनके गलत कार्यों में साथ देते हैं, बल्कि विरोध करनेवालों को मंदिर आकर डराते धमकाते भी हैं. पुजारियों ने कहा कि इस संबंध में कई बार पुलिस व प्रशासन को लिखित रूप से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नही की गई. अगर अबकी बार जल्द कार्रवाई न हुई तो मंदिर के पुजारी आक्रोश रैली और अनशन तक करने को मजबूर होंगे. उन्होंने कहा कि करीब 5 वर्ष पूर्व प्रशासन ने सभी अतिक्रमित दुकानों को तोड़ दिया था एवं कुछ दुकानों को सील भी किया गया था, लेकिन पुनः किसके इशारे पर यह खेल शुरू हुआ यह जांच का विषय है. उन पुजारियों ने टाटा स्टील के साथ 1950 में हुए समझौते का हवाला देते हुए कहा कि मंदिर की ज़मीन में किसी भी तरह के निर्माण पर मनाही है, लेकिन नियम को दरकिनार करते हुए राजू वाजपेयी ने वहां तीन मंजिला मकान खड़ा कर दिया है. पुजारियों ने ज़िला प्रशासन से इन सभी प्रकरणों की जांच करने के अलावा राजू वाजपेयी के नाम पर जारी लाइसेंस रद्द करने, अवैध निर्माणों को तोड़ने तथा प्रशासन की देख रेख में एक स्वच्छ कमिटी बनाने का आग्रह किया है. संवाददाता सम्मेलन में रामराज पांडेय, बलराम पांडेय, अशोक पांडेय, कामेश्वर पांडेय, राकेश उपाध्याय, मनोज वाजपेयी, अक्षित पांडेय, सतीश पांडेय, महेंद्र पांडेय आदि मौजूद थे.

**5 वर्ष पूर्व प्रशासन ने सभी अतिक्रमित दुकानों को तोड़ा था, लेकिन पुन: किसके इशारे पर यह खेल शुरू**

**जिला प्रशासन जांच कर राजू वाजपेयी के नाम पर जारी लाइसेंस रद्द करें**

## भारत गौरव सम्मान ने उपेंद्र प्रसाद को सर्वोत्तम शिक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था सचदेवा एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव उपेंद्र प्रसाद को भारत गौरव सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। उन्हे यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में लगभग पंद्रह वर्ष से अधिक समय से सफल कार्य करने के लिए सर्वोत्तम शिक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उपेंद्र प्रसाद को यह सम्मान मिलने से उनके परिजनो, मित्रों, स्टाफ एवं विद्यार्थीयों ने बधाई दिये एवं निरंतर इसी तरह आगे बढ़ने एवं उज्जवल व्यक्तित्व की शुभकामनाएं दिये। गौरतलब हो कि सचदेवा एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा झारखंड में आई.टी.आई, पैरामेडिकल,नर्सिंग एवं फार्मेसी के क्षेत्र में शिक्षा प्रदान की जाती है।

## प्रेम व भाईचारे का संदेश ले साइकिल यात्रा पर निकले शंकर का गम्हरिया में भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** देश में हो रहे हिंसा के खिलाफ लोगों में प्रेम एवं भाईचारे का संदेश देने साइकिल से कई राज्यों के दौरे पर निकले आदित्यपुर के वार्ड 11 निवासी बी शंकर राव का गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता फुलकान्त झा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान लोगों ने उन्हें माला पहनाकर शुभकामनाएं देते हुए विदा किया। शंकर राव ने बताया कि इंसान पहले एक इंसान है। हम पहले भारतवासी हैं। फिर, हिन्दू, मुस्लिम, सिख या इसाई कोई मजहब है। देश की एकता और अखंडता को बचाना हमारा दायित्व है। किंतु, विगत कुछ वर्षो से एकता विखंडित हो रही है। इसलिए लोगों के दिलों में प्यार भरने के उद्देश्य से यह साइकिल यात्रा शुरू की गई है जो झारखंड के अलावा प. बंगाल, असम, शिलौंग, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड के दीयापुर तक जाकर सम्पन्न होगी। इस मौके पर राजू रजक, अखिलेश तिवारी, जय प्रकाश गुप्ता, देवेश मुखर्जी, प्रदीप मंडल आदि उपस्थित थे।

## मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण को राजनीतिक दल के साथ उपायुक्त ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रविशंकर शुक्ला द्वारा समाहरणालय सभा कक्ष में जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल सदस्यों सहित बैठक आहूत की गई। उपायुक्त द्वारा मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत किए जाने वाले विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया अभियान के तहत छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने, भावी मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु आवेदन प्राप्त करने, नाम सुधार, पुअर क्वालिटी के कार्ड तथा ब्लैक एंड वाइट फोटोज ,पुअर क्वालिटी फोटोज का रिप्लेसमेंट किया जायेगा। अभियान के तहत विभिन्न माध्यम से लोगों को योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत-मतदाताओं एवं अन्य बूथ पर सिफ्ट किए गए मतदाताओं का नाम हटाने एवं अन्य गतिविधियों के बारे में जागरूक किया जायेगा।

### गम्हरिया में चोरी मामले में पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर मामले का किया उद्भेदन

## साले ने दी जीजा के घर में चोरी की वारदात को अंजाम, नगद के साथ गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा गम्हरिया के विजय नगर में बीते मंगलवार, 24 अक्टूबर की रात हुए चोरी के मामले में पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर ही मामले का उद्भेदन करते हुए नकदी के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया कि बड़ा गम्हरिया के विजयनगर निवासी गौतम चटर्जी के घर बीते 24 अक्तूबर की रात करीब 10.50 लाख नगद और जेवरात की चोरी कर ली गई थी। उक्त मामले में गृहस्वामी द्वारा आदित्यपुर थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। तत्पश्चात एसपी के निर्देश पर आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा तत्परता से मामले की जांच कर बोकारो जिला के पिंड्रजोड़ा थाना क्षेत्र के जन्मडीह ग्राम में छापेमारी कर कांड में शामिल अभियुक्त बप्पा चटर्जी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गृहस्वामी का साला लगता है जिसने प. बंगाल से आकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने उसके पास से 6.43 लाख नगद भी बरामद किया गया है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त बप्पा चटर्जी द्वारा चोरी की गई रकम में से 57,000 हजार रूपया खर्च कर दिए जाने की बात बताई गई है। प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद गौतम चटर्जी द्वारा बताया गया कि चोरी गई रकम में से नगद 3 लाख 50 हजार तथा जेवरात घर में ही बरामद हुई है, जो चोरी नहीं हुई है। छापेमारी अभियान में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी राजन कुमार के अलावा सब इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार, मनीष कुमार, राघवेन्द्र कुमार सिंह, नितिश कुमार आदि शामिल थे।

### उपायुक्त ने आधारभूत संरचना निर्माण में एनजीटी गाइडलाइन के अनुपालन को समीक्षा बैठक की

## लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनायेगी जिला प्रशासन : मंजूनाथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** दलमा वन्य आश्रयणी क्षेत्र के ईको सेंसेटिव जोन तथा स्वर्णरेखा नदी के तट पर किसी भी तरह से आधारभूत संरचना का निर्माण एनजीटी के गाइडलाइन का उल्लंघन करते हुए नहीं होना चाहिए। नियमों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई किया जाएगा। ये बातें जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने आधारभूत संरचना निर्माण में एनजीटी गाइडलाइन के अनुपालन को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में कही। बैठक में एनजीटी के गाइडलाइन को सुनिश्चित कराने, दलमा वन्य आश्रयणी क्षेत्र में अवैध निर्माण की जांच, स्वर्णरेखा नदी का अतिक्रमण समेत अन्य मुद्दों की समीक्षा की गई । उपायुक्त ने दलमा वन्य आश्रयणी क्षेत्र में किसी प्रकार का अवैध निर्माण हो या स्वर्णरेखा नदी के अतिक्रमण पर कड़ा रोष जताया । उन्होंने इस संबध में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को लेकर एक कमिटी गठित करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि एनजीटी के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को मिलकर काम करना होगा। अवैध निर्माण के दोषियों तथा किसी सरकारी पदाधिकारी या कर्मी की मिलीभगत पाई गई तो उनके विरूद्ध भी सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपायुक्त द्वारा नगर निकायों में नक्शा विचलन कर कराये गए निर्माण कार्य, उनके विरूद्ध अबतक की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई ।उन्होने स्पष्ट निर्देश दिया कि नक्शा विचलन कर निर्माण करना और दण्ड के रूप में सिर्फ जुर्माना लेते हुए खानापूर्ति की कार्रवाई बंद होनी चाहिए। उन्होने धरातल पर आदेशों को गंभीरता से लागू करने के आदेश दिए। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी जमशेदपुर ममता प्रियदर्शी, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, आदि थे।

## झिमड़ी में विशाल रावण दहन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत झिमड़ी के सोनाडूंगरी में रावण दहन कार्यक्रम के दौरान आयोजित आधुनिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में मानभूम बंगला फिल्म इंडस्ट्री के लोकप्रिय कलाकर शिकारी तानिया व जैक्शन - शिवानी के जोड़ी ने जमकर दर्शकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने फीता काट कर किया। रावण दहन कार्यक्रम के पूर्व आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकप्रिय कलाकार शिकारी - तानिया के सुरों में सजा गीत आय रे आय रे वर्षा तुई धीरे धीरे आय, पहिल वर्षाय आमार सोना के भीजा आदि गीतों में जैक्शन - शिवानी के जोड़ी ने जीवंत अभिनय के साथ नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मोहित किया। शाम ढलते ही मुख्य अतिथि हरेलाल महतो के हाथों से तीर चलाकर दुष्टरुपी रावण की पुतला दहन किया गया। रावन दहन में जमकर आतिशबाजी की गई। भीड़ नियंत्रित करने के लिए नीमडीह थाना प्रभारी मोहम्मद तांजिल खान पुलिस बल के साथ तैनात थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, आजसू के केंद्रीय सचिव सत्यनारायण महतो, जिलाध्यक्ष सचिन महतो, गणेश महतो, पद्मलोचन महतो, बलराम महतो, लक्ष्मीकांत महतो आदि उपस्थित थे।

### बांगुड़दा के कार्डधारियों को 3 माह का राशन नहीं, हजारों लोग उतरे सड़क पर

## गोदाम से राशन लेकर आते ही हटा जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड अंतर्गत बांगुड़दा पंचायत के बांगुड़दा, गोपालपुर व माकुला गांव के एक हजार से अधिक कार्डधारियों को 3 माह अगस्त, सितंबर एवं अक्टूबर महीने का चावल-गेहूं नहीं मिलने से लोगों में काफी आक्रोश है। पिछले दिनों पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस के नेतृत्व में पटमदा प्रखंड कार्यालय पहुंचे लोगों ने बीडीओ को आवेदन देकर राशन की मांग की थी। वहीं आज गरीब कार्डधारियों के सब्र का बांध टूट गया और सुबह करीब साढ़े 10 बजे से ही काटिन चौक के पास सड़क पर उतरकर टाटा मुख्य सड़क एवं पुरुलिया -बांकुड़ा को जोड़ने वाली बराभूम बांदोवान मुख्य सड़क को जाम कर दिया। इसके कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। दोपहर 2 बजे तक जाम रहने की वजह से लंबी दूरी की बसों में सवार पुरुलिया, बांकुड़ा व धनबाद -बोकारो के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आंदोलनकारियों को समझाने पहुंचे पटमदा सीओ सह एमओ चंद्रशेखर तिवारी, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू एवं कमलपुर थाना प्रभारी धीरंजन कुमार ने कई बार वार्ता की और तत्काल एक माह का अनाज वितरण शुरू कराने का आश्वासन दिया लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं थे। बताते हैं कि वर्तमान में नागमाता महिला समूह, गोपालपुर एवं जनकल्याण महिला समूह, माकुला के कार्डधारियों का राशन का आवंटन भी हरिओम महिला समूह, बांगुड़दा की दुकान को ही किया जाता है। इधर दोपहर ढाई बजे के बाद एसएफसी गोदाम पटमदा से कई वाहनों में राशन लेकर काटिन चौक पहुंचते ही लोगों ने सड़क जाम को खत्म कर दिया। तत्काल एक माह का राशन उपलब्ध कराई गई है।

## बहरागोड़ा ब्लॉक अस्पताल में स्थायी डॉक्टर नियुक्त हो : डॉ. अजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार अपने बहरागोड़ा दौरा के दौरान लोगों से मिले। इस दौरान निवासियों ने बहरागोड़ा के सरकारी अस्पतालों में स्थायी डॉक्टरों के नहीं होने का मुद्दा उठाया। इस पर डॉ अजय ने तत्काल सिविल सर्जन, पूर्वी सिंहभूम को एक पत्र लिखा और स्थायी डॉक्टर न होने की समस्या बताई। डॉ. अजय ने अपने पत्र में कहा है कि डॉक्टर न होने की वजह से लोगों को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल रहा है। बुखार, महिला प्रसव समस्या, बच्चों के इलाज के लिए लोग निजी डॉक्टरों के पास पहुंच रहे हैं। जहां पर इलाज कराने में उनकी जेबें ढीली हो रही हैं। बहरागोड़ा के हर एक अस्पताल में कम से कम एक एमडी डॉक्टर, एक बाल रोग विशेषज्ञ और एक स्त्री रोग विशेषज्ञ की स्थायी नियुक्ति का अनुरोध किया।

## संपादकीय

## ओलंपिक मेजबानी का सपना

**भारत** के लिए ओलंपिक सपना ही है। हालांकि हम बहुत पहले एशियाई गेम्स और 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों के सफल आयोजन कर चुके हैं। एशिया में ओलंपिक खेलों की मेजबानी अभी तक चीन, जापान, दक्षिण कोरिया के ही हिस्से आई है। भारत इनसे कमतर राष्ट्र नहीं है। विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 140 करोड़ से अधिक आबादी है, लिहाजा भारत एक व्यापक बाजार भी है और विपुल दर्शकों का देश भी है। हम खेलप्रिय देश भी हैं और करोड़ों लोग टीवी पर भी खेलों के विभिन्न मैच देखते रहे हैं। भारत में फिलहाल एकदिनी क्रिकेट का विश्व कप जारी है। दरअसल भारत का बुनियादी ढांचा किसी भी विकसित देश से कम नहीं है। हमारे देश में राजमार्गों और सडक़ों का व्यापक और समुन्नत ढांचा है। बड़े शहर आपस में जुड़े हैं। सुंदर और व्यवस्थित होटल हैं। निर्बाध आवागमन के साधन हैं। खेल मंत्रालय के अधीन प्रशासन और प्रबंधन की अच्छी-खासी व्यवस्था है। भारतीय ओलंपिक समिति और राष्ट्रीय खेल संघों की स्वायत्तता है। हालांकि उनमें पेशेवर सुधारों की गुंजाइश है। विभिन्न खेल संघों का 'राजनीतिक चेहरा' बदलना है। हालांकि ये भी हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के ही हिस्से हैं। सारांश यह है कि भारत को ओलंपिक खेलों की मेजबानी क्यों नहीं मिलनी चाहिए? हाल ही में चीन में सम्पन्न एशियाई खेलों में 28 स्वर्ण पदकों समेत कुल 107 पदक जीत कर भारत चौथे स्थान पर रहा, लिहाजा खेलों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता, मेहनत और जुनून स्पष्ट हैं। हमारे खिलाडियों ने विश्व कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। हॉकी में हम पुरानी ताकत बनते जा रहे हैं और एशियाई खेलों के 'चैम्पियन देश' हैं। अलबत्ता यह भी हकीकत है कि टोक्यो ओलंपिक में भारत पदकों की तालिका में 48वें स्थान पर रहा। वह भी कुछ बेहतर प्रदर्शन था, क्योंकि चार लंबे दशकों के बाद हमारा खिलाड़ी एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीत सका था। बहरहाल खेल के अतिरिक्त भारत ने जी-20 देशों की अध्यक्षता करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साबित कर दिया कि वह ऐसी पेचीदा, सुरक्षात्मक, समयबद्ध और सफल मेजबानी करने में भी सक्षम है। दुनिया के लगभग सभी बड़े देशों के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नई दिल्ली में आए थे। इस संदर्भ में मुंबई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की बैठक महत्वपूर्ण है, जिसके मंच पर प्रधानमंत्री मोदी ने 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने की इच्छा व्यक्त की और पेशकश भी की। उन्होंने इस मेजबानी को 140 करोड़ भारतीयों की भावना और महत्वाकांक्षा से भी जोड़ा। हालांकि ओलंपिक खेल अधिकतर महानगरों और बड़े शहरों में ही आयोजित किए जाते रहे हैं, जिनका सीधा असर अल्पविकसित शहरों के पुनरोद्धार और कुल मिलाकर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। फिर भी ओलंपिक खेलों की मेजबानी हमारे लिए सपना है, चुनौती है और मील पत्थर भी है, क्योंकि इसमें कई पूर्वाग्रह भी जुड़े हैं। भारत के लिए मानवाधिकार और सहिष्णुता संबंधी धारणाएं भी हैं। हमारी कुछ परंपरागत बंदिशें हैं, जो अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों के अनुकूल नहीं हैं। क्या उन बंदिशों को हटाया जा सकता है? ओलंपिक खेलों का ही नहीं, वैश्विक सभ्यताओं, संस्कृतियों और नस्लों का आयोजन भी है, लिहाजा हमें अधिक सहिष्णु और मिलनसार भी बनना है, क्योंकि दुनिया हमें किसी सूक्ष्मदर्शी आंख से देख और आंक भी रही होगी। पर्यावरण, स्वच्छ वायु, स्थिरता और टिकाऊपन आदि भी ओलंपिक खेलों की नई शब्दावली है। बहरहाल इस संदर्भ में भारत की मौजूदा स्थिति बेहतर हुई है, लेकिन अब भी कई सवाल हैं। राजधानी में ही प्रदूषण के हालात किसी 'गैस चैंबर' सरीखे होते जा रहे हैं। बहरहाल एक ओलंपिक की मेजबानी करना अनेक बाधाओं वाली मेरॉथन दौड़ के समान है। यदि हमारी सरकार ने संकल्प ले लिया है और वह इस बार बोली भी लगा सकती है, तो गुजरात के सबसे बड़े स्टेडियम, सबसे सम्पन्न बाजार और वैश्विक हीरा उद्योग जैसे व्यवसाय के आधार पर अपने दावे को पुष्ट करे कि भारत ओलंपिक खेल की मेजबानी करने में पूरी तरह सक्षम है।


भारत इनसे कमतर राष्ट्र नहीं है। विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 140 करोड़ से अधिक आबादी है, लिहाजा भारत एक व्यापक बाजार भी है और विपुल दर्शकों का देश भी है। हम खेलप्रिय देश भी हैं और करोड़ों लोग टीवी पर भी खेलों के विभिन्न मैच देखते रहे हैं। भारत में फिलहाल एकदिनी क्रिकेट का विश्व कप जारी है। दरअसल भारत का बुनियादी ढांचा किसी भी विकसित देश से कम नहीं है। हमारे देश में राजमार्गों और सडक़ों का व्यापक और समुन्नत ढांचा है। बड़े शहर आपस में जुड़े हैं। सुंदर और व्यवस्थित होटल हैं। निर्बाध आवागमन के साधन हैं। खेल मंत्रालय के अधीन प्रशासन और प्रबंधन की अच्छी-खासी व्यवस्था है। भारतीय ओलंपिक समिति और राष्ट्रीय खेल संघों की स्वायत्तता है। हालांकि उनमें पेशेवर सुधारों की गुंजाइश है। विभिन्न खेल संघों का 'राजनीतिक चेहरा' बदलना है। हालांकि ये भी हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के ही हिस्से हैं। सारांश यह है कि भारत को ओलंपिक खेलों की मेजबानी क्यों नहीं मिलनी चाहिए? हाल ही में चीन में सम्पन्न एशियाई खेलों में 28 स्वर्ण पदकों समेत कुल 107 पदक जीत कर भारत चौथे स्थान पर रहा, लिहाजा खेलों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता, मेहनत और जुनून स्पष्ट हैं। हमारे खिलाडियों ने विश्व कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। हॉकी में हम पुरानी ताकत बनते जा रहे हैं और एशियाई खेलों के 'चैम्पियन देश' हैं। अलबत्ता यह भी हकीकत है कि टोक्यो ओलंपिक में भारत पदकों की तालिका में 48वें स्थान पर रहा। वह भी कुछ बेहतर प्रदर्शन था, क्योंकि चार लंबे दशकों के बाद हमारा खिलाड़ी एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीत सका था।


## कुछ अलग

## सियासी दुर्ग में सरकार के फैसले

**हिमाचल** के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 'मंडे मीटिंग' के एहसास को सरकार की कार्यप्रणाली का ऐसा दस्तावेज बना दिया है कि इसका असर आम नागरिक की अपेक्षाओं, जरूरतों और अनुभवों तक होता है। इसी कड़ी में लगने जा रही 'इंतकाल अदालतें', अपनी तरह का प्रशासनिक सुधार और लक्ष्य आधारित ऐसा कार्य है, जिसमें जवाबदेही व पारदर्शिता तय हो रही है। आपदा के दबावों से बाहर सुक्खू सरकार ने अब पुनः ठान लिया है कि प्रदेश में इसकी छवि 'कामवाली सरकार' बने। इसमें दो राय नहीं कि हिमाचल में सरकारें अंततः राजनीतिक सत्ता से कहीं अधिक मुख्यमंत्रियों की अभिलाषा में जानी जाती हैं और यही कदम वर्तमान मुख्यमंत्री को 'प्रशासनिक दृढ़ता' का दर्जा दे रहा है। वाईएस परमार को हालांकि हिमाचल निर्माता माना गया, लेकिन पंजाब पुनर्गठन से सशक्त हुए प्रदेश में ऊपरी व निचले हिमाचल की खाई को पाटने में वह सियासत को निर्दोष साबित नहीं कर पाए। इसके बाद भी हिमाचल के मुख्यमंत्री का पद अपने दायित्व के प्रयोग में केवल वहां तक सफल रहा, जहां तक सरकार रही, लेकिन इसके प्रभाव में सभी की अपनी-अपनी पार्टियां कमजोर हो गईं। शांता कुमार एक कडक़ प्रशासक व विजनरी मुख्यमंत्री की हैसियत में पूरे देश के मानक बदलते रहे, लेकिन सियासत के सत्तू नहीं पी सके, नतीजतन दो बार उन्हें अपना अधूरा सफर छोडऩा पड़ा और तीसरी बार उनके दावे के खिलाफ पार्टी ने अपना तरीका-सलीका व चेहरा बदल लिया। भाजपा के दो बार मुख्यमंत्रित्व काल के पूरे वर्ष गुजारने के बावजूद प्रेम कुमार धूमल, भीतरी सियासत को न साध सके और न ही संतुलित कर पाए। यकीनन वह भी बतौर मुख्यमंत्री जनता के काफी नजदीक और अपने फैसलों के मसीहा बने, लेकिन राजनीति के दुर्ग में अपनी ही पार्टी के कारण परेशान हुए। इसी पार्टी ने जयराम ठाकुर को मुख्यमंत्री की हैसियत में वर्चस्व और प्रश्रय दिया, लेकिन एक बार फिर भाजपा अपने ही ओहदेदार को राज्य की राजनीति में पारंगत नहीं कर सकी। यहां वीरभद्र सिंह के राजनीतिक चरित्र को भी दो अलग-अलग पहचान में देखा जाएगा। वह विकास पुरुष व प्रशासनिक अवतार की तरह एकछत्र साम्राज्य स्थापित करने की चेतना में पार्टी की हर सरहद को तराशते रहे, लेकिन राजनीतिक तौर पर उनके व्यक्तित्व के टकराव महंगे पड़े। बावजूद इसके कि वह पहले चरण में शिमला केंद्रित सियासत के तहत मुख्यमंत्री की सशक्त पारी खेल पाए, अंततः उन्हें भी अपनी राजनीति को प्रशासनिक दृष्टि देते हुए शीतकालीन प्रवास, विधानसभा का शीतकालीन सत्र, शीतकालीन राजधानी व शिमला से निचले हिमाचल में कार्यालयों का स्थानांतरण करना पड़ा।

## स्थानीय जरूरतों और बाजार की मांग के अनुरूप इनोवेशन और रिसर्च को बढ़ावा मिले

# हमारे कालेज बनें रिसर्च सेंटर

डा. वरिंदर भाटिया



**ताजा** खबरों के अनुसार केंद्र सरकार चाहती है कि एक साल के भीतर सभी विश्वविद्यालयों, कॉलेज और उच्च शिक्षण संस्थाओं में रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल का गठन हो, जिससे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में उच्च शिक्षण संस्थान और उद्योग मिलकर काम कर सकें और स्थानीय जरूरतों और बाजार की मांग के अनुरूप इनोवेशन और रिसर्च को बढ़ावा मिले। तथ्यों को खंगालें तो अभी तक 244 विश्वविद्यालय और 298 महाविद्यालयों सहित 542 उच्च शिक्षण संस्थानों ने अपने परिसरों में आर एंड डी सेल का गठन किया है। इसके अलावा उद्योग लिंकेज को जोडक़र आर एंड डे सेल का गठन करने वाली संस्थाओं की संख्या 1100 के आसपास है। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के योगदान में समयबद्ध तरीके से सभी विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों में यह सेल स्थापित किया जाना है। देश में पंजीकृत विश्वविद्यालयों/विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों की कुल संख्या 1113, कॉलेजों की संख्या 43796 और स्वचलित संस्थानों की संख्या 11296 है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत की स्थिति सिर्फ ठीक-ठाक है। इस क्षेत्र को अगर पहुंच, समानता और गुणवत्ता के स्तर पर जांचें, तो हम तीनों ही स्तर पर अपनी युवा पीढ़ी को न्याय देने में अक्षम रहे हैं। हमारे देश में उच्च शिक्षा संस्थानों की कमी नहीं है, परंतु उनमें सभी प्रकार की गुणवत्ता का अभाव है। प्राध्यापकों की कमी के साथ-साथ पुस्तकों और अन्य सुविधाओं की बहुत कमी है। अनेक संस्थानों में संकाय प्राध्यापकों के लिहाज से लगभग आधे खाली हैं। विशेष तौर पर दक्षिण भारत के संस्थानों में बहुत ज्यादा कैपीटेशन शुल्क लिया जाता है। इसके साथ ही यहां उच्च शिक्षा एक तरह से राजनीतिज्ञों के लिए व्यवसाय का साधन बन गया है, क्योंकि इन्हीं की मदद से ये संस्थान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से ऋण की सुविधा प्राप्त करते हैं। ऐसा लगता है कि ये संस्थान डिग्री प्रदान करने की फैक्टरी मात्र हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों में से अधिकतर का पाठ्यक्रम बहुत पुराना तो है ही, वह विद्यार्थियों के लिए सृजनात्मक भी नहीं है। एक अनुमान के अनुसार हमारे कुल स्नातकों में से केवल 5 प्रतिशत को ही रोजगार मिल पाता है। हमारे संस्थानों में रिसर्च यानी कि अनुसंधान की सुविधाएं न के बराबर हैं। यही कारण है कि विश्व के उत्कृष्ट 200 संस्थानों में भारत का एक भी संस्थान शामिल नहीं है, जबकि चीन के 10 संस्थान इस सूची में शामिल हैं। हालांकि यह अंतरराष्ट्रीय सूचीक्रम कोई एकमात्र मानदंड नहीं है, फिर भी यह भारतीय उच्च शिक्षा के स्तर की झलक तो दे ही देता है। यकीनी तौर पर विद्यालय से निकले प्रत्येक विद्यार्थी को विश्वविद्यालय में प्रवेश का अधिकार मिलना चाहिए। कुछ सुझाव हैं- हर तीन वर्ष बाद विश्वविद्यालय का एक ऑडिट करवाया जाए। साथ ही संस्थान राशि का ब्योरा विधायिका को सौंपा जाए, प्राध्यापकों का चुनाव और तरक्की उनके काम के पुनरीक्षण के आधार पर किया जाए। पुनरीक्षण के इस कार्य को संकाय के ही प्राध्यापक बाहरी विद्वत समीक्षा के आधार पर करें। नियुक्ति के हर तीन वर्ष बाद इन प्राध्यापकों का गुणांकन किया जाए। वरिष्ठता के आधार पर कोई तरक्की के साथ काबीलियत भी देख ली जाए। गुणांकन के बाद ही वेतन वृद्धि की जाए। वेतन-व्यवस्था लचीली हो, जिससे असाधारण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जा सके। दूरस्थ शिक्षा की आधुनिक तकनीक का पूरा लाभ उठाया जाना चाहिए। विशेषकर उच्च श्रेणी के पाठ्यक्रमों में उपलब्ध इंटरनेशनल मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेस सिस्टम का उपयोग किया जा सकता है। हमारे विद्यार्थियों के स्तर को बढ़ाने के साथ ही यह प्राध्यापकों की कमी को भी पूरा कर सकेगा। देश के उच्च शिक्षा संस्थानों को भी अनुसंधान के साथ स्थानीय उद्योगों और व्यवसायों से जोड़ा जाना चाहिए। इससे देश के विश्वविद्यालयों में भी ऊंचे स्थान पर आने की होड़ शुरू कर दी जाए। विदेशों में प्राध्यापकों और अच्छे विद्यार्थियों को अपने-अपने संस्थानों में बुलाने की होड़-सी लगी रहती है। वहां किसी प्राध्यापक के चले जाने के साथ ही उसके साथ जुड़ी समस्त शोध योजनाएं विद्यार्थी और लैब तक स्थानांतरित हो जाते हैं। इसलिए सभी संस्थान शोध, अनुसंधान एवं अन्वेषण के लिए सभी सुविधाएं देना चाहते हैं। यदि भारत में भी हम ऐसा कर सकें, तो अच्छा होगा। विदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों में बाहरी एजेंसियों से शोध के लिए धनराशि ली जाती है। भारत में ऐसा किया जा सकता है, बशर्ते यूजीसी एवं सीएसआईआर जैसे अनुदान संस्थानों को प्रशासकीय नियंत्रण से मुक्ति मिल सके। सुनते हैं कि बड़ी संख्या में कॉलेजों ने अनुसंधान और विकास सेल स्थापित करने की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सलाह को अभी तक नजरअंदाज कर दिया है। उद्योग और अनुसंधान संगठनों के संभावित सहयोगियों की पहचान करके परिसरों में अनुसंधान को बढ़ावा देने, परियोजना प्रस्तावों में मदद करने और समयसीमा के पालन की निगरानी करने के लिए भी गाइड लाइन नियामक संस्थान पहले जारी कर चुका है। इसके अलावा रिसर्च को लेकर कई स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। उच्च शिक्षा किसी भी व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के विकास की धुरी होती है। उच्च शिक्षा के बिना कोई भी राष्ट्र, समाज या व्यक्ति प्रगति नहीं कर सकता है। उच्च शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा व्यक्ति, समाज या देश का मूल्यांकन किया जा सकता है। उच्च शिक्षा नागरिकों में आत्मविश्वास, आत्मगौरव, आत्मसंतोष जैसे भावों को भरने के साथ-साथ समाज सेवा जैसे सद्गुणों को विकसित करने की अलौकिक शक्ति है। भारतीय उच्च शिक्षा परिदृश्य में अनुसंधान क्षमता निर्माण चर्चा का एक महत्वपूर्ण बिंदु बन गया है। अब समय आ गया है कि अनुसंधान के लिए अधिक आलोचनात्मक, संबंधपरक और चिंतनशील दृष्टिकोण अपनाने के लिए पुनर्विचार किया जाए और तत्परता से कार्य किया जाए। यह तभी संभव हो पाएगा जब हमारी उच्च शिक्षा स्तरीय और गुणात्मक होगी। इस काम को हमारे कॉलेज रिसर्च को उत्साहित करके भली-भांति अंजाम दे सकते हैं।


उद्योग और अनुसंधान संगठनों के संभावित सहयोगियों की पहचान करके परिसरों में अनुसंधान को बढ़ावा देने, परियोजना प्रस्तावों में मदद करने और समय सीमा के पालन की निगरानी करने के लिए भी गाइड लाइन नियामक संस्थान पहले जारी कर चुका है। इसके अलावा रिसर्च को लेकर कई स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। उच्च शिक्षा किसी भी व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के विकास की धुरी होती है। उच्च शिक्षा के बिना कोई भी राष्ट्र, समाज या व्यक्ति प्रगति नहीं कर सकता है।


# रसायन मुक्त खेती की उपयोगिता

**हमारे** देश में कृषि क्षेत्र के सामने कई चुनौतियां प्रस्तुत हैं। एक ओर किसान के लिए कृषि को लाभदायक बनाने की चुनौती है तो दूसरी ओर मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को बचाने-बढ़ाने की जरूरत है। मानव स्वास्थ्य का प्रश्न भी बहुत हद तक कृषि उत्पादों के जहर मुक्त होने पर निर्भर है। 140 करोड़ लोगों को खद्यान्न उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी तो है ही। इन सारी चुनौतियों को कुछ-कुछ निपटाने की क्षमता हो, ऐसी कृषि पद्धति की तलाश लंबे समय से रही है। हरित क्रांति के पहले, अन्न के संकट से देश दो-चार था। हरित क्रांति आई तो अपने साथ रासायनिक खाद और फसल की बीमारियों से लडऩे वाले जहर लेकर आई। इन रासायनिक छिडक़ावों के बाद जहरीले तत्वों का कुछ प्रतिशत अनाजों, फलों, सब्जियों में बचा रह जाता है। रासायनिक खाद मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को धीरे-धीरे घटाते जाते हैं और रासायनिक खाद की मात्रा की मांग बढ़ती जाती है। इससे कृषि की लागत बढ़ जाती है। हालांकि बाजार की व्यवस्थाएं भी इससे मिल कर खेती को लगातार कम लाभदायक बनाने में अपनी भूमिका निभाती हैं। किन्तु मिट्टी की घटती उत्पादकता का क्या करें? इससे निपटना उपरोक्त सभी चुनौतियों के सन्दर्भ में सबसे महत्वपूर्ण हो जाता है। खेती को टिकाऊ बनाने के लिए इसका महत्व सबसे ज्यादा है। इन सब बातों को देखते हुए देश भर में अपने-अपने स्तर पर चिंतन और प्रयोग शुरू हुए। किसान, जो रासायनिक कृषि का आदी हो गया था, उसे विश्वास में लेना और यह सिद्ध करना कि गैर रासायनिक कृषि में उपज में कोई कमी नहीं आने वाली है, यह भी अपने आप में एक वाजिब चुनौती थी। इन हालात में जैविक कृषि, ऋषि खेती, जीरो बजट खेती (जिसे बाद में प्राकृतिक खेती भी कहा जाने लगा) और लो एक्सटर्नल इनपुट सस्टेनेबल खेती आदि कई प्रयोग हुए। असल में इन सभी प्रयोगों की सांझी समझ यह थी कि खेती में जहरीली रासायनिक खादों, रासायनिक कीटनाशकों और घास मारने वाली दवाइयों का प्रयोग न किया जाए और उपज में भी कोई कमी न आए। जैविक कृषि में गोबर की खाद व पत्तों की खाद को वैज्ञानिक तरीके से बनाने पर जोर दिया गया जिसमें गड्ढों में खाद बनाने और केंचुआ खाद बनाने पर जोर दिया गया। गोमूत्र से भी खाद बनाने की बात हुई। जीरो बजट खेती में गोमूत्र से जीवामृत, घन जीवामृत बनाने पर जोर दिया गया। देसी गाय के मूत्र और गोबर थोड़ा सा डाल कर घोल बना कर यह खाद बनाई जाती है। इसके अलावा कीटनाशक भी जैविक तत्वों से बनाने का विकास किया गया। ऋषि खेती या पूर्ण प्राकृतिक खेती जापानी वैज्ञानिक डा. फुकुओका की वन स्ट्रा रेवोलुशन पर आधारित विधि है, जिसमें जमीन को प्राकृतिक रूप से ही उपजाऊ बनाने की कला विकसित की गई, जिसमें रासायनिक तत्वों की बात तो दूर, जैविक खाद या गोमूत्र आदि कुछ भी नहीं डाला जाता। न ही जमीन की जुताई की जाती है। यह विधि तो ज्यादा प्रचलित नहीं हो पाई परन्तु जैविक और जीरो बजट खेती का प्रचार हुआ और उसके प्रयोगों के अच्छे परिणाम भी सामने आए। श्री विधि से धान और अन्य फसलों में भी भरपूर फसल प्राप्त करने के सफल प्रयोग हुए। देहरादून की संस्था पीपल साइंस इंस्टिट्यूट ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हिमाचल प्रदेश में भी उनके ही सहयोग से आरटीडीसी संस्था ने सफल प्रयोग किए, जिसके परिणामस्वरूप पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के साथ भी सांझा प्रयास उनकी देखरेख में किए गए। इसी तरह जीरो बजट खेती के प्रयोग भी अपनी सफलता सिद्ध करने में सफल हुए। आत्मा परियोजना के अंतर्गत इस दिशा में अच्छा काम हुआ, जिसे एक सफल शुरुआत कहा जा सकता है। ये जो भी दो-तीन तरह की गैर रासायनिक कृषि पद्धतियां हैं, इनके आपसी टकराव बे-मायनी हैं। इनमें थोड़ा थोड़ा अंतर जरूर है किन्तु असल लक्ष्य भी एक है और आपस में बहुत समानताएं भी हैं। इनके एकांगी प्रयोग से अच्छा हो कि इन पद्धतियों के मिले जुले रूप को सुविधा के अनुसार प्रयोग कर लिया जाए और इसे एक ही बड़ी योजना का हिस्सा माना जाए। इसे हम जहर मुक्त टिकाऊ खेती कह सकते हैं। अब चिंता है इसके व्यापक फैलाव की। सब किसान इससे लाभान्वित हों, फसल की लागत कम हो, तो किसान का लाभांश भी बढ़े। जहर मुक्त अन्न, फल, सब्जी मिले तो जन-स्वास्थ्य भी सुधरे। दवाई की जरूरत कम हो तो आम जन आर्थिक दबाव मुक्त हो। रासायनिक खेती का एक और बड़ा नुकसान यह भी है कि जमीन की कार्बन प्रचूषण शक्ति कम होती जाती है। कार्बन उत्सर्जन बढ़ जाता है। जहर मुक्त खेती से जमीन की कार्बन प्रचूषण की शक्ति लगातार बढ़ती जाती है जिससे खेती की जमीन कार्बन सिंक का काम भी करने लगती है। यह जलवायु परिवर्तन के इस दौर में एक बड़ी उपलब्धि होगी। हिमालयी प्रदेशों को इसमें विशेष रुचि लेने की जरूरत इसलिए भी है क्योंकि जलवायु परिवर्तन के चलते और गलत विकास तकनीकों के कारण हम ही प्राकृतिक आपदाओं के शिकार हो रहे हैं। जहर मुक्त कृषि जलवायु नियंत्रण में सकारात्मक योगदान देने वाली साबित होगी। इसके साथ ही जुड़ी हुई दूसरी बात है फसल चयन। जिस तरह से कुछ पुराने अन्न कोदरा, कंगनी, सांवां, बाजरा आदि की गुणवत्ता और पौष्टिकता को पहचाना गया है यह सराहनीय है और इसे जहर मुक्त खेती का जरूरी हिस्सा होना चाहिए, क्योंकि ये अन्न कई बीमारियों के इलाज में लाभदायक हैं। इनमें गेहूं और चावल के मुकाबले बहुत अधिक पौष्टिक तत्व हैं। सरकार कुछ प्रयास कर भी रही है, किन्तु बहुत कुछ करना बाकी है। प्रायोगिक तौर पर तो जहर मुक्त खेती पर कार्य हो रहा है। कुछ सरकार कर रही है, कुछ संस्थाएं भी कर रही हैं किन्तु इसे मुख्यधारा में लाना अभी बाकी है, जिसके बिना असली लाभ दृष्टिगोचर नहीं हो सकता। जहर मुक्त खेती को मुख्यधारा में लाने का कार्य सरकार के सीधे खुले सहयोग के बिना नहीं हो सकता।




मानव स्वास्थ्य का प्रश्न भी बहुत हद तक कृषि उत्पादों के जहर मुक्त होने पर निर्भर है। 140 करोड़ लोगों को खद्यान्न उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी तो है ही। इन सारी चुनौतियों को कुछ-कुछ निपटाने की क्षमता हो, ऐसी कृषि पद्धति की तलाश लंबे समय से रही है। हरित क्रांति के पहले, अन्न के संकट से देश दो-चार था। हरित क्रांति आई तो अपने साथ रासायनिक खाद और फसल की बीमारियों से लडऩे वाले जहर लेकर आई। इन रासायनिक छिडक़ावों के बाद जहरीले तत्वों का कुछ प्रतिशत अनाजों, फलों, सब्जियों में बचा रह जाता है। रासायनिक खाद मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को धीरे-धीरे घटाते जाते हैं और रासायनिक खाद की मात्रा की मांग बढ़ती जाती है। इससे कृषि की लागत बढ़ जाती है। हालांकि बाजार की व्यवस्थाएं भी इससे मिल कर खेती को लगातार कम लाभदायक बनाने में अपनी भूमिका निभाती हैं। किन्तु मिट्टी की घटती उत्पादकता का क्या करें? इससे निपटना उपरोक्त सभी चुनौतियों के सन्दर्भ में सबसे महत्वपूर्ण हो जाता है।


## देश दुनीया से

## दंड देने के लिए हिंसा-बर्बरता ही सहारा...तो इस्राइल और हमास में क्या अंतर है?

**इस्राइल** और अरबों के बीच संघर्ष के बीज इसके जन्म के समय ही बो दिए गए थे। नवंबर, 1947 के संयुक्त राष्ट्र महासभा संकल्प 181 के अनुसार मई 1948 में इसके निर्माण के बाद विभाजन प्रस्ताव के मुताबिक इस्राइल को 54.5 प्रतिशत क्षेत्र और अरबों को 44 प्रतिशत क्षेत्र दिया गया। इस्राइल को एक राज्य के रूप में मान्यता देकर संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता दी गई, लेकिन फलस्तीनियों के लिए कोई राज्य नहीं बनाया गया। इसके बजाय सात लाख फलस्तीनी शरणार्थी बन गए। अरबों ने इस विभाजन को अस्वीकार कर दिया और इस्राइल को मिस्र, सीरिया, इराक और लेबनान की सेनाओं के संयुक्त हमले का सामना करना पड़ा। इसमें कुछ मदद सऊदी अरब ने भी की। हालांकि, संयुक्त अरब की सेनाएं इस्राइल को नहीं हरा सकीं। फरवरी, 1949 में संयुक्त राष्ट्र के हस्तक्षेप के बाद इस्राइल ने अपने पड़ोसियों- मिस्र, लेबनान, ट्रांसजॉर्डन और सीरिया के साथ अलग-अलग युद्धविराम समझौतों पर हस्ताक्षर किए। मिस्र ने गाजा पट्टी पर, तो जॉर्डन ने पश्चिमी तट पर अपना कब्जा बरकरार रखा, लेकिन नुकसान में केवल फलस्तीनी ही रहे। विभाजन प्रस्ताव के तहत उन्हें दिया गया क्षेत्र अब इस्राइल के पास चला गया। यह घाव पर नमक छिड़कने जैसा था। फलस्तीनी पश्चिमी तट और गाजा पट्टी के क्षेत्र में ज्यादातर संयुक्त राष्ट्र के शरणार्थी शिविरों में रहने के लिए मजबूर हो गए, जो उनके ऐतिहासिक क्षेत्र का बमुश्किल 22 फीसदी था, जिसके बारे में फलस्तीनियों का दावा है कि यह सैकड़ों वर्षों से उनका है। इस एहसास से कि अरब सेनाएं उसका मुकाबला नहीं कर सकतीं और अमेरिका व उसके सहयोगी उसके पक्ष में खड़े रहेंगे, इस्राइल अपने पड़ोस में और अधिक क्षेत्र हड़पने के लिए प्रोत्साहित हुआ। दुर्भाग्य से फिर सर्वाधिक नुकसान फलस्तीनियों को हुआ। गाजा में स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। 365 वर्ग किलोमीटर के इस क्षेत्र में 21.7 लाख लोग रहते हैं और 13.8 लाख लोग शरणार्थी के रूप में पंजीकृत हैं। सामान्य दिनों में भी कोई बिना इस्राइली परमिट गाजा से पश्चिमी तट नहीं जा सकता और इस्राइली परमिट पाना बहुत मुश्किल है। हमास द्वारा मौजूदा हमले के बाद इस्राइल ने गाजा की पूरी तरह से नाकाबंदी करके बिजली, पानी, गैस और खाद्य आपूर्ति बंद कर दी है और लोगों से वहां से चले जाने के लिए कहा है। वे जाएं तो जाएं कहां और कैसे? संयुक्त राष्ट्र महासभा के सचिव एंटोनियो गुटेरस ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन बताकर इसकी आलोचना की है। हमास के हिंसक हमलों की निंदा करने वाले यूरोपीय संघ को भी लगता है कि गाजा की पूर्ण नाकाबंदी मानवाधिकारों का उल्लंघन हो सकती है। बेंजामिन नेतन्याहू के प्रधानमंत्री बनने के बाद शांति प्रक्रिया और धीमी पड़ गई। वह अराफात से मिलने तक को राजी नहीं थे। ओस्लो समझौते के तहत जिस स्व-शासन का वादा किया गया था, उसके चिह्न पांच वर्षों में ही हवा हो गए। ओस्लो समझौते की विफलता ने हमास जैसे कट्टरपंथी फलस्तीनियों को मजबूत किया। जाहिर है, ओस्लो समझौते को लागू न करने, फलस्तीनी प्राधिकरण के अधिकार को कमजोर करने और दैनिक आधार पर आम फलस्तीनियों के साथ कठोर व्यवहार ने एक ऐसा माहौल तैयार किया, जिसने शांति के लिए कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी। वर्ष 2007 के बाद जब से हमास ने गाजा पर शासन शुरू किया है, इस्राइल के साथ उसके कई टकराव हुए हैं। इस बार हमास ने इस्राइल की प्रसिद्ध अजेय रक्षा प्रणाली को भेदते हुए समन्वित जमीनी, हवाई और समुद्री हमलों से इस्राइलियों को चकमा दे दिया; उनके रॉकेटों ने लगभग 1,500 इस्राइलियों को मार डाला; उन्होंने महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 150 इस्राइलियों को बंधक बना लिया है।


इस्राइल को एक राज्य के रूप में मान्यता देकर संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता दी गई, लेकिन फलस्तीनियों के लिए कोई राज्य नहीं बनाया गया। इसके बजाय सात लाख फलस्तीनी शरणार्थी बन गए। अरबों ने इस विभाजन को अस्वीकार कर दिया और इस्राइल को मिस्र, सीरिया, इराक और लेबनान की सेनाओं के संयुक्त हमले का सामना करना पड़ा। इसमें कुछ मदद सऊदी अरब ने भी की। हालांकि, संयुक्त अरब की सेनाएं इस्राइल को नहीं हरा सकीं। फरवरी, 1949 में संयुक्त राष्ट्र के हस्तक्षेप के बाद इस्राइल ने अपने पड़ोसियों- मिस्र, लेबनान, ट्रांसजॉर्डन और सीरिया के साथ अलग-अलग युद्धविराम समझौतों पर हस्ताक्षर किए। मिस्र ने गाजा पट्टी पर, तो जॉर्डन ने पश्चिमी तट पर अपना कब्जा बरकरार रखा, लेकिन नुकसान में केवल फलस्तीनी ही रहे। विभाजन प्रस्ताव के तहत उन्हें दिया गया क्षेत्र अब इस्राइल के पास चला गया। यह घाव पर नमक छिड़कने जैसा था।


## दृष्टिकोण

# पहचान के लिए सादर अपील

**इसके** उसके बचे खुचे पाठकों, टोले को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात साहित्यकार सा जिसकी आयु लगभग पचास के आसपास है, कद पांच फुट आठ इंच, वजन तीस किलो के आसपास, पेट पीठ से मिला हुआ। उसके पेट को देखकर लग रहा है कि उसने बड़े दिनों से कुछ नहीं खाया था। उसके फटे झोले में तीन चार लाल, हरे, पीले, नीले रंग की डायरियां मिली हैं जिसमें पता नहीं उसने क्या क्या लिखा हुआ है? वही जाने! पर इन डायरियों के किसी भी पन्ने पर अपना नाम-पता नहीं लिखा हुआ है। मरे साहित्यकार ने कबाड़ी का सूती कुरता पाजामा पहना हुआ है जिससे कुछ कुछ लगता है कि वह जैसे गांधीवादी विचारधारा का साहित्यकार हो। उसके पांव में प्रेमचंद के फटे जूते हैं, बाल समय से पूर्व सफेद हुए लगते हैं। अनुमान तो यह भी है कि संभवतः वह कहीं सफेद बालों के साथ ही न पैदा हुआ हो, को शहर के अनाथ अस्पताल में पता नहीं किस श्रद्धालु ने दाखिल करवा दिया था। मरने के बाद भी उसकी आंखों में इतना तेज है जितना बड़े बड़े लाइव देशभक्तों में भी मिलना दुर्लभ है। आज उसे अस्पताल ने मरा घोषित कर दिया है। अस्पताल के पास अटेंडों के साथ मरने वालों की कमी नहीं तो लावारिस को मरने से कौन रोकता? इस संबंध में एक डीडीआर संख्या अमुक, दिनांक अमुक, महीना अमुक, बार अमुक, अमुक तिथि, अमुक थाने दर्ज करवाई गई है। जहां तक थाने को पता है, उसे दिवंगत साहित्यकार के कानूनी वारिसों की कोई जानकारी नहीं है। वैसे बड़े कम ऐसे साहित्यकार होते हैं जिनके कानूनी वारिस होते हैं। मृतक साहित्यकार की जेब में मोबाइल तो मिला है, पर उसमें सिम नहीं है। हां, उसके झोले से पांच सात प्रकाशकों के पते जरूर मिले हैं। इस बारे में जब थाने ने उन प्रकाशकों से संपर्क किया तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वे इस साहित्यकार को नहीं जानते। वे इस ही क्या इस तरह के किसी भी साहित्कार को नहीं जानते। उनके पास इस जैसे पचासियों साहित्यकार अपनी किताबें छापने को भेजते रहते हैं, उनके प्रकाशन हाउस के आगे पीछे घूमते रहते हैं। होगा कोई जिसने उनसे अपनी बेकार की किताब छापने को संपर्क किया हो। किताब प्रकाशन का पूरा खर्च उठाने वाले परमादरणीय साहित्यकारों के अतिरिक्त हम गंभीर किताबों तक को गंभीरता से नहीं लेते। पैसे देकर अपनी किताब छापने वाले जुझारू साहित्यकार चाहे लेखन के नाम पर कचरा ही क्यों न लिखे, हम अपने प्रूफ रीडरों से उसे चंदन बनवा सहर्ष छापते हैं। अतः हम केवल ऐसे ही आदरणीय, परमादरणीय, कालजयी साहित्यकारों की किताबों को छापते हैं, और उन्हीं साहित्यकारों का रिकॉर्ड हर थाने को उपलब्ध करवा सकते हैं जो अपनी किताब अपनी जेब से पूरा पैसे लगाने के बाद उसे बेचने का, सरकारी खरीद में भी लगवाने का माद्दा रखते हों। आज का प्रकाशक केवल प्रकाशक है।

## 20 दिन बाद युवती सकुशल बरामद

# नाबालिग युवती को छुपाकर रखने के आरोप में पुलिस ने किया अरेस्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पिछले दिनों बालूमाथ से एक बच्ची के अपहरण मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया हैं। साथ ही इस मामले में पुलिस ने रांची से एक को गिरफ्तार करने में भी सफलता पाई है। इस संबंध में एक प्रेस वार्ता कर पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने बताया कि विगत 7 अक्टूबर को अपनी नाबालिग पुत्री को एक किशोर एवं उसके दोस्तों के द्वारा छेड़छाड़ करने एवं अपहरण कर ले जाने के आरोप में बालूमाथ थाना काण्ड विभिन्न भादवि एवंपोक्सो एक्ट के अन्तर्गत काण्ड दर्ज किया गया था। एसपी ने बताया कि उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए



काण्ड का उदभेदन नाबालिक लड़की की बरामदगी एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु एक एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी द्वारा विशेष अनुसंधान एवं छापामारी दल के द्वारा तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर उक्त काण्ड की नाबालिग अपहृता को विद्यानगर रोड, कृष्णा मोहल्ला रांची से सकुशल बरामद किया गया है एवं अपहृता को छुपाकर रखने के आरोप में अप्राथमिकी अभियुक्त कामेश्वर प्रजापति उम्र 50 वर्ष, पिता स्व0 फकीरचन्द प्रजापति, ग्राम आई0टी0आई0 देवी मण्डप, ईटकी रोड थाना पण्डरा, जिल रांची को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। आगे एसपी ने बताया कि काण्ड अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी कि अपहृता को उसके फूफा हमेशा मारपीट एवं डांट-फटकार करते थे एवं स्कूल जाने से मना करते थे तथा कहते थे कि ज्यादा बदमाशी करोगी तो दसवीं के बाद शादी करवा देंगे साथ ही अपहृता को उनके परिजन हमेशा मारपीट एवं डांट-फटकार करते थे एवं स्कूल जाने से मना करते थे, जिससे प्रताड़ित होकर अपहृता अपने घर से निकलकर भाग गयी थी एवं अपनी सहेली के मदद से बालूमाथ से ऑटो में बैठकर मकईयाटांड़ गयी तथा वहां से बस में बैठकर रांची चली गयी थी।छापामारी दल में बालूमाथ डीएसपी दिल्लू लोहरा सहित कई पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## केसीसी ऋण और उगाही को लेकर शाखा प्रबंधक ने संध्या शिविर का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया करमा शाखा के प्रबंधक ज्योत्सना श्रेया ने प्रखंड के वैसे किस जो केसीसी ऋण लेकर खेती-बाड़ी कर जीवकोपार्जन के इच्छुक हैं और जो केसीसी ऋण ले चुके हैं ऐसे ऋण धारकों को लेकर गुरुवार को करमा पंचायत सचिवालय कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक की। शाखा प्रबंधक महोदया प्रभात मंत्र से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल है केरीसी ऋण योजना जो किसान केसीसी ऋ ण लेने को इच्छुक है वैसे किसान आवेदन करें और केसीसी का लाभ लेकर खेती बाड़ी कर अपना जीवन को बेहतर बनाएं। इस मौके पर बैंक कर्मी बलवंत कुमार करमा पंचायत के मुखिया पुत्र सह समाजसेवी शिबू यादव, उप मुखिया जयनंदन यादव, समाजसेवी करुणा सिंह, ग्राहक सेवा केंद्र संचालक वी प्रयाग रविदास बीरन पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## दो चचेरे भाई आपस में भिड़े जमकर हुई मारपीट एक का फटा माथा



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत द्वारी पंचायत में स्थित तिलैया गांव में बृहस्पतिवार सुबह दो चचेरे भाई घर से संबंधित विवाद को लेकर आपस में भीड़ गए। जिसमें कन्हैया यादव पिता स्व जगन यादव का माता फट गया। एवं आंख के नीचे गंभीर चोट लगी है। साथ ही उनकी पत्नी तिलिया देवी को भी गंभीर चोट आई है। कन्हैया यादव ने बताया कि इसका चचेरा भाई अखलेश यादव पिता तेजो यादव एवं उनकी पत्नी आपसी बात विवाद को लेकर उलझ गए। एवं डंडे से अखलेश यादव ने सेचेरे भाई को माथा में मार दिया। जिससे माता फट गया है। कन्हैया यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में बेहतरीन उपचार के लिए आया। एवं बेहतर इलाज करके स्वास्थ्य कर्मियों ने वापस भेज दिया है।

## पारिवारिक विवाद को लेकर युवक ने खाया जहर हुई मौत

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत द्वारी पंचायत गांव से दिल दहला देने वाली खबर सामने आया है बता दे की बुधवार की सुबह द्वारी गांव के रोहिणियाटांढ टोला के गुलजारी साव के पुत्र शंकर साव उम्र 24 वर्ष की जहर खाने से मृत्यु हो गई है। लोगों ने बताया कि मृतक शंकर साव घरेलू विवाद को लेकर सुबह जहर खा लिया। घर वालों को पता चला तो बेहतर इलाज के लिए तुरंत इसे हजारीबाग ले गए।जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतका की पत्नी ने थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत पत्र दिया है। जिसमें बताया गया है कि मृतका की मां का पास के ही विजय यादव ग्राम-(पिपरा कोनी) निवासी के साथ अवैध संबंध है। जिसको लेकर के मृतका ने अपने घर में रोकथाम के लिए बातें कर रहा था। कि विवाद बढ़ गया और जब बात नहीं बनने की लायक लगी। तो मृतका ने अपनी आपा खोकर विष पान कर लिया। आवेदन के अनुसार गिद्धौर थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। और प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान की जा रही है।

## मंझगावां प्रिमियर लीग का अंतिम महा मुकाबला मुख्य अतिथि होंगे डॉ. अभिषेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत मंझगांवा पंचायत के सिंदुआरी कला के बड़का मैदान में खेले जा रहे मंझगावां प्रिमियर लीग यानी M.P.L.-1 का आखिरी महा मुकाबला शुक्रवार को खेला जाएगा। यह मुकाबला लीग मैच में जीत कर आए प्रवेज़ आलम और प्रभात दुबे की टीम के बीच खेला जाएगा। M.P.L.-1 के आखिरी मुकाबले में मुख्य अतिथि भावी सांसद प्रत्याशी डॉ. अभिषेक सिंह होंगे। साथ हीं मंझगावां मुखिया सरिता देवी समाजसेवी बसंत नारायण सिंह पंचायत समिति सदस्य सह उप प्रमुख प्रीतम यादव के साथ-साथ कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

# उपायुक्त अबु इमरान ने धान अधिप्राप्ति व शिक्षा विभाग को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में धान अधिप्राप्ति को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं सहकारिता पदाधिकारी व शिक्षा विभाग से संबंधित शिक्षा पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से धान अधिप्राप्ति को लेकर 8 पैक्स के द्वारा किसानों से क्रय किए गए धान को अभी तक मिलर को नहीं भेजा गया है। की जानकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं सहकारिता पदाधिकारी द्वारा दी गई। इसपर उपायुक्त ने सख्त शब्द में कहा की जिन पैक्स के द्वारा अभी तक मिल में किसान द्वारा क्रय किए गए धान को नहीं भेजा गया है। और अंतिम मौका देने के पश्चात भी लापरवाही बरती गई है। उसपर




सख्त कार्रवाई करें। आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि कुल 11 पैक्स द्वारा धान मिलर को नहीं भेजा गया था पूर्व में दिए गए निर्देश के आलोक में तीन पैक्स द्वारा धान अथवा समतुल्य राशि जमा कर दिया गया है शेष 8 पैक्स द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। जिनका नाम निम्नलिखित है। भरही, घोड़ी घाट, बभने, रामपुर, सरदम, जोरी, बरवाडीह, परसौनी। जिला सहकारिता पदाधिकारी, चतरा को निर्देशित किया गया कि अगर भौतिक सत्यापन में संबंधित पैक्सों के पास धान की मात्रा शून्य पायी गई है, तो अविलम्ब समतुल्य राशि जमा करायेंगे। यदि समतुल्य राशि जमा नहीं करते हैं, तो उनके विरूद्ध नीलाम पत्र वाद दायर करते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी जाय।जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने प्रतिवेदन के माध्यम से जानकारी दिया कि माह अगस्त 2023 से विभाग से पैक्सों का धान की मात्रा के संबंध में भौतिक सत्यापन हेतु पत्र प्राप्त हो रहें हैं लेकिन इस संदर्भ में लापरवाही देखी जा रही है और खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2022-23 में कई कर्मियों एवं पदाधिकारियों द्वारा धान अधिप्राप्ति में अनियमित्ता देखी गई है। इसपर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अनियमित्ता में संलिप्तता अगर जिन अधिकारियों व कर्मियों का पाया जाता है उसपर सख्त कार्रवाई करें।उक्त बैठक में अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## सड़क हादसे मे एक की मौत



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत परियोजना पल्स टू उच्च विद्यालय के समीप मुख्य मार्ग पर बिते बुधवार रात्रि बाईक से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बरछिया ग्राम निवासी जगेश्वर उरांव (45) वर्ष पिता धांसी उरांव अपने बाईक जेएच 13 सी 7733 से सवार होकर टोंटी पंचायतके इटके ग्राम स्थित कटहलटोला अपने ससुराल गया था। बुधवार संध्या बाईक से अपने घर बरछिया लौट रहा था। इसी क्रम में परियोजना पल्स टू उच्च विद्यालय के समीप एनएच मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित होकर गिर गया. जिससे गंभीर रूप से घायल गया। घटना की सूचना बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी को मिलते ही सह दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घायल को तत्काल इलाज के लिए बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये। जहाँ चिकित्सक धुर्व कुमार ने जांच के पश्चात मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों को सौंप दिया।

## अज्ञात वाहन के धक्के से महिला घायल

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन के धक्के से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गंदोरी देवी 40 वर्ष पति स्व0 राजेंद्र नायक ग्राम कासियाडीह थाना बालूमाथ निवासी बसिया ग्राम से अपने घर पैदल वापस लौट रही थी। इसी दौरान बसिया ओवरब्रिज के समीप एक अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दिया और फरार हो गया। घटना के बाद राहगीरों के सहयोग से महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ध्रुव कुमार की देखरेख में महिला का प्राथमिक उपचार किया गया।

## बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बीडीओ ने किया बैठक दिए कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सह अंचल परिषर सभागार में वृशपतवार को बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के साथ प्रखण्ड बिकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने बैठक किया। एवं उपस्थित लोगों को कई दिशा निर्देश बताएं। आगे उन्होंने बताया कि 2024 निर्वाचन लोकसभा का चुनाव एवं साल के अंत में विधानसभा का चुनाव को लेकर मतदाता सूची से संबंधित सम्पूर्ण त्यारी कर लेनी है। एवं प्रत्येक बुथ में 18 वर्ष पूर्ण होने वाले लड़का लड़की स्त्री पुरुष का नाम मतदाता सूची में दर्ज कर लेना है।साथ ही साथ मृत्यु हुए व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची से हटाने की बात भी बीडियो ने कही है। आगे इन्होंने बताया कि एस एस आर के तहत 27 अक्टूबर से 15 दिसंबर के बीच चल रहे अभियान में 18 वर्ष पूरे हुए आयु के सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ लेनी है। मौके पर उपस्थित पंचायत सेक्टर सेवक दिगंबर पांडेय चितरंजन शर्मा उज्जवल कुमार सिंह बीपीओ रामकुमार सिंह तरुण कुमार एवं दर्जनों बिएलओ उपस्थित थी।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में गुरूवार को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह- प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी के अध्यक्षता में SSR-2024 (विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम - 2024 के क्रम में विशेष एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित बीएलओ को जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ कुमारी ने कहा कि मतदाता सुची का प्रकाशन 27 अक्टुबर 2023 को किया जाना है जबकि दावा आपति प्राप्त करने की निम्न तिथि 28 व 29 अक्टूबर 4 एवं 5 नवम्बर को प्रत्येक मतदान केन्द्र पर आयोजित की जाएगी साथ ही समाज के सिमांत वर्ग के मतदाताओं का पंजीकरण हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिसमें 28, 29, 30 नवम्बर 2023 को आदिम जनजाति समूह के एवं 80 प्लस वरिष्ठ नागरिकों का नामांकन किया जायेगा। इसके पश्चात 2 एवं 3 दिसम्बर को तृतीय लिंग यौन कर्मियों एवं अन्तराष्ट्रीय द्विवांग दिवस के अवसर पर निबंधन करने हेतु विशेष अभियान चलाया जायेगा। मौके पर आलोक कुमार दुबे, पर्यवेक्षक-प्रकाश कुमार, चंदन कुमार, प्रकाश कुमार यादव, बिमला कुमारी, सविता कुमारी, निलम देवी, नन्दनी देवी, अनिता देवी सुधा देवी, मेरी कुमुद मिंज सहित कई बीएलओ एवं पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

## समीक्षा बैठक में बीडीओ ने दिया कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** गुरुवार को बरवाडीह प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में मुखिया व प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक हुई जिसमें प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन,वन अधिकार समिति से संबंधित जानकारी ली गई। जहां प्रखंड में फिलवक्त 286 आवास अपूर्ण रहने पर बीडीओ ने नाराज़गी ज़ाहिर करते दस नवंबर तक सभी अधुरे आवास को पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं मनरेगा योजनाओं की समीक्षा में बिरसा हरित सिंचाई संवर्धन कूप योजना, पोटो हो विकास योजना अंतर्गत खेल मैदान निर्माण की स्वीकृति को लेकर संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया है। वहीं वन अधिकार अधिनियम के तहत पंचायतों में वनाधिकार समिति के गठन से संबंधित जानकारी ली, साथ ही आदिम जनजाति टोलों में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर पंचायत स्तर पर ग्राम सभा आयोजित करने का निर्देश दिया है। मौके पर आवास समन्वयक दीपक कुमार, बीपीओ त्रिवेणी राम, मुखिया आशा देवी, कालो देवी, आशीष कुमार सिंह समेत कर्मियों की मौजूदगी रही।

## उड़ीसा के मनोनीत राज्यपाल व पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से विधायक किशुन कुमार दास ने की शिष्टाचार मुलाकात



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उड़ीसा के मनोनीत राज्यपाल रघुवर दास से सिमरिया के लोकप्रिय विधायक किशुन कुमार दास ने रांची स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की।इस मौके पर झारखंड के प्रमुख तीर्थ स्थल मां भद्रकाली का स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया है। उड़ीसा के मनोनीत राज्यपाल एवम् झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास रांची स्थित आवास पर बुधवार शाम पहुंचे। उनके आगमन के तुरंत बाद ही सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास भी पहुंचे और उन्हें राज्यपाल बनाए जाने पर बधाई दी। इस मौके पर भाजपा के चतरा जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह, रत्न शर्मा, सुरेंद्र सिंह सहित अन्य भी उपस्थित थे।

## झारखंड के पूर्व मंत्री व डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर को देखते हुवे क्षेत्रों में नेताओं का आवागमन शुरू हो गया है।वही कई नेताओं की नजर चतरा को लोकसभा सीट पर टिकी हुवी है। दरअसल पूर्व मंत्री व डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके कृष्णानंद त्रिपाठी इन दिनों चतरा लोकसभा सीट से चुनाव की तैयारी को लेकर जनसंपर्क अभियान पर है।दौरे के क्रम में कुन्दा प्रखण्ड पहुँचने पर स्वयंसेवक संघ के लोगो ने इनका जोरदार समर्थन किया और कहा की आप चाहे किसी भी पार्टी से आए हमलोगों का जोरदार समर्थन आपके झोली में समर्पित रहेगा।वही कृष्णानंद त्रिपाठी ने कहा की चतरा लोकसभा वासी को पिछले 30 से 40 वर्षो में चतरा पलामू लातेहार तीनों जिला से बाहर के लोगों ने यहां का प्रतिनिधित्व किया है। जिसके कारण यहां का हिस्सा जो भारत सरकार में है वह नहीं लाया जा सका या उसके प्रति उनलोगों ने



रुचि नहीं दिखाई है। बाहरी लोगों ने चतरा को कभी अपना नहीं समझा, चतरा में प्रतिनिधित्व किया और फिर दूसरे जगह से सांसद बनने के तलाश में लगे रहते है। जिसके चलते आज भी चतरा का समुचित विकास नहीं हो पाया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पलामू आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र में आता है जिसके कारण यहां पर चुनाव रोटेशन आधार पर होना चाहिए जिससे दलित समेत सभी लोगों को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता जो नहीं हुआ है। वही आगे उन्होंने कहा की हम इसी लोकसभा के जन्मे व्यक्ति है और एयरफोर्स की नौकरी छोड़ने के बाद 1990 में राजनीतिक जीवन में प्रवेश किया हूं इसके नाते यहां का हिस्सा दिलाना मेरा कर्तव्य है। इसी को लेकर मैं चतरा लोकसभा के 336 पंचायत के लोगों का रायसुमारी कर रहा हूं। यदि सभी पंचायत के लोगों का रायसुमारी एक होगा तो फिर मैं अपनी पार्टी से टिकट मांगूंगा और चुनाव लडूंगा। इस दौरान ब्रह्मदेव सिंह कुशवाहा, कांग्रेस युवा जिला अध्यक्ष मोती पासवान, प्रखण्ड अध्यक्ष सह कुन्दा मुखिया मनोज साहू, प्रखण्ड सचिव संजय भुइँया, समाजसेवी अखलेश यादव, बिनोद साव, स्वयं सेवक संघ के जिला सचिव दिलीप साव, स्वयं सेवक अनुज साहू, कमलेश यादव, कृष्ण यादव, संतोष भोक्ता, अमलेश यादव, नवीन यादव, रूपेश यादव, रिंकू रजक, समेत सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए।

# मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं विभागीय निदेश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में एक जनवरी 2024 को अर्हता तिथि मानकर मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत दिनांक-27.10.2023 को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित है, दिनांक-27.10.2023 से दिनांक-09.12.2023 तक दावा एवं आपत्तियां दाखिल करने की अवधि निर्धारित है, उक्त तिथि में बी0एल0ओ0 के द्वारा घर-घर सत्यापन करते हुए फार्म-6, 7, 8 बी0एल0ओ0 ऐप के माध्यम से ऑनलाईन का कार्य किया जायेगा, मतदाता सूची का विशेष अभियान



दिनांक-28.10.2023, 29.10.2023, 04.11.2023, 05.11.2023 को निर्धारित है, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक-05.01.2024 शुक्रवार को किया जायेगा। इससे संबंधित की जा रही तैयारियों को लेकर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी चतरा द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। समीक्षा के क्रम में जिले में छुटे हुए योग्य मतदाताओं को एस.एस.आर. 2024 के तहत जोड़ने हेतु कई आवश्यक दिशा निदेश दिए। साथ ही स्वीप कार्यक्रम के तहत चलने वाले गतिविधि को भी गति देने की बात कही। जिससे स्वीप कार्यक्रम के तहत ज्यादा से ज्यादा मतदाता जागरूक हो और अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सके। आगे उन्होने सभी संबंधित को निदेशित किया कि मतदाता सूची त्रृटी रहित बने, कोई मतदाता न छुटे तथा वोटर टर्नआउट में वृद्धि हो। उन्होने बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील किया कि अपने अपने क्षेत्रों में आम जनों को जागरूक करें और निर्वाचन से संबंधित जुड़े अधिकारियों का सहयोग करें। उन्होने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निदेशानुसार सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक, ट्वीटर आदि पर एक घंटे का विशेष हैश टैग अभियान दिनांक-27.10.2023 को 11:00 बजे से 12:00 बजे के बीच चलाया जाना निर्धारित है। मुझे अपने बी0एल0ओ0 पर गर्व है की थीम पर उक्त 01 घंटे का अनुठा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। बी0एल0ओ0 के कार्य को समुचित सम्मान देने व उनका उत्साह वर्धन करने के लिए आगामी 27.10.2023 को पूर्वाहण 11:00 बजे से 12:00 बजे के बीच एक घंटे तक हैश टैग अभियान # प्राउड ऑफ माई बीएलओ चलाया जाना है। उक्त अवधि के दौरान सभी पदाधिकारी, कर्मियों, आम जनों द्वारा अपने मतदान केन्द्र पर जाकर वहां उपस्थित बीएलओ के साथ सेल्फी, फोटो लेकर अपने-अपने सभी सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के सोशल मीडिया हैंडल पर टैग करने का अपील किया। उपायुक्त ने इसे लेकर जिला, अनुमण्डल, प्रखण्ड के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने स्तर से कर्मी एवं आम जनों को बूथ पर जाकर बी0एल0ओ0 के साथ सेल्फी, फोटो लेकर अपने सभी सोशल मीडिया हैंडल पर #प्राउड ऑफमाई बीएलओ के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड को टैग करवाएं वहीं बैठक में उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के शेड्यूल में संशोधन किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन कुज्जू क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव रामचंद्र वर्मा का निधन

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन सीसीएल जोन कुज्जू क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव रामचंद्र वर्मा का निधन होने पर पूरे हजारीबाग यूनिट के मजदूर एवं पदाधिकारी शोक व्यक्त किये। साथ में क्षेत्र के सभी सदस्य मायूस हो गए साथ में दिव्यांग आत्मा के लिए प्रार्थना भी किये। साथ में उनके परिवार को सहनशक्ति देने के लिए ईश्वर से भी प्रार्थना किये। वही जेसीएमयू के अध्यक्ष कुर्बान अंसारी ने बताया की यह ऐसे नेता थे की झारखंड आंदोलनकारी के साथ-साथ झारखंड मजदूर यूनियन के बहुत ही पुराने अनुभवी नेता थे यह ऐसा नेता थे कि मजदूर किसान के हित के लिए हमेशा ही लड़ाई करते थे। किसी भी मजदूर को उनका हक दिलाने में आगे रहते थे यह झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन के गुरु भी हैं मुख्य रूप से कुर्बान अंसारी जेसीएमयू अध्यक्ष,अकाल उरांव जेसीएमयू सचिव,राजकुमार वर्मा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, मो अनवर क्षेत्रीय सहसचिव, डालचंद महतो जोनल सहसचिव,धीरज मांझी सचिव जीएम यूनिट,सोमर मुंडा अध्यक्ष जीएम यूनिट, इशाक अंसारी, अब्दुल बारीक, दिनेश्वर रविदास, महेश साव,सहित हजारीबाग क्षेत्रीय कमेटी के सैकड़ों पदाधिकारी एवं मजदूर के आँखे नम हो गया।

### अंतिम संस्कार में शामिल हुए टीएसएस केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के गौरियाकरमा निवासी समाजसेवी राजेश ठाकुर के पिता अर्जुन ठाकुर का आकस्मिक निधन हो गया। जिसकी सूचना मिलने पर टीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष तिलेश्वर साहू अरूण साहू मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे और उनके अंतिम यात्रा में शामिल हुए। मौके पर श्री साहू ने कहा कि उनका यूं चला जाना पूरे परिवार व समाज लिए एक बड़ी हानि है। उनके परिवार के लिए यह अत्यंत दुखद वक्त है। इस दुखद परिस्थिति में टीएसएस के सभी साथी उनके साथ हैं और उनके प्रियजनों के साथ हमारी गहरी संवेदनाएं हैं। मौके पर उनके पुत्र राजेश ठाकुर, मिथुन ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, टीएसएस के बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, बरही मीडिया प्रभारी बबलू साहू, गौरियाकरमा पंचायत अध्यक्ष राजू मेहता, बद्री साव, रवि सिंह, दशरथ महतो, रामचंद्र विश्वकर्मा, सकलदेव पांडे, सुरेश ठाकुर, गोविंद ठाकुर, लखन ठाकुर सहित अन्य परिवार के लोग शामिल थे।

### बरही में नम आंखों से श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को दी विदाई

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड व विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार देर शाम को भक्तों ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। उससे पहले महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगा मां दुर्गा से आशीर्वाद ली। इसी के साथ पिछले नौ दिनों से चल रहा शारदीय नवरात्र गुरुवार को माता के नवें स्वरूप मां का पूजा अर्चना के साथ समाप्त हो गया। नौ दिनों तक शहर के हजारों श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की आराधना कर अपने व परिवार एव क्षेत्र की सुख समृद्धि की मंगल कामना की। बरही शहर से पांच पूजा स्थलों के मंदिर और पंडालों का प्रतिमा विसर्जन के लिए शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में बरही गया रोड, धनबाद रोड पटना रोड व हजारीबाग रोड के पंडालों व मंदिरों की प्रतिमा शामिल थे। जिसमें महिलाओं की अपार भीड़ उमड़ी। विसर्जन दौरान डीजे साउंड में दुर्गा माता की भक्ति गीतों महिला झूम रहे थे। पुरुषों की भी टोली भक्ति गीतों में थिरक रहे थे। मूर्ति विसर्जन के दौरान बरही प्रशासन समेत सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता का अहम योगदान रहा।

### प्रमाणिक जन सेवा मिशन के द्वारा संपूर्ण सेल का आयोजन 5 नवंबर को

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रमाणिक जन सेवा मिशन के द्वारा दूसरी बार संपूर्ण सेल का आयोजन किया जा रहा है। यह संस्था नारी शक्ति के द्वारा चलाए जा रहा है। इस सेल के माध्यम से 10 रू में वस्तुएं जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाई जाएगी। आप सभी हजारीबाग वासियों से आग्रह है कि आप जिस वस्तुओं को खराब समझ कर फेंकने की इच्छा रख रहे हैं कृपया उसे प्रमाणिक जन सेवा मिशन की महिलाओं को समर्पित कर दे । उनके द्वारा 3 नवंबर तक वस्तुएं लिया जाएगा। वस्तुओं में इलेक्ट्रॉनिक आइटम, खिलौने, जूता चप्पल, कपड़ा इत्यादि समान शामिल है। आप अपने वस्तु को भावना जैन तनिष्क शोरूम के सामने जीजीएस रोड, खुशबू जैन पंजाब नेशनल बैंक के पीछे बाडम बाजार, निकिता जैन इमली कोटी, शिवम नार्सिग होम के पास, रिशु जैन आईसीआईसी बैंक के पास पैगोडा चौक ओकनी रोड,वर्षा जैन महेश सोनी चौक, केबी सहाय रोड गायत्री मंदिर के पास आप अपनी वस्तुएं जमा कर सकते हैं। आपके द्वारा दिए गए वस्तु को बेहतर तरीके से एक स्टॉल के माध्यम से 5 नवंबर को जैन भवन की सभागार में लगाया जाएगा। जरूरतमंद व्यक्तियों को 10 रु में दिया जाएगा। 10 रु के सहयोग से आए राशि को सामाजिक सेवा में लगाया जाएगा। सलोनी सेठी ने बताया की दिवाली के मौके पर घर को संवारने के उद्देश्य से ही कार्य किया जा रहा है। आपके द्वारा भले ही वह वस्तु किसी काम की नहीं रही पर किसी व्यक्ति के लिए वह बहुत काम की है इसी दृष्टिकोण से इस कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा है। हम आगरा करते हैं कि इस कार्यक्रम में समस्त हजारीबाग वासियों बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और हम नारी शक्तियों का मनोबल बढ़ाएं।

### आज से सोशल मीडिया पर 1 घंटे का विशेष अभियान

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैन्सी सहाय ने निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में फेसबुक, ट्विटर आदि पर 1 घंटे का विशेष ''हैश टैग अभियान'' आज से सुबह 11 से 12 बजे के बीच चलाने का निर्देश दिया है7 ''मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है'' की थीम पर उक्त एक घंटे का अनूठा कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि पूरी निर्वाचन प्रणाली में हमारे बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके कार्य को समुचित सम्मान देने व उनका उत्साहवर्धन करने के लिए आज पूर्वान्ह 11 बजे से 12 बजे के बीच 1 घंटे तक सोशल मीडिया पर हैश टैग अभियान सक्क्ष्हस्हद्दस्थ्क्क्ह चलाया जा रहा है। बताया कि आज सभी बूथों के बीएलओ अपने-अपने बूथ पर मौजूद रहेंगे ऐसे में राज्य के अधिकारियों, कर्मचारियों, मतदाताओं, विभिन्न वर्गो के सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं, छात्र-छात्राओं से अपील की जा रही है कि वे अपने बूथ पर मौजूद अपने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ सेल्फी लेकर सुबह 11 से 12 बजे के बीच अपने-अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उपरोक्त हैशटैग के साथ पोस्ट करें। उन्होंने कहा कि उक्त अभियान न केवल मतदाता जागरूकता के लिए सहयोगी साबित होगा बल्कि पूरे निष्ठा से कार्य कर रहे सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के मनोबल को बढ़ाने वाला भी होगा। उन्होंने सभी जिलों में सक्रिय सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर युवा ओं से भी अपील की है कि वे इस अभियान को सफल बनाने हेतु अपने स्तर से भी यथासंभव स्वैच्छिक सहयोग प्रदान करें।

## दौरवा में दशहरा का एकादशी आदिवासी जतरा मेला की रही धूम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के खोड़ाहर पंचायत के सुंदर वादियों व प्रकृति के गोद में बसा दौरवा गांव है। जहां जतराटांड का मैदान में विगत वर्षो की भांति दुर्गा पूजा के बाद एकादशी तिथि बुधवार को आदिवासी जतरा मेला का आयोजन काफी धूमधाम से किया गया। जिसका उद्घाटन बरही विधायक उमाशंकर अकेला, विशिष्ठ अतिथि प्रमुख मनोज रजक, समिति सचिव सिलमनी वेक, कोषाध्यक्ष अनीता कुजूर, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, जिला परिषद सदस्य अनीता देवी, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, अशोक सिंह, युवा नेता मनोहर यादव, मुखिया खीरोधर यादव, महिला नेत्री कविता देवी, सेवा निवृत रेंजर दिलीप एक्का, जगदीश उरांव, पंसस विकास सिंह, रंजीत मेंज, सुरेंद्र एक्का, सोमर टोप्पो, मनीषा मिंज, सुखदेव उरांव, राजीव तिर्की, सुनील एक्का, मनीष मिंज, राजेश मिंज, राजेश उरांव आदि ने किया। मेले में आदिवासी समुदाय समेत सभी समुदाय के लोग शामिल हुए। पूजा स्थल पर आदिवासी समुदाय का प्रकृति पूजन का अनमोल विरासत देखी गई। मेले में आदिवासी महिला-पुरुषों ने अपने पारंपरिक वेशभूषा में पूरे जोश के साथ सामूहिक नृत्य, संगीत की प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मांदर के थाप पर विधायक भी झूम उठे और आदिवासी नृत्य कलाकारो का हौसला बढ़ाया। समारोह का संचालन पप्पू एक्का व अध्यक्षता आदिवासी जतरा मेला समिति अध्यक्ष सह हजारीबाग जिला महापौर रौशनी तिर्की के द्वारा की गई। मौके पर विधायक ने कहा कि आदिवासी हमारे पूर्वज और धरोहर हैं और देश की शान है। इस देश के शासनकाल में मुगल और अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में अनगिनत आदिवासियों ने अपने प्राण की आहुति दी है। आज भी हमारे राज्य में आदिवासियों का जीवन निचले स्तर की है। हमारे क्षेत्र के जन जातीय समुदाय अभी भी शहर के चमक धमक से कोसों दूर है, जिसके पास संसाधन का काफी अभाव है। वहीं पूर्व रहे विधायक और सांसद को कोसते हुए कहा कि विडंबना है कि कई दशकों से हमारे क्षेत्र में जंगलों में रह रहे आदिवासी समुदाय के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं करा पाई है। वहीं उन्होंने कहा कि जो इनकी उचित मांग है उसे पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही कहा कि अगले वर्ष जतरा मेला स्थल पर भगवान बिरसा मुंडा का प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। वहीं गणेश यादव ने कहा कि एनएच 33 मुख्य मार्ग से जतरा मेला तक कच्ची सड़क को पक्की चौड़ी सड़क निर्माण एवं कुंडवा आरईओ सड़क से जगदीश उरांव के घर का पक्की सड़क निर्माण के लिए जिप सदस्या के माध्यम से जिला उपायुक्त अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक उनका इस पर ध्यान नहीं गया है।

## पूर्व विधायक मनोज यादव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व अमर बाउरी से किया मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भाजपा नेता सह बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने रांची स्थित भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह सूबे के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के आवास पर जाकर शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने झारखण्ड विधानसभा प्रतिपक्ष नेता अमर बाउरी से भी मुलाकात की। साथ ही आगामी 28 अक्टूबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आगमन को लेकर भी चर्चा हुआ। इस दरम्यान उन्होंने आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा परिचर्चा किया। उन्होंने राजनीतिक परिचर्चा के दरम्यान कहा कि वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार काफी बढ़ा हुआ है। रिश्वत के बिना किसी भी कार्यालय में कोई काम नही हो रहा है। हरेक विभाग के पदाधिकारी तानाशाही रवैया अपनाकर आमलोगों को बेफिजूल परेशान कर रहे है।

## नाम जोड़ने और हटाने के लिए आज से 7 दिसंबर तक चलेगा अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची को संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों में बदलाव कर दिया है। अब मतदाता सूची में नाम जोड़ने, त्रुटि में संशोधन करने वा नाम हटाने के लिए आज से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जबकि निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2024 को किया जाएगा। बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी सी.आर. इंदवार ने बताया की मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ के माध्यम से सभी मतदान केंद्रों पर फॉर्म 6 मे



नाम जोड़ने, फॉर्म 7 में मतदाता सूची से नाम हटाने वा फॉर्म आठ में मतदाता सूची में त्रुटिपूर्ण नाम में सुधार के लिए आवेदन लिए जाएंगे। उन्होंने कहा की योग्य लोगों का नाम मतदाता सूची में नही जुड़ा है या नाम, उम्र, लिंग में त्रुटि है, वह विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अपने संबंधित मतदान केंद्रों पर पहुंचकर आयोग द्वारा जारी किए गए प्रपत्र में बीएलओ के पास आवेदन देने की अपील की है। साथ ही साथ उन्होंने सभी बीएलओ को भी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की अवधि में अपने - अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है।

## पूर्व सांसद का मनाया गया 83वां जन्मदिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य महासचिव हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता की 83 वी जन्मदिन के शुभ अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों द्वारा बधाई देते हुए बुक देकर सम्मानित किया गया।

वहीं पूर्व सांसद ने बताया कि 83 साल में मेरे साथ कई कठिन से कठिन परिस्थितियों को सामना करना पड़ा। मैं 1961 मे छात्र जीवन से अपनी राजनीति शुरू कर अभी इस जगह तक हूं। मैं 1972 में कटकमसांडी के लुपंग पंचायत के मुखिया और उप प्रमुख एवं प्रभारी प्रमुख बनकर बरकट्ठा विधानसभा के -दो बार विधायक एवं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद का जीवन तय किया। जब तक सांस चलेगी। मैं हजारीबाग के जनता एवं अपने कार्यकर्ताओं की मान सम्मान में कहीं ठेस न पहुंचे दूंगा। सभी समस्याओं के समाधान के लिए अंतिम सांस तक लड़ने को तैयार हूं। इसी बीच उन्होंने कई आपबीती वयथा भी सुनाया।

## काली पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर रोचाप में बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** प्रखंड अंतर्गत पालू पंचायत में श्री श्री काली पूजा समिति रोचाप की बैठक काली मंडप परिसर में हुई।जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया गंगाधर महतो एवं संचालन सरोज कुमार ने किया। बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम रोचाप में काली पूजा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से और हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए बैठक में पूजा समिति का भी गठन किया गया है। जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक के रूप में गंगाधर महतो( पूर्व मुखिया )एवं महेंद्र कुमार महतो और अध्यक्ष पद के लिए पवन कुमार सिंह उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो सचिव सरोज कुमार उपसचिव विजय महतो कोषाध्यक्ष देवनारायण महतो उप कोषाध्यक्ष चेतक महतो पूजा प्रभारी रामजित महतो सह प्रभारी सिकंदर कुमार पूजा पंडाल एवं स्टेज प्रभारी सुरेंद्र महतो सह प्रभारी उमेश कुमार महतो का चयन किया गया ढ्ढ इसके अलावा ग्राम रोचाप अंतर्गत ऊपर टोला,झुमरी टोला,कस्तूरीटॉड, डोकाटॉड इन सभी टोला से लोगों को समिति में सदस्य के रूप में रखा गया है। मौके पर प्रयाग महतो,रामजीत महतो,मुंशी महतो,विश्वनाथ प्रजापति,बितू महतो विजय महतो सुरेंद्र महतो राजेंद्र सिंह और गुड्डू सिंह आदि ग्रामीण उपस्थित थे ।

## प्रखंड क्षेत्र में दुर्गापूजा पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा, बेलकप्पी, गोरहर, बरंवा, घंघरी, गैडा आदि क्षेत्रों में दुर्गापूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया.मां दुर्गा के प्रतिमा बिसर्जन के दौरान भक्तों एवं माताएं-बहनों ने मां दुर्गा की आराधना करते हुए नम आंखों से प्रतिमा बिसर्जन में शामिल रहे.वंही पूजा पंडालों एवं प्रतिमा बिसर्जन के दौरान स्थानीय प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था का ख्याल रखते हुए.पूरे मुस्तैदी के साथ पूजा एवं प्रतिमा बिसर्जन करवाने में अग्रणी भूमिका निभाई गई.वंही पंचायत बेलकप्पी में दुर्गा पूजा के अवसर पर माँ शारदीय दुर्गा पूजा एवं शोभा समिति के द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया,गोरहर थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार,बेलकप्पी मुखिया ललिता देवी,पूजा समिति अध्यक्ष जयनंदन पाण्डेय,शोभा समिति अध्यक्ष सुरेश कुमार पांडेय अन्य गन्यमान्य लोगो ने संयुक्त रूप से फीता काट कर व दीपपृज्व्लीत कर किया। इस दौरान मौके पर आयोजक समिति के द्वारा उपस्थित अतिथियों व स्थानीय जनप्रतिनिधि को माला पहना अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया ने कहा कि पूजा अर्चना व धार्मिक अनुष्ठान से मन को शांति मिलती हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम आपसी सौहार्द को बढ़ाता है। इसमें कलाकारों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। साथ ही लोग संगीत से आनंदित होते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोगों में समानता उत्पन्न होती है। तथा आपसी भाईचारे का समन्वय बनता है। मौके पर समाजसेवी सी .के पाण्डेय ने कहा कि नवरात्र के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने जिस आस्था, उत्साह और उल्लास के साथ नो दिनों तक लगातार उपवास रहते हुए माता रानी का आहवान किया,जो बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को सुख,शांति,समृद्धि की मंगल कामना करते हुए सभी को दशहरा की शुभकामनाएं दी। थाना प्रभारी गोरहर शशिभूषण कुमार ने उपस्थित दर्शकों से अपील करते हुए कहा कि भक्ति जागरण कार्यक्रम आपके लिए ही है। सभी लोग शांतिपूर्वक कार्यक्रम का आनंद लें। सांस्कृतिक कार्यक्रम दिल बहलाने का एक मात्र साधन है।सौहार्दपूर्ण तरीके से शांति भंग न करते हुए भक्ति जागरण कार्यक्रम का लुफ्त उठाएं। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी सी के पाण्डेय,जयनंदन पाण्डेय,सुनील पाण्डेय,सुशील पाण्डेय, रामतीर्थ पाण्डेय, दिबाकर पाण्डेय,त्रिपुरारी पाण्डेय, किशोरी ठाकुर, कैलाश माली,राजकुमार गिरी, बास्की गिरी मिथलेश पाण्डेय, हुलास नायक,दशरथ राम, बीरेंद्र पाण्डेय,राजकुमार पाण्डेय, धीरेंद्र पाण्डेय, विकास पाण्डेय,लालबहादुर पाण्डेय,तेजनारायण पाण्डेय, लक्ष्मण गोप,सुरेश पाण्डेय, अनुज पाण्डेय, चंदन पाण्डेय, जयराज पासवान, रिंकु माली, बबलू पाण्डेय, पंकज पाण्डेय, शेषनाथ सिंह, रिंकु पाण्डेय, बबलू पासवान, राजेन्द्र तिवारी, अभय पाण्डेय, जागेश्वर नायक, आशीष पाण्डेय, रिंकु पासवान, सचिन पासवान, राजू पासवान, कपिलदेव पासवान, जितेंद्र पासवान, ज्ञानदीप पाण्डेय, समिति के पदाधिकारी, हजारों की संख्या में ग्रामीण एवं पूजा एवं शोभा समिति के सदस्यो का योगदान रहा।

## स्व. सिकंदर निषाद की मनाई गई पहली पुण्यतिथि, पूजा समिति के लोगों ने किया याद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड के द्वारा विजय दसवीं विसर्जन कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व. सिकंदर निषाद का पहली पुण्यतिथि बनाई। मौके पर पूजा समिति के लोग एवं राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ताओ ने नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। उसके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर 2 मिनट का मोन रखते हुए सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर उनके दोनों पुत्र अभिषेक निषाद व अंकित निषाद समेत उनके परिजन मौजूद थे। वही पूजा समिति के अध्यक्ष उदय केसरी, सचिव बलराम केशरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, बरही पश्चिमी पंचायत मुखिया शमशेर आलम समेत कई लोगों ने उनके बीते कार्यो का सराहना किया। मौके पर उप मुखिया अजित निषाद, पप्पू चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष शिवा निषाद, सुरेंद्र निषाद, मुकेश मद्धेशिया, सुजीत कुमार, कोषाध्यक्ष बिनोद केसरी, महासचिव बलराम केसरी, सचिव पप्पू प्रसाद केसरी, शैलेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, सुंदरी निषाद, रामानंद सिंह, सदस्य वीरेंद्र विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार, विजय जायसवाल, राजू निषाद, गौरव गुप्ता, प्रदीप चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

## बरही में जला बुराई का प्रतीक रावण समेत कुंभकर्ण और मेघनाथ, उमड़ा जनसैलाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड मैदान में सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति धनबाद रोड, बरही के बैनर तले भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आतिशबाजी के बीच बुराई का प्रतीक रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण का पुतला दहन किया गया। दहन कार्यक्रम का मुख्य अतिथि तिलेश्वर साहू सेना अध्यक्ष अरुण साहू ने अग्नि बाण छोड़ा जिससे रावण, कुंभकरण और मेघनाथ का पुतला को अग्नि के हवाले करते ही तीनो पुतला धू धू कर जला उठा। सभी पुतले 45 से 50 फीट ऊंचे थे। कार्यक्रम को लेकर बरही पुलिस और प्रशासन मुस्तैद दिखी। करीब दस हजार से अधिक दर्शकों की भीड़ से प्रखंड मैदान पूरा भरा हुआ था। इस मौके पर तिलेश्वर साहू सेना अध्यक्ष अरुण साहू ने दशहरा विजय दसवीं के अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि लंका अधिपति रावण जो त्रिकाल दर्शी थे, जिन्हें अहंकार अंधा बना दिया था और उसे अच्छाई पर पर्दा पड़ा गया था जिसके कारण वह माता सीता का हरण करने का अपराध कर बैठा। फलस्वरूप प्रभु श्रीराम के हाथों रावण सहित उनका कूल का विनाश हुआ। हमलोग हरेक साल बुराइयों को मिटाने के लिए रावण दहन करते हैं।

लेकिन अपने अंदर छिपे रावणत्व को समाप्त नहीं करते। हमें आज के दिन से ही सबक लेना चाहिए कि बुराइयों और अहंकार को त्याग कर सत्य मार्ग को अपनायें।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय को वर्किंग प्रोफेशनल में डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के लिए एआईसीटीई से मिली मान्यता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** किसी भी कंपनी में काम कर रहे लोग भी अब इंजिनियर बनने के सपने को साकार कर सकते हैं। दरअसल आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग को तीन वर्षीय डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग की मान्यता मिलने के बाद अब वर्किंग प्रोफेशनल में डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग की भी मान्यता एआईसीटीई के द्वारा प्रदान की गई है। उक्त जानकारी आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने दी। उन्होंने कहा कि वर्किंग प्रोफेशनल में डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के लिए इलेक्ट्रिकल, सिविल और कंप्यूटर साइंस में मान्यता प्रदान की गई है। इस कोर्स के लिए न्यूनतम अनिवार्य योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण है। उन्होंने बताया कि इस कोर्स में वैसे लोग भी नामांकन कराकर इंजिनियर बनने का सपना साकार कर सकते हैं, जो किसी पंजीकृत इंडस्ट्री या कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि काम कर रहे लोगों के लिए ऑनलाइन कक्षाओं की सुविधा के साथ साथ शाम या सुबह में ऑफलाइन या विद्यार्थियों के सुविधानुसार कक्षाओं की सुविधा भी प्रदान की जाएगी ताकि काम करते हुए भी आसानी से इन क्षेत्रों में पढ़ाई पूरी की जा सके। डॉ गोविंद ने बताया कि किसी पंजीकृत इंडस्ट्री या कंपनी से एक वर्ष का अनुभव पाए व्यक्ति सीधे दूसरे वर्ष में नामांकन करा सकता है।उन्होंने बताया कि यह कोर्स दरअसल काम कर रहे लोगों के लिए अधिक लाभप्रद साबित होगा। साथ ही इन कोर्सों से कौशल विकास को और मजबूती मिलेगी।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## यूएसएआईडी ने यश एंटरप्रेन्योर्स प्रोग्राम के समूह के विजेताओं की घोषणा की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) मोमेंटम कंट्री एंड ग्लोबल लीडरशिप- इण्डिया-यश प्रोजेक्ट, जिसका नेतृत्व जॉन्स हॉपकिन्स की सहयोगी कंपनी झपीगो ने एक जानीमानी सामाजिक उद्यम इनक्यूबेटर विल्ग्रो के साथ मिलकर किया है। उसने यश एंटरप्रेन्योर्स प्रोग्राम के लिए चयनित सामाजिक उद्यमों के दूसरे समूह के चयन की घोषणा कर दी है।अप्रैल 2022 में लॉन्च किया गया, यश एंटरप्रेन्योर प्रोग्राम युवाओं और किशोरों को बेहतर परिवार नियोजन और प्रजनन स्वास्थ्य (एफपी/आरएच) सेवाओं तक पहुंचने में क्रांति लाने वाले समाधान में निवेश करने के लिए भारत भर के उद्यमों का समर्थन करता है। उद्यमियों के शुरुआती समूह की घोषणा अगस्त 2022 में की गई थी, जिसमें सात सामाजिक उद्यमों को चुना गया था, जिन्होंने मासिक धर्म स्वच्छता (पैडकेयर लैब्स, ग्रीन डिलाइट इनोवेशन) और यौन तथा प्रजनन स्वास्थ्य (यूवीआई हेल्थ, पिंकी प्रॉमिस, अंतरंगता और स्टैंड वी स्पीक) के साथ - साथ मानसिक कल्याण (दैट मेट) से संबंधित समस्याओं को हल करने पर केंद्रित नए उत्पाद और सेवाएं विकसित करी थी।आज घोषित 11 उद्यम कार्यक्रम के दूसरे समूह में शामिल किए गए हैं, जो स्केलेबल समाधानों के साथ भारत में परिवार नियोजन और प्रजनन स्वास्थ्य के लिए उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाएंगे।

## हेसला मोटरसाइकिल टक्कर में एक घायल

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नईसराय- अरगड्डा मुख्य सड़क के मध्य हेसला शिव मंदिर के समीप बीते रात्रि बुधवार को दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे लोगों की सहायता से रामगढ़ इलाज के लिए भेजा गया। बताया जाता है कि टक्कर में सिरका के शिवलाल गुप्ता को चोट लगी हैं। जो अपने आवास रांची रोड बाइक से जा रहे थे। जबकि दूसरी तरफ रामगढ़ से एक अज्ञात मोटरसाइकिल आ रहा था। घायल का उपचार रांची के प्राइवेट अस्पताल में चल रहा हैं।

## राज्यपाल मनोनीत होने के बाद रघुवर दास पहुंचे रांची, हुआ जोरदार स्वागत

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को केंद्र सरकार ने उड़ीसा का राज्यपाल मनोनीत किया हैद्य उड़ीसा के राज्यपाल बनाए जाने की घोषणा के बाद रघुवर दास आज देर शाम रांची पहुंचेद्य जमशेदपुर से रांची आने के क्रम में रघुवर दास को जगह-जगह पर कार्यकर्ताओं ने रोक कर स्वागत किया । रांची आवास में रघुवर दास के पहुंचने के बाद बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थको नहीं स्वागत कियाद्य भाजपा की वरिष्ठ नेता और रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रंणजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने रघुवर दास को बुके प्रदान कर और अंगवास प्रदान कर स्वागत किया द्य रघुवर दास को राज्यपाल बनाए जाने पर बधाई दियाद्य वही रघुवर दास के स्वागत के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश प्रसाद, पंचम सिंह,धनंजय कुमार पुटुस,भोला कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मां दुर्गा को खोईचा भरकर दी गई नम आंखों से विदाई

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा के पूजा मंडप से मां दुर्गा को महिला भक्तों द्वारा गुड़ से मुंह मीठा करवाने के बाद खोईचा भरकर नम आंखों से विदाई दी गई। अबीर गुलाल उड़ाते व लगाते हुए भक्तों ने मां की प्रतिमा विसर्जन यात्रा रोलर चौक, बाजार होते हुए निकला। गाजेबाजे के साथ मां दुर्गा के जयकारे लगाते हुए प्रतिमाओं का विसर्जन पास के अरगड्डा दामोदर नदी तट पर किया गया। वहीं बीते रात्रि जागरण का भी आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने मां काली, मां दुर्गा, समेत विभिन्न रूप धरकर मां शक्ति की लीलाओं का प्रदर्शन किया। जिसे देखने वाले लोगों ने सराहा। मौके पर पूजा समिति के सदस्य व अन्य भक्तजन मौजूद थे।

## बरकाकाना ओ पी प्रभारी मणिदीप कुमार को बनाया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के द्वारा बरकाकाना ओ पी प्रभारी मणिदीप कुमार को बनाया गया। इस मौके पर बरकाकाना ओपी प्रभारी मणिदीप कुमार ने बताया कि विधि व्यवस्था को व्यवस्थित करना ही मेरा पहला लक्ष्य रहेगा किसी को भी क्षेत्र में कोई समस्या है तो वह अपनी समस्या सीधे मुझे बता सकते हैं ।

## लापता अमन 18 घंटे बाद चाइल्ड लाइन रामगढ़ के सार्थक प्रयास से सकुशल मिला, घरवालों में खुशी

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ओरला निवासी राधे करमाली का दस वर्षीय पुत्र अमन की सकुशल घर वापसी होने से परिजन काफी खुश हैं।अमन की सकुशल घर वापसी में रामगढ़ चाइल्ड लाइन ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जानकारी के अनुसार दस वर्षीय अमन बोल नहीं पाता है।वह बुधवार को अपने गांव ओरला से भटक कर हेसागढ़ा पहुंच गया था। जहां एक पारा शिक्षक मनीष की नजर उक्त बालक पर पड़ी। उसने 1098 पर इसकी जानकारी रांची को दिया। बताया जाता है कि रांची से चाइल्ड लाइन रामगढ़ को मिली सूचना पर देवंती देवी व अनिता देवी ने हेसागढ़ा पहुंच कर अमन को अपने साथ लेकर चाइल्ड लाइन रामगढ़ कार्यालय पहुंची। इधर अमन के लापता होने की जानकारी सोशल मीडिया में दे दी गई। जिसमें दिए गए मोबाइल नंबर से संपर्क कर अमन के घर वालों को चाइल्ड लाइन रामगढ़ में अमन के होने की जानकारी दी गई। जहां अमन के घरवालों सहित जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतेंद्र प्रसाद साहू, पंचायत पूर्व मुखिया निर्मल करमाली आदि ने पहुंचकर अमन को सकुशल घर वापस ले आए। बिछड़े अमन को पाकर उसके परिजन सहित ग्रामीणों में खुशी है।

## मगनपुर निवासी एक युवक की कोयम्बटूर में हुई मौत

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ जिला के गोला थाना क्षेत्र के मगनपुर गाँव निवासी मुन्ना महतो के पुत्र अनीश कुमार (21 वर्ष) की मौत गत दिन कोयंबटूर में हो गई। इसकी सूचना परिजनों को 25 अक्टूबर को मिली। परिजनों ने बताया कि अनीश कुमार कोयंबटूर में एक निजी क्षेत्र की कम्पनी लार्सन एंड टूब्रो (एल एंड टी) में कार्यरत था। मृतक घर का एकलौता पुत्र था। उसकी मौत की सूचना मिलते हीं गाँव में मातम छा गया तथा घरवालों एवं अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शव के गाँव पहुँचते हीं शोकाकुल ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते हीं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी मृतक के घर पहुँची तथा शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी कि शोक की इस घड़ी में हम सभी आपके साथ हैं।

## अज्ञात टैंपो की टक्कर से बाइक सवार घायल नर्सिंग होम में भर्ती

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत बोंगाबार कोयरीखेत के पास अज्ञात टैंपो की टक्कर से एक मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह कुजू लकड़ी गेट निवासी सोनू रविदास ( 20वर्ष) पिता झूमका रविदास रांची से मोटरसाइकिल संख्या जेएच 02 ए जेड/5456 पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहा था। ज्योंहि वह फोरलेन बोंगाबार कोयरीखेत पहुंचा,फल लदे एक अज्ञात टैंपो ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मारी।इस घटना में सोनू रविदास मोटरसाइकिल सहित गिर पड़ा। उसे लहूलुहान हालत में स्थानीय लोगों व कुजू ओपी पुलिस की मदद से पास के नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।



# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण की शासकीय निकाय की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अधिकरण (आत्मा) के शासकीय निकाय एवं जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन क्रियान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान परियोजना निदेशक आत्मा प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिए विभिन्न प्रशिक्षण, प्रत्यक्षण, परिभ्रमण, कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला, किसान गोष्ठी, किसान मेला सहित अन्य योजनाओं के प्रस्ताव की विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपयुक्त ने परियोजना निदेशक आत्मा को मोबाइल एग्रीकल्चर स्कूल एंड सर्विसेज के द्वारा 28 अक्टूबर 2023 से 6 नवंबर 2023 तक आयोजित किए जाने वाले जिला स्तरीय प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण स्थल के आधार पर किसानों के चयन संबंधित सूची एवं प्रशिक्षण का विषय आदि तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र मांडू में 31 अक्टूबर 2023 को होने वाले जिला स्तरीय परिभ्रमण में प्रत्येक प्रखंड से 15 किसानों का चयन करते हुए परिभ्रमण एवं प्रशिक्षण कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान रामगढ़ जिला अंतर्गत बिरहोर परिवारों की जीविकोपार्जन सुचारू रूप से चले एवं उनके विकास हो इस उद्देश्य से उपायुक्त ने जिला प्रशासन रामगढ़ के प्रत्येक अधिकारी को एक-एक बिरहोर परिवार को गोद लेने हेतु योजना तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने आत्मा रामगढ़ के जिला स्तरीय वेबसाइट को अपडेट करने एवं आत्मा द्वारा आयोजित प्रशिक्षण हेतु स्थल चिन्हित करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने आत्मा द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं सहित अन्य योजनाओं में नए किसानों का चयन कर उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत दलहन, मोटा अनाज, प्रत्यक्षण, कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला विभिन्न आधुनिक उपकरणों के वितरण की योजनाओं के सफल संचालन हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।



# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मिले धनंजय कुमार पुटूस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुबर दास को उड़ीसा के राज्यपाल बनाए जाने की घोषणा हो चुकी है। घोषणा होने के बाद राँची आवास पहुंचने पर काफी संख्या में उनके समर्थक बधाई देने पहुंचे। इसी कड़ी में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी रहे धनंजय कुमार पुटूस ने रघुबर दास के राँची पहुंचने पर उनके आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात कर बधाई दी। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा रघुबर दास जनता के प्रिय मुख्यमंत्री रह चुके हैं। ये गरीबो और मजबूरों के दर्द को समझते हैं। इनके मुख्यमंत्री काल मे आदिवासी, मूलवासी, ओबीसी, वैश्य व जेनरल सभी वर्ग के लोगो को लाभ मिला है।हमे पूरा विश्वास है कि इनके राज्यपाल बनने के बाद उड़ीसा भी विकास की ऊंचाइयों को छुएगा।

### सांसद के सौजन्य से काशी दर्शन यात्रा पर निकलीं हजारीबाग की महिलाएं

# हजारीबाग लोकसभा की बहनों को हर सुविधा देने के लिए कार्यरत हूं : सांसद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा के सौजन्य से हज़ारीबाग लोकसभा की भाजपा महिला मोर्चा की बहनें बनारस भ्रमण को गयी हैं। ज्ञात हो कि इस वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर महिला मोर्चा की बहनों ने बनारस जाने की इच्छा जताई थी। जयंत सिन्हा ने इस पर उन्हें जल्द ही एक यात्रा का आयोजन करवाने के लिए कहा था। इसके परिणामस्वरूप महिलाएं ÷काशी दर्शन यात्रा÷ पर निकली हैं। यह यात्रा 3 दिनों की है, जिसमें कुल 42 महिलाएं शामिल हैं। यह सभी बनारस में विभिन्न धार्मिक स्थलों का दर्शन करेंगी। हज़ारीबाग से यात्रा निकलने पर महिला मोर्चा की बहनों ने सांसद जयंत सिन्हा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम सभी इस यात्रा को लेकर बेहद प्रसन्न और उत्साहित हैं। हमारे भाई जयंत सिन्हा ने इस यात्रा के रूप में हमें रक्षाबंधन का उपहार दिया है। काशी विश्वनाथ का दर्शन कर हम हज़ारीबाग व रामगढ़ समेत देश की प्रगति के लिए कामना करेंगे।इस अवसर पर जयंत सिन्हा ने कहा कि मेरी बहनें काशी दर्शन को जा रही हैं। इस यात्रा का आयोजन कर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मैं भगवन शंकर से सभी बहनों की कुशल यात्रा के लिए कामना करता हूँ। हमारी क्षेत्र की महिलाओं को हर सुविधा मिले इसके लिए सदैव कार्यरत हूँ।




## मां दुर्गा की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन भक्तों ने नाचते गाते मां को दी विदाई

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मां दुर्गा सहित प्रथम पूज्य गणेश, देव सेनापति कार्तिकेय, माता लक्ष्मी, मां सरस्वती की प्रतिमाओं का पूजा समिति सिरका के द्वारा भव्य नगर भ्रमण यात्रा निकालकर पास के दामोदर नदी तट पर विसर्जन किया गया। अवसर पर मां को विदाई महिला भक्तों ने मुंह मीठा करवा कर किया। जबकि गाजे- बाजे के धुन पर नाचते झूमते हुए लोगों ने मां दुर्गा से कोलयरी सिरका की उन्नति, रोजी रोजगार में बढ़ोतरी, सुख, समृद्धि की कामना करते हुए फिर अगले बरस आने की मां से प्रार्थना और आग्रहा किया। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर दुर्गा पूजा व विजयदशमी की शुभकामनाएं दिया। मौके पर पूजा सचिव सत्येंद्र कुमार महतो, प्रशांत बेल्थरिया, संतोष सिंह, कालीचरण, अमरेश गौतम, विष्णु राम, लक्ष्मी चरण महतो, हरिनंदन चौधरी समेत कई भक्तजन उपस्थित थे। इधर जीएम ऑफिस अरगड्डा मां दुर्गा समेत अन्य देवी देवताओं के प्रतिमाओं का विसर्जन भी किया गया।



## ओडिशा के नवनियुक्त राज्यपाल रघुवर दास के परिजनों ने मां छिन्नमस्तिका के दरबार में की पूजा अर्चना

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओड़िशा के नवनियुक्त महामहिम राज्यपाल रघुबर दास की धर्मपत्नी रुक्मणी देवी, पुत्रवधु पूर्णिमा दास, दामाद यशपाल साहू, पुत्री और पारिवारिक सदस्यो ने माँ छिन्मस्तिका मंदिर में पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया .रजरप्पा पहुंचने पर बीजेपी रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जयसवाल ने उनका बुके एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। विदित हो की कुछ दिन पूर्व ही झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है. तब से उनके समर्थक काफ़ी खुश हैं ओर बधाई का सिलसिला जारी है. वही उनके परिजनों भी काफ़ी खुश है. वही उनके परिजनों ने कहा की हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करते है. वही यूवा नेता राजीव जयसवाल ने उनके परिजनों को माता का स्मृति चिन्ह भेंट किया। इससे पूर्व मंदिर के वरिष्ट पुजारी छोटू पंडा ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना करवाया। पूजा के पश्चात सभी ने दामोदर भैरवी के तट पर समय व्यतीत किया। उसके बाद टूटी झरना मंदिर के लिए प्रस्थान कर गए. इस दौरान चितरपुर अंचल अधिकारी दीपक मिंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी, रजरप्पा थाना के पदाधिकारी सहित पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था में लगे हुए थे।



## सेल समिति ने सयाल डी परियोजना के सेल प्वाइंट व कांटा घर का निरीक्षण किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल डी परियोजना के सेल प्वाइंट व कांटा घर का सौंदा बस्ती सेल संचालन समिति के सदस्यो ने गुरुवार को निरीक्षण किया। और साथ ही सयाल डी परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार से विस्थापित कार्यालय का स्थान चिन्हित कर जल्द ही कार्यालय बनवाने को कहा गया । वहीं सेल समिति के सदस्यो ने प्रबंधन को आश्वस्त किया की काफ़ी शांतिपूर्वक और अनुसासित तरीके से सेल का सफल संचालन किया जायगा। इस मौके पर परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार ने कहा की प्रबंधक हर तरह से विस्थापित ग्रामीणों के विकाश के प्रति प्रयासरत है। वही मौके पर अध्यक्ष नीतिश कुमार ने कहा प्रबंधक और सेल समिति सदस्ययो ने जो जिम्मेदारी सौंपी है मै उसपर की पूरी निष्ठा के साथ समिति अपनी दायित्व का निर्वाह करूगा । वहीं कोषाध्यक्ष अंबर कुमार ने कहा की पुरे ग्रामीण एक सूत्र में बंधे हुए है और सभी का सहयोग लेके कंपनी में भागीदारी दी जायेगी व सफ़ल संचालन करते हुए हर संभव प्रयास करके सभी अपेक्षित ग्रामीणों को विकाश के मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। इस मौके अमित कुमार, धनेश प्रसाद, ललन प्रसाद, अजय प्रसाद, सुरेश गिरी, पिंकू राज, रूपेश कुमार, दीपक कुमार सिक्योरिटी गार्ड सुरजदेव चौहान आदि लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन की बैठक हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन की एक बैठक होटल शिवम इन में आहूत की गई । जिसमें झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव जेपी सिंह एवं तकनीकी विभाग के मोहम्मद आरिफ मुख्य रूप से उपस्थित हुए । इस बैठक में रामगढ़ जिला बास्केटबॉल संघ के पदाधिकारी का चयन किया गया । कमेटी आज एक बैठक में निर्णय लिए के इस कमेटी में अध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी सेक्रेटरी शशि पांडे कोषाध्यक्ष डॉक्टर अब्दुल बारी उपाध्यक्ष राजीव जायसवाल राजेश सिंह राजप्रीत सिंह पुष्पा पांडे विक्रमजीत सिंह दीपक सिंह टाइगर संयुक्त सचिव मनजीत विनय रंजन विनय रंजन मोहम्मद इरशाद मीता गांगुली अनु कुमारी दुर्गावती कुमारी कार्यकारिणी के सदस्य मनीष कुमार संजय शुक्ला दिलीप कुमार बबलू जी संजीव सिंह टीपू बबलू महतो चंदन साहनी महावीर महतो काजल कुमारी कमल नायक रूपेश कुमार हर्ष सिंह चुने गए अभी अगली मीटिंग में कमेटी का विस्तार किया जाएगा।

# 30 को घुटूवा गोलीकांड में हुए शहीदों की याद में शहीद दिवस मनाया जाएगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** भाकपा-माले रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक गुरुवार को घुटूवा सेकेंड गेट में संपन्न हुई। बैठक में भाकपा-माले रामगढ़ जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया, हीरा गोप देवकीनंदन बेदिया, नरेश बडाईक,बिगेन्द्र ठाकुर,लाली बेदिया,सरयू बेदिया बिजेंद्र प्रसाद,नीता बेदिया, देवानंद गोप, महादेव मांझी, रामसिंह मांझी,अमल कुमार, जयनंदन गोप,बिनोद लहरी उपस्थित थे।बैठक में सर्वप्रथम भाकपा-माले के पोलित ब्यूरो क्रांतिकारी जननायक कामरेड रामनरेश राम का 13 वीं स्मृति दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पाजंलि अर्पित कर एक मिनट का श्रद्धाजंलि दी गई। बैठक में विचार विमर्श किया गया कि भाकपा-माले के नेता जयवीर हंसदा के साथ मारपीट करने वाले घाटों ओपी प्रभारी के ऊपर अब तक कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से पुलिस के खिलाफ जनाक्रोश बढ़ते जा रहा है।इसलिए 30 अक्टूबर को घुटूवा शहादत दिवस के विरोध मार्च एवं सभा में मुख्य मांग होगी, घाटो ओपी प्रभारी पर तत्काल कार्रवाई की जाए।यदि कार्रवाई नहीं होती है तो जिला पुलिस-प्रशासन के खिलाफ 23 नवंबर को घाटो हाऊसींग सरना स्थल में घाटों ओपी प्रभारी के खिलाफ जनाक्रोश सभा करने का निर्णय लिया गया है जिसमें हजारों लोग शामिल होंगे। घुटूवा दुर्गा पूजा के मेला में चोर गिरोह के द्वारा नवमी की रात्रि को एक संताल आदिवासी महिला पार्वती देवी का मनी पर्स में एक हजार रुपए सहित छिन लिया और पकड़ाने के डर से उल्टा चोरी का आरोप लगाकर उनके भतीजे सुरेंद्र टुडू के ऊपर माथा पर जानलेवा हमला कर थाना में लाकर बैठा दिया गया।




## पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, राँची।

**-: आवश्यक सूचना:-**

पर्यटन, कला संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार अन्तर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा Jharkhand Women's Asian Champions Trophy-2023 का आयोजन दिनांक-27.10.2023 से 05.11.2023 तक मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में आयोजित है, इस अवसर पर सुगम यातायात हेतु यातायात एवं पार्किंग की निम्नवत् व्यवस्था की गई है:-


1. उपायुक्त आवास मोड़ से माननीय सांसद श्री शिबू सोरेन आवास होकर मरांग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम तक सिर्फ टीम बसें/मीडियाकर्मी एवं पासधारी वाहन प्रवेश कर सकेंगे, सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।

**2. पार्किंग व्यवस्था –**

- टीम बस/हॉकी इंडिया एवं अति महत्वपूर्ण वाहनों की पार्किंग मोरहाबादी टी.ओ.पी. परिसर के अन्दर बने पार्किंग स्थल में होगी।
- लाल पासयुक्त वाहन (वी.वी.आई.पी. वाहन पास) - मोरहाबादी मैदान अवस्थित मुख्य मंच के पीछे वाहन पार्क कर सकेंगे।
- वेस्ट स्टैण्ड 1St फ्लोर एवं 2nd फ्लोर के दर्शक तथा मीडियाकर्मी जिन्हें क्रमशः नारंगी/नीला/हरा वाहन पास निर्गत किया गया है, अपने वाहन मोरहाबादी मैदान अवस्थित मुख्य मंच के आगे/पीछे निर्धारित क्षेत्र में वाहन पार्क करेंगे।
- गेट नम्बर-03 से प्रवेश करने वाले दर्शक अपने वाहनों की पार्किंग मोरहाबादी बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम के दक्षिण मोरहाबादी मैदान में कर सकेंगे।
- गेट नम्बर-04 से प्रवेश करने वाले दर्शक अपने वाहनों की पार्किंग करमटोली धुमकुड़िया परिसर/आई.एम.ए. परिसर/माननीय श्री शिबू सोरेन आवास के बगल मार्ग में कर सकेंगे।
- यातायात पुलिस राँची का -

| | | |
|---|---|---|
| Twitter | - | @TrafficRanchi |
| Facebook | - | Ranchi Traffic Police |
| Whatsapp | - | 8987890772 |

JHARKHAND WOMEN'S ASIAN CHAMPIONS TROPHY
RANCHI 2023 - PARKING MAP




PR NO-309948 (Police) 23-24

पुलिस अधीक्षक यातायात,
राँची।

## वन अधिकार समिति के तहत ग्राम सभा का आयोजन



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के संग्रामडीह गांव में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कार्यालय धनबाद का पत्रांक 9/55 के तहत दिनांक 1/10 /2023 से प्राप्त वन अधिनियम 2006 के निमित एक ग्राम स्तर पर वन अधिकार समिति का गठन किया गया। जिसमें गांव के सभी ग्रामीणों की उपस्थिति में एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम वार रूपरेखा तैयार करने का निर्देश प्राप्त हुआ है, उक्त निर्देश के आलोक में प्रखंड स्तर पर रूपरेखा तैयार करते हुए कर्मियों एवं पदाधिकारी की प्रति नियुक्ति की गई है । प्राप्त समाचार के अनुसार मुखिया मनोज मुर्मू की अध्यक्षता में वन अधिकार अधिनियम के तहत ग्राम सभा का आयोजन संग्रामडीह गांव में आयोजित की गई जिसमें सभी ग्रामीणों की उपस्थिति में वन अधिकार समिति के अध्यक्ष के पद पर मनीरूदीन शाह पिता स्व समसुदीन शाह एवं सचिव के पद पर मोहम्मद इम्तियाज शाह पिता बाबुजन शाह का चयन किया गया आज के इस वन अधिकार संबंधी ग्राम सभा में सैकड़ो ग्रामीण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## गिरिडीह के विश्वनाथ मंदिर में भव्य भंडारा का आयोजन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में दुर्गा पूजा समापन के बाद दुर्गा मंडपों में भंडारा का आयोजन किया गया। गुरुवार को शहर के बरगंडा स्थित विश्वनाथ मंदिर, अरगाघाट, सिरसिया में हर साल की तरह विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में काफी संख्या में लोगों ने जुट कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पूजा समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि पिछले 70 वर्षो से यहां भण्डारा का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें अमीर-गरीब का भेदभाव भुलाकर हज़ारों भक्त प्रसाद ग्रहण करते हैं। बताया कि दोपहर 1 बजे से शुरू हुआ यह भण्डारा देर रात तक चलेगा। मौके पर प्रदीप अग्रवाल, नवीन सिन्हा, रवि राज, कवि राज नीलकमल भरतिया, मनोज संघई समेत कई लोग मौजूद थे।

## रघुवर दास को उड़ीसा का राज्यपाल बनाए जाने पर पूर्व विधायक ने दी शुभकामना

**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर के पुर्व विधायक नागेन्द्र महतो गुरुवार को रांची पहुंचे जहाँ झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुबर दास से औपचारिक मुलाकात कर बुंके देकर उडीसा राज्यपाल बनाये जाने पर शुभकामनाएं दिए ।

## वाशरी वर्क शॉप से चोरों ने लाखों रुपयों का किया लोहा चोरी

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा में लोहा चोरों का आतंक बना हुआ है। हाल ही में दुर्गा पूजा के समय बीसीसीएल महुदा वाशरी वार्क शॉप में चोरों ने लाखो रुपया का लोहा की चोरी कर ली। इस संबंध में बताया जाता हैं की लोहा चोरी होने के तुरंत बाद में बीसीसीएल प्रबंधक ने शिकायत दर्ज नही किया। वहीं इस चोरी की घटना पर लोगो के बीच बीसीसीएल के बारे में तरह-तरह की बातें बाजार गर्म कर रही है। बीसीसीएल प्रबंधन के कई पदाधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जाता हैं की महुदा वाशरी के वर्क शॉप में लोह तस्कर द्वारा प्रबंधन का लाखों रुपये की संपत्ति की चोरी का अनुमान है।

## लालमणि आश्रम में 90 वर्षीय सूर्यमुनी माता का निधन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को लोहार बरवा टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में सूर्यमुनी माताजी का देहांत हो गया। वे 13 वर्षो से आश्रम में रह रही थी। उनका अंतिम संस्कार पूरे विधि विधान से किया गया। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने बताया माताजी का उम्र लगभग 90 साल था। कुछ दिन पहले वो गिर गई थी जिस कारण उनकी कमर की हड्डी टूट गई थी। उनका इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा था। डॉक्टर ने कहा की इनका उमर काफी है इसलिये सिर्फ ट्रैकसन देकर ही रखना होगा। बहुत कोशिशो के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। मौके पर नौशाद गद्दी, सक्रिय सदस्य ओंकार मिश्रा, सुबल सिंह एवं आश्रम के सभी पुरुष एवं महिला बुजुर्ग उपस्थित थे।

## कतरास में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सहित अन्य की कार्य अवधि का 28 अक्टूबर तक किया विस्तार

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता ने कतरास के 15 स्थलों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, अग्निशमन दस्ता, चिकित्सीय व्यवस्था की कार्य अवधि का 28 अक्टूबर तक विस्तार किया है। साथ ही कतरास के जोनल दंडाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष में तीन शिफ्ट में तीन-तीन कर्मियों की कार्य अवधि का विस्तार 28 अक्टूबर तक किया है।

## रघुनाथ महतो की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए विधायक मथुरा महतो

**तोपचांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को तोपचांची प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दुमदुमी के नरकोपी में स्व रघुनाथ महतो का पुण्यतिथि सह श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा शोषण, विभिन्न समाज निर्माण के लिए जीवन भर संघर्ष किए, उनको समाज के प्रति किए महत्वपूर्ण कार्यों के लिए मेरा हार्दिक नमन है। कार्यक्रम का नेतृत्व रघुनाथ महतो स्मारक समिति अध्यक्ष सह युवा नेता सदानंद महतो ने किया। सभी ने बारी-बारी से माल्यार्पण तथा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

## जिले में सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन व सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से करें कार्य : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शहरी परिवहन, यातायात एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओ की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में सड़क हादसों को कम करने के उदेश्य से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के अलावा आईआरएडी एप पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत व घायलों से जुड़ी जानकारी को अपडेट रखने का निदेश दिया।




आगे उपायुक्त ने जिले में दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सभी घटनाओं के डेटा को संग्रहित कर एनालेसिस करने का निर्देश दिया। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए उन स्थानों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का निदेश दिया, ताकि ब्लैक स्पॉट की जगह हादसों में कमी लाई जा सके। बैठक में उपरोक्त के अलावा जिला परिवहन पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रदूषण रोकने के लिए उचित कार्य योजना बनाकर धरातल पर उतारे : उपायुक्त



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने पर्यावरण, प्रदूषण व वन विभाग को लेकर अपने कार्यालय कक्ष में बैठक की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय प्रदूषण पदाधिकारी से जिले को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए उचित कार्य योजना बनाकर उसे धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिले को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए कोयला लोडेड ट्रकों को तिरपाल से ढंकना अनिवार्य है। साथ ही रोड स्वीपिंग मशीन, वाटर स्प्रिंकलर, फागिंग मशीन सहित उपलब्ध सभी संसाधनों का नियमित रूप से उपयोग सुनिश्चित करना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण, प्रदूषण व वन विभाग की अगली बैठक में जिले की एयर क्वालिटी का मासिक डाटा के साथ बीसीसीएल के जीएम एनवायरमेंट एवं धनबाद नगर निगम के संबंधित पदाधिकारी को शामिल करके जिले को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाएगी। बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय प्रदूषण पदाधिकारी राम प्रवेश कुमार मौजूद थे।

## टुंडी : उत्साह पूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी में हर बर्ष की भांति इस बर्ष भी बड़े ही उत्साह पूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा संपन्न हो गया। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी में इस वर्ष भी बड़े ही उत्साह पूर्ण माहौल में टुंडी प्रखंड के कई क्षेत्रों में बड़े ही शांति एवं सौहाद पूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा संपन्न हो गया। बताया जाता है कि टुंडी के कई क्षेत्रों में शांतिपूर्ण माहौल में लोगों ने इस पूजा का आनंद उठाया खासकर इस सुप्रसिद्ध त्योहार में आयोजकों वोलिंटियरों के साथ-साथ टुंडी पुलिस की भूमिका काफी सराहनीय रहा।

टुंडी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल कुजूर स्वयं मेला की कमान अपने सदलबल के साथ संभाले हुए थे किसी प्रकार की असुविधा लोगों को नहीं हुआ और लोग काफी उत्साह एवं आनंदमय माहौल हाल में इस त्यौहार को मनाया दर्शकों द्वारा बड़े ही शांतिपूर्ण रूप से पूजा अर्चना करते हुए मां दुर्गा का दर्शन किया एवं आनंद उठाया कुल मिलाकर टुंडी में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया ।

## आगामी चुनावों को देखते हुए जिला प्रशासन की तैयारी शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और उप निर्वाचन पदाधिकारी के साथ डीपीआरओ रश्मि सिन्हा ने प्रेसवार्ता कर कई जानकारी दिया. डीसी ने कहा की मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य 27 अक्टूबर से जिले भर में शुरू हो जाएगा. और इसके लिए बूथ स्तर पर आपत्तियों स्वीकार किए जाने है. जिनका नाम संशोधन होना है. वैसे वोटर अपना नाम संशोधन करा सकते है. क्योंकि 5 जनवरी को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाना है. ऐसे में 27 अक्टूबर से शुरू हुआ संशोधन कार्य 9 दिसंबर तक लगातार चलाया जाएगा. डीसी ने कहा की अब तक पूरे जिले में 57 हजार नए मतदाता जुड़ चुके है. जिन्हे नया मतदाता आईडी दिया जाना है. इसमें थर्ड जेंडर यानी किन्नरों की संख्या पूरे जिले में 23 के करीब है. जबकि 326 आदिम जनजाति वर्ग के भी वोटर शामिल है. कहा की जिनकी उम्र साल 2018 के जनवरी से लेकर साल 2023 के शुरुवाती माह में 18 साल हो चुका है. उन्हे भी फोटोयुक्त मतदाता सूची से जोड़ा जाएगा. प्रेसवार्ता के क्रम में डीसी ने कहा की जिले के 16 मतदान केंद्र



को बदलने का प्रस्ताव भेजा गया था. जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद उन्हें तब्दील किया जा रहा है.कहा की जिले में फर्जी तरीके से मतदाता कार्ड बनाने का मामला जिले के धनवार थाना इलाके से छह माह पहले आया था, जिसकी पहचान बांग्लादेशी घुसपैठिए के रूप में हुआ था. और कारवाई भी किया गया. अगर अब ऐसे मामले सामने आते है और कोई भी आपत्ति करता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा. वैसे अब गहन पुनरीक्षण कार्य बेहद सावधानी से चलाया जा रहा है. और ऐसे घुसपैठिए वोटरो का भी पहचान किया जा रहा है।

## उपेंद्र गोस्वामी के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो 1 नवंबर को होगा बेंगाबाद थाने का घेराव

### बेलडीह में बैठक कर माले नेता ने किया ऐलान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद/गिरिडीह :** विगत 24 अक्टूबर, विजयादशमी की रात्रि 8 बजे बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बेलडीह निवासी, 40 वर्षीय उपेंद्र गोस्वामी की, गांव के ही कुछ अपराधिक प्रवृत्ति के युवकों द्वारा, उसकी बेटी के साथ छेड़खानी का विरोध किए जाने पर चाकू तथा अन्य धारदार हथियार से नृशंसता पूर्वक हत्या कर दिए जाने के मामले में आज माले नेता सह पूर्व जिप सदस्य राजेश यादव की अगुवाई में वहां एक मीटिंग संपन्न हुई, जिसमें मौजूद स्थानीय जिप सदस्य केदार हाजरा, स्थानीय मुखिया नरसिंह नारायण देव, सामाजिक कार्यकर्ता



बालेश्वर यादव उर्फ बाली, पंचायत समिति सदस्य भुनेश्वर यादव, माले नेता फोदार सिंह, शंकर यादव आदि की मौजूदगी में एक मत होकर 5 दिनों के भीतर अपराधियों के गिरफ्तारी नहीं होने पर 1 नवंबर को बेंगाबाद थाने का व्यापक घेराव करने का ऐलान किया गया। इसके पूर्व वहां मौजूद माले नेताओं, पंचायत प्रतिनिधियों तथा समाजसेवियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढाढस बंधाया और हर संभव मदद की बात कही। वहीं, बैठक के दौरान मृतक के प्रति 1 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी गई। यहां अपने वक्तव्य में माले नेता श्री यादव ने कहा कि, अपराधी बेखौफ होते जा रहे हैं। उनके भीतर पुलिस प्रशासन का भय कम हो रहा है। इस घटना में संलिप्त अपराधियों ने इसके पूर्व भी यहां कई घटनाओं को अंजाम दिया है। जिसमें से एक मामले में बेलडीह निवासी सुरेश हाजरा ने बेंगाबाद थाना में विगत जून महीने में एक केस भी दर्ज किया था, लेकिन पुलिस की कार्यशैली से अपराधी बेखौफ घूमते रहे, उनका मनोबल बढ़ा और अब हत्या की घटना हो गई।

### वासेपुर के लोगों ने नये नगर आयुक्त का स्वागत कर दी बधाई

## स्ट्रीट लाईट को लेकर सौंपा ज्ञापन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद एवं सामाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ के द्वारा नये नगर आयुक्त रवि राज शर्मा को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर नगर आयुक्त को एक आवेदन भी सौंपा गया जिसमे वार्ड संख्या - 14 मे जितने भी स्ट्रीट लाईट रहित बिजली के खंभे हैं, उन पर अविलंब नये स्ट्रीट लाईट लगाने तथा मरम्मत के अभाव मे खराब पड़े स्ट्रीट लाईट को ठीक कराने की मांग की गई। इस बाबत नगर आयुक्त ने आश्वस्त किया की इन समस्याओं का शीघ्र निदान होगा।

## वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रतिनिधित्व कर रहे धनबाद के राज सांचू रजवार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** यू बिशुनपुर धनबाद निवासी राज संचू रजवार 24-29 अक्टूबर को बुडापेस्ट (हंगरी) में आयोजित सीनियर वर्ल्ड कराटे चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले वो संपूर्ण झारखंड एवं बिहार के पहले व एक मात्र खिलाड़ी है। रजवार का चयन राष्ट्रीय टीम में %टीम काता% स्पर्धा में किया गया। रजवार अपनी ट्रेनिंग कप्तान और कोच अनिकेत गुप्ता की निगरानी में दिल्ली में कर रहे है। पेशे से एक सिविल इंजीनियर होने के बावजूद उन्होंने स्पोर्ट्स का रास्ता चुनते हुए देश जगत में अपनी पहचान बनाई है। आज उनके स्टूडेंट्स भी देश विदेश से भारत के लिए पदक ला रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर शिहान भारत शर्मा और नेशनल फेडरेशन सेक्रेटरी संजीव झांगरा उनके वर्ल्ड चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही परिवार वालों और उनके चाहने वालो में भी काफी हर्ष का माहोल है।

## रोजगार मेला के तहत प्रधानमंत्री अभ्यर्थियों को सौपेंगे नियुक्ति पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 28 अक्टूबर, 2023 को दोपहर 01.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 51 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी हेतु नियुक्ति पत्रों का वितरण करेंगे । यह रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोजगार मेला, और रोजगार सृजन के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा तथा युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर के वैषाली प्रेक्षागृह, पटना, धनबाद और पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर में रोजगार मेला का आयोजन होगा जहां रेलवे के साथ-साथ अन्य मंत्रालयों के लिए नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे । रोजगार मेला के अवसर पर मुख्यालय, हाजीपुर स्थित वैषाली रेल प्रेक्षागृह में माननीय खाद्य प्रसंस्करण, उद्योग मंत्री, भारत सरकार, श्री पशुपति कुमार पारस, रेलवे ऑफिसर्स क्लब, महेन्द्रूघाट, पटना में माननीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री, भारत सरकार, श्री गिरिराज सिंह, रेलवे ऑडिटोरियम, धनबाद में माननीय उपभोक्ता, खाद्य, सार्वजनिक वितरण, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री श्री अष्विनी कुमार चैबे तथा केंद्रीय विद्यालय ऑडिटोरियम, पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर, चंदौली में भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पाण्डेय उपस्थित रहेंगे। विदित हो कि देश भर से चयनित अभ्यर्थियों को भारत सरकार के तहत ट्रेन मैनेजर, जूनियर एकाउट्ंस असिस्टेंट, अवर लिपिक, ट्रेन्स क्लर्क, टेक्नीसियन, स्टेशन मास्टर, वरिष्ठ वाणिज्यिक लिपिक सह टिकट लिपिक, प्वायंट्समैन, एमटीएस और अन्य पदों के लिए नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

## नियोजन की मांग को लेकर शव के साथ धरने पर बैठे परिजन, आवागमन हुआ बाधित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** निरसा में स्थित एमपीएल गेट के पास एसएएमएस कंपनी में पीएपी के पद पर कार्यरत मजदूर सुनील मुर्मू की बीमारी से हुई मौत के बाद मुआवजे एवं नियोजन की मांग को लेकर गुरुवार को परिजन धरने पर बैठ गए। इसके पहले शव को लेकर आ रहे विस्थापितों के साथ एमपीएल सुरक्षा गार्ड एवं पुलिस के द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। जिसे लेकर धक्का मुक्की भी हुई। प्रशासन की इस रवैये से सभी विस्थापित काफी आक्रोशित हो गए तथा जमकर एमपीएल प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। धरना की सूचना पर निरसा बीडीओ इंद्रलाल कुमार, एमपीएल ओपी प्रभारी सुभाष चंद्र शर्मा दलबल के साथ पहुंचे। जहां उन्होंने धरनार्थियों से कहा कि एमपीएल के पांच मीटर के दायरे में 144 लगा हुआ है। कृप्या उक्त स्थल को खाली कर दें। इस पर विस्थापितों ने जमकर हंगामा किया। विस्थापितों ने कहा कि अगर एमपीएल प्रबंधक मृतक के परिजन को मुआवजा एवं नियोजन दे देता तो हमलोग धरना पर नही बैठते। कहा की पीएपी कर्मी सुनील किस्कू की मौत बुधवार को हुई। 24 घंटे तक हम लोग इन लोगों के पहल का इंतजार करते रहे परंतु एमपीएल पहल नही किया, जिसके कारण मजबूर होकर हम लोगों को धरना पर बैठना पड़ा। इधर, एमपीएल गेट के समक्ष धरना के कारण आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। हाइवा की लंबी कतारें लगना शुरू हो गया है।

## प्रदूषण रोकने के लिए उचित कार्य योजना बनाकर धरातल पर उतारे : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने पर्यावरण, प्रदूषण व वन विभाग को लेकर अपने कार्यालय कक्ष में बैठक की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय प्रदूषण पदाधिकारी से जिले को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए उचित कार्य योजना बनाकर उसे धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिले को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए कोयला लोडेड ट्रकों को तिरपाल से ढंकना अनिवार्य है। साथ ही रोड



स्वीपिंग मशीन, वाटर स्प्रिंकलर, फागिंग मशीन सहित उपलब्ध सभी संसाधनों का नियमित रूप से उपयोग सुनिश्चित करना चाहिए।

उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण, प्रदूषण व वन विभाग की अगली बैठक में जिले की एयर क्वालिटी का मासिक डाटा के साथ बीसीसीएल के जीएम एनवायरमेंट एवं धनबाद नगर निगम के संबंधित पदाधिकारी को शामिल करके जिले को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाएगी। बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय प्रदूषण पदाधिकारी राम प्रवेश कुमार मौजूद थे।

# उपयुक्त ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत दिनांक 27.10.2023 से 09.12.2023 तक आयोजित होने वाले घर-घर भ्रमण सर्वेक्षण कार्यक्रम संबंधी आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई कि उक्त अवधि में बीएलओ द्वारा छूटे हुए मतदाताओं का पुनरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान दावा आपत्तियां ली जाएंगी व उनका निराकरण भी किया जाएगा। इस वर्ष प्रथम चरण के अभियान में काफी अच्छी संख्या में नये मतदाताओं का जोड़ा गया। इस अभियान से जो मतदाता सूची तैयारी होगी उसके फिर संशोधन नहीं होगा। आप भी अपने क्षेत्र में मतदाताओं के घर-घर जाकर आश्वस्त हो लें कि किसी मतदाता का नाम छूटा तो नहीं है। अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक को निदेश दिया गया कि विद्यालयों में जो प्री फील्ड फॉर्म-06 दिये गये हैं उन्हें पूर्ण रूप से भर कर सभी प्रखण्ड मुख्यालय में जल्द भेजा जाय ताकि तय समय में कार्य पूर्ण हो सके। उप निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा प्रथम चरण के अभियान में जोड़े गये मतदाता, अपने मतदान केंद्र में बीएलओ के साथ सेल्फी लेने संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि इस वर्ष 28 व 29 अक्टूबर और 4 व 5 नवंबर को इस संबंध में मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस वर्ष 28 नवंबर आदिम जनजाति समूह, 29 नवंबर को गृहविहीन व्यक्तियों के लिए, 30 नवंबर को 80 वर्ष की उम्र से अधिक एव वरिष्ठ नागरिकों के लिए अभियान चलाया जाएगा। 02 दिसंबर 2023 को तृतीय लिंग एवं यौन कर्मियों के लिए अभियान चलाया जाएगा। वहीं 03 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगों के लिए फोकस अभियान दिवस संचालित किया जाएगा। आज की बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी, राजनीतिक दलों की ओर से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नीशीथ जायसवाल, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के बालमुकुंद लोहरा, भाजपा के अनिल उरांव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के दिलीप कुमार वर्मा, आजसू पार्टी के विलियम कुजूर और राजद के सुनील कुमार मेहता समेत अन्य उपस्थित थे।

## केरसई में निकली मां दुर्गे की भव्य शोभायात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** दुर्गा पूजा के समापन पर केरसई में माँ दुर्गे लक्ष्मी गणेश कार्तिकेय सरस्वती मां की मूर्तियों का भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ताशा बैंड के साथ सैकड़ो महिला पुरूष एवं समिति के पदाधिकारी नाचते झूमते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए शोभायात्रा अपने निर्धारित रूट केरसई से लालपुर पहुंची जहां लालपुर समिति ने अध्यक्ष महाबीर प्रसाद के नेतृत्व में केरसई पूजा समिति एवं वरिष्ठ जनों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया एवं बालूशाही और चाय का वितरण किया पश्चात शोभायात्रा करमटोली पहुंची जहां ग्राम प्रधान कामेश प्रसाद के नेतृत्व में करमटोली पूजा समिति द्वारा केरसई दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सहित सदस्यों का मोमेंटो देकर जोरदार स्वागत किया गया। करमटोली में स्थानीय बच्चे बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। इसके पश्चात सभी भगवान की मूर्तियों को पुनः आगमन की प्रथना करते हुए खलीजोरा नदी में जल विश्राम दिया गया। शोभा यात्रा में दंडाधिकारी के रूप में अंचल अधिकारी बलिराम मांझी एवं थाना प्रभारी मुन्ना रामानी अवधेश कुमार सहित पुलिस बल मुस्तेदी से डटे रहे। शोभायात्रा में पूजा समिति के सभी सदस्यों सहित सभी ग्रामवासी उपस्थित थे इस दौरान केरसई की सभी दुकानें बंद रहीं।

## सेन्हा कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का किया भ्रमण, सीखे वैज्ञानिक प्रयोग




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्या भारती में बालिका शिक्षा विभाग के सरस्वती यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा के कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग सीखे। यात्रा में 11 छात्र-छात्राओं के एक दल ने मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय विज्ञान प्रयोगशाला का भ्रमण किया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं को विज्ञान के विभिन्न विषयों की प्रयोगशालाओं में संबंधित शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा न सिर्फ प्रयोग उपकरणों से परिचय कराया गया बल्कि कई वैज्ञानिक प्रयोग भी कराए गए। जीव विज्ञान की आचार्या यशोदा कुमारी ने माइक्रोस्कोप देखना व स्लाइड बनाना सिखाया। भौतिकी की आचार्या ऋद्धि मिश्रा ने उत्तल लेंस, अवतल लेंस, प्रिज्म आदि के बारे में जानकारी दी और रासायन की आचार्या स्नेहा शर्मा ने एसिड और बेस का PH मापना और उपकरणो के बारे में जानकारी दी। भैया-बहनों में सुभद्रा कुमारी, अर्चना कुमारी, संतोषी कुमारी, संध्या कुमारी, दिव्या उरांव, अर्पण कुजूर, नीतीश कुमार, आदित्य कुमार, राहुल बैठा, अक्षत ईश्वर सहाय, सुरजीत उरांव और संरक्षक आचार्यो में राजकिशोर उरांव और डोली कविता उपस्थित थे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी भैया-बहनों को महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी,सेन्हा विद्यालय के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी द्वारा पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भेंट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रखंड के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची प्रारुप का प्रकाशन आज : बीडीओ



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता सुचि प्रारुप का प्रकाशन आज 27 अक्टूबर शुक्रवार को 11 बजे पूर्वाह्न में होगी। उक्त बातें कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने प्रेस को जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड सरकार मंत्रीमंडल (निर्वाचन) विभाग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव के0 रवि कुमार एवं जिले के उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 27-10-2024 को शोसल मिडिया पर विशेष अभियान संचालित करने का निर्देश प्राप्त है। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य बीएलओ को उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से सभी मतदान केंद्रों पर 11 बजे पूर्वाह्न से 12 बजे तक कार्यक्रम आयोजित की गई है। प्रविपदा0 श्री महतो ने कहा कि उक्त समयावधि मे सभी पदाधिकारी, कर्मी, व आम जनो के द्वारा बीएलओ के साथ सेल्फी तस्वीर लेकर अपने शोसल मिडिया हैंडल #proud of my blo के साथ फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-टूब, ट्विटर मे मेन्सन टैग किया जायेगा। यह अभियान राज्य के निवासियों को मतदाता सुचि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संबंध मे अवगत कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण आयाम सिद्ध होगा। प्रविपदा0 ने कहा कि उक्त अभियान के संबंध मे किसी भी प्रकार की विशेष जानकारी/सहयोग हेतू श्री संजय कुमार उप-निर्वाचन पदाधिकारी (मु0) मंत्रीमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड से उनके मोबाईल न0-79037 96154 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

## जानभावना फाउंडेशन के द्वारा हुआ ग्राम सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पाकरटांड प्रखंड के कैरबेड़ा पंचायत अंतर्गत भुम्भू गांव में जन भावना फाउंडेशन (एनजीओ) के योजनाओ का फायदा लेने के लिए जिला हेड खुशीराम कुमार, पाकरटांड ब्लॉक हेड आनंद सनमानी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट हेड खुशीराम कुमार ने बताया कि जनभावना फाउंडेशन वर्तमान में सिमडेगा जिला के सभी पंचायत में हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना सुचारू रूप से चला रही है और आने वाले दिनों में लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए कई योजनाओं को अलग अलग तरीके से पहुँचाने का कार्य करने की तैयारी में है। जन भावना फाउंडेशन बाल विवाह में रोक थाम को लेकर कार्य कर रही है जिससे कि शारिरिक और आर्थिक नुकसान से बचाव के साथ उज्ज्वल भविष्य हो। हमारी संस्था बालिका समृद्धि योजना के तहत बालिका के 18 साल के बाद विवाह के समय जरूरत के सामग्री का लाभ देगी,अभी स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी उम्र के लोग हेल्थ केयर कार्ड बनवा कर लाभ ले सकते हैं।जनभावना फाउंडेशन लोगों को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है साथ ही साथ हर कदम आपके साथ, हर हाथ हुनर जन जन को रोजगार मिले।इस कार्यक्रम में आने वाले दिनों में स्मार्ट मार्ट, स्मार्ट स्कूल, स्मार्ट क्लीनिक, माइक्रो फाइनेंस, नशा मुक्ति योजना, किसान केंद्र योजना, सिलाई ट्रेनिंग, ब्यूटीशियन ट्रेनिंग, स्वच्छता परियोजना, खेल कूद योजना, मछली पालन ट्रेनिंग, मधुमक्खी पालन ट्रेनिंग, मशरूम खेती प्रशिक्षण, मोबाइल रिपेयरिंग ट्रेनिंग, कंप्यूटर ट्रेनिंग, स्मार्ट जॉब प्लेसमेंट सहित कौशल विकास का लाभ ग्रामीणों को दिया जायेगा। इस अवसर पर कैरबेड़ा पंचायत हेड जेवियर बिलुंग सहित काफी संख्या में ग्रामीणों उपस्थित थे।

## टेट पास पारा शिक्षकों को वेतनमान दिलाने हेतु करेंगे सार्थक पहल : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मांडर, बिशनपुर के दर्जनों टेट पास प्रशिक्षित सहायक शिक्षक (पारा शिक्षक) लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात कर उन्हें पांच सुत्री ज्ञापन देकरअपनी समस्याओं का निदान करने की मांग किये। टेट पास पारा शिक्षकों ने सुखदेव भगत को बताया कि 14042 पारा शिक्षकों का टेट पास किए हुए 10 वर्ष पूरा हो चुका है ।टेट पास सहायक अध्यापकों(पारा शिक्षक)को वेतनमान देने के लिए कई उच्च स्तरीय बैठक भी हो चुकी है। विद्वान महाधिवक्ता का भी राय है कि पारा शिक्षकों को वेतनमान दिया जा सकता है ।7 अगस्त 2021 को तत्कालीन शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के समक्ष उच्च स्तरीय कमेटी की बैठक में टेट पास सहायक अध्यापकों को सीधे वेतनमान देने का ड्राफ्ट तैयार हो चुका था बावजूद 2 वर्ष से ऊपर बीत जाने के बावजूद अभी तक सहायक शिक्षकों को वेतनमान नहीं दिया गया है। अभी सरकार द्वारा 26000 सहायक आचार्य नियुक्ति हेतु विज्ञापन निकाला है नियुक्ति से पूर्व 14042 टेट पास पारा शिक्षकों को वेतन दिलाने की मांग किए। इस मांग को लेकर रांची में 65 दिनों से टेट पास पारा शिक्षक अनशन पर बैठे हैं। मौके पर सुखदेव भगत ने टेट पास पारा शिक्षकों को कहा कि आपकी मांगे जायज है आपको वेतनमान दिलाने हेतु मुख्यमंत्री, राज्य कांग्रेस प्रभारी एवं संबंधित विभाग के सचिव से वार्ता करेंगे। श्री भगत ने कहा कि टेट पास पारा शिक्षक शत प्रतिशत स्थानीय हैं। सरकार ने भी इन्हें वेतन मान देने का निर्णय लिया था। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, पंजाब, त्रिपुरा आदि राज्यों में पूर्व से कार्य कर रहे पारा शिक्षकों को वेतनमान दिया जा चुका है।

## बीडीओ ने आगामी 2024 चुनाव को लेकर बीएलओ के साथ की बैठक



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बीएलओ की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी 2024 चुनाव को लेकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम चरण-दो के तहत मतदाता पुनरीक्षण कार्य तेज करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में एक भी मतदाता अपने मताधिकार की प्रयोग से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य से मतदाता पुनरीक्षण कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ वह पर्यवेक्षक अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को मतदान के प्रति जागरुक करते हुए छूटे हुए युवक-युवतियों का मतदाता सूची में नाम जोड़े। उन्होंने कहा कि प्रथम भ्रमण के दौरान घर-घर का सर्वेक्षण तथा द्वितीय भ्रमण में दावा आपत्ति अवधि के तहत कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि 27 अक्टूबर 2023 को प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। साथ ही 28 अक्टूबर से लेकर 5 नवंबर तक विशेष अभियान दिवस की तिथि घोषित की गई है। इसके बाद समाज के सीमांत वर्ग की मतदाताओं का पंजीकरण 28 नवंबर से 3 दिसंबर तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ घर-घर सर्वेक्षण के दौरान मृत मतदाताओं का पहचान करते हुए प्रपत्र संधारण करें। साथ ही स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं का मतदाता सूची से नाम हटाना सुनिश्चित सुनिश्चित करें। मतदाता सूची में ब्लैक एंड व्हाइट फोटो को हटाकर रंगीन फोटो अपलोड करने का निर्देश दिया है। मौके पर अनीता उरांव, नीलम कुमारी, सुमित्रा टोप्पो, प्रभात कुजुर सहित बीएलओ मौजूद थी।

## मतदाता सूची योग्य नागरिकों का नाम को शत प्रतिशत शामिल करें : राकेश कुमार तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहारदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी की अध्यक्षता में आगामी चुनाव के मद्देनजर बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कायोजन हुआ। आयोजित बैठक में सीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने बीएलओ और पर्यवेक्षकों को विशेष मतदाता पुनरीक्षण सूची 2024 का कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए 01 अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी नागरिकों का 27 अक्टूबर से 9 दिसम्बर 2024 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ा जायेगा जिसे कोई भी योग्य व्यक्ति मतदान से वंचित न रहे। साथ ही निर्देश देते हुए कहा कि बीएलओ एप के माध्यम से सभी योग्य नागरिकों का नाम को मतदाता सूची में शत प्रतिशत शामिल करने का कार्य को बीएलओ और पर्यवेक्षक मिल कर पूरा करेंगे और दृष्टिहिन, दिव्यांग, आदिम जनजाति के सदस्य तृतीय लिंग के योग्य व्यक्ति का भी नाम मतदाता सूची में शत प्रतिशत शामिल करने का कार्य को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। 28 एवं 29 अक्टूबर और 4 तथा 5 नवम्बर को सभी मतदान केंद्रों में चुनावी पाठशाला आयोजित करने का निर्देश सभी बीएलओ व पर्यवेक्षो को दिया गया।

## हाई वैल्यू क्रॉप पर किसानों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड के कोनमेरला पंचायत भवन सभागार में लीड्स संस्था द्वारा किसानों का हाई वैल्यू क्रॉप पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। प्रशिक्षण आत्मा जलडेगा के बीटीएम राजेश बागे द्वारा ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी, चेरी, स्वीट कॉर्न, ब्रॉकली, पीला कैप्सीक्यूम आदि हाई वैल्यू फसल के विषय में विस्तार रूप से जानकारी दी। लीड्स संस्था के प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार ने किसानों को झारखंड राज्य फसल राहत योजना, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना की विस्तृत जानकारी दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत की मुखिया अनिमा तोपनो द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आत्मा जलडेगा के बीटीएम राजेश बागे, उप मुखिया, मगदली तोपनो, पंचायत समिति सदस्य अर्जुन होरो, रोजगार सेवक राम कुमार गुप्ता के अलावा वार्ड सदस्य सहित लीड्स संस्था के कार्यकर्ता कुलदीप सुरीन, मनोज बिंझिया, कलिंद्र प्रधान और किसान उपस्थित थे।

## केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष ने शांतिपूर्ण पूजा संपन्न होने पर पुलिस प्रशासन का किया आभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा ने शारदीय नवरात्र भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से संपन्न होने पर लोगों को बहुत बहुत बधाई दी। उन्होंने शारदीय नवरात्र को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में लगे केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के सभी संरक्षक, पदाधिकारी, सदस्य, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, दंडाधिकारी, मीडिया, सुरक्षा बल, मेडिकल की टीम, अग्नि शमन की टीम, सभी पूजा पंडाल के पदाधिकारी व माता रानी के भक्तों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी ने अपने अपने स्तर से पूजा के सफल आयोजन में अपनी भागीदारी निभाई। वहीं अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा ने सभी पूजा पंडाल के पदाधिकारियों से कहा कि उन्होंने पूजा में एक से बढ़कर एक आकर्षक पंडाल, प्रतिमा,विद्युत सज्जा,विधि व्यवस्था सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन कर पूजा के दौरान पूरे जिले को भक्तिमय बनाने में अहम योगदान दिया है। साथ ही अनुशासन पूर्ण व्यवस्था बनाते हुए भक्तों को सुविधा उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्र के दशमी के दिन भव्य मेले का आयोजन सभी के सहयोग से संपन्न हुआ। मेले के दौरान हुई ऐतिहासिक भीड़ के लिए जिले वासियों का अहम योगदान रहा। साथ ही मेला के दौरान लोहरदगा वासियों ने अनुशासन में रह कर मेले का आनंद लेते हुए सराहनीय कार्य का प्रदर्शन किया है। उन्होंने में कहा कि शारदीय नवरात्र सभी लोगों की सहयोग से संपन्न हुआ है। जिसके लिए केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति सभी का आभार व्यक्त करती है। साथ ही आशा व्यक्त करती है कि इस वर्ष की तरह ही अगले वर्ष पूजा के सफल आयोजन में सभी अपना सहयोग समिति को प्रदान करेंगे।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी बीडीओ, सीओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में आज गुरूवार को सभी प्रखण्ड विकास पदाधकारी, अंचल अधिकारी, सभी बीएलओ सुपरवाईजर के साथ आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के अंतर्गत दिनांक 27.10.2023 से 09.12.2023 तक घर-घर भ्रमण सर्वेक्षण कार्यक्रम संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई और आवश्यक निदेश दिये गये। सभी को जानकारी दी गई कि उक्त अवधि में मतदाता से संबंधित दावा व आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। जिन घरों में मतदाता की उम्र 18 वर्ष पूरी हो गई है या होनेवाली है उनका नाम आवश्यक रूप से मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। इस वर्ष 28 व 29 अक्टूबर और 4 व 5 नवंबर को इस संबंध में मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस वर्ष 28 नवंबर आदिम जनजाति समूह, 29 नवंबर को गृहविहीन व्यक्तियों के लिए, 30 नवंबर को 80 वर्ष की उम्र से अधिक एव वरिष्ठ नागरिकों के लिए अभियान चलाया जाएगा। 02 दिसंबर 2023 को तृतीय लिंग एवं यौन कर्मियों के लिए अभियान चलाया जाएगा। वहीं 03 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगों के लिए फोकस अभियान दिवस संचालित किया जाएगा। विभिन्न प्रकार के तैयार पोस्टर द्वारा प्रचार-प्रसार किया जाएगा। सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम आदि पर प्रचार-प्रसार के कंटेंट डाले जाएंगे। सभी उपस्थित पदाधिकारियों व बीएलओ सुपरवाईजर को अपने-अपने स्तर से मतदाताओं को इस अभियान व महत्वपूर्ण दिवस के बारे जागरूक किये जाने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।


## जलडेगा में रावण एवं कुंभकर्ण दहन के साथ हुआ विजयोत्सव, असत्य पर सत्य की जीत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड स्थित हाई स्कूल मैदान में विजयदशमी के अवसर पर 40 फ़ीट ऊंचे रावण एवं कुम्भकर्ण का विशालकाय पुतले का दहन किया गया। इससे पूर्व प्रखण्ड वासियों द्वारा भारी संख्या में उपस्थित होकर माँ दुर्गा एवं अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं का पूरे धूमधाम से ब्लॉक स्थित मुंसी तालाब में विसर्जन किया गया। असत्य पर सत्य की जीत के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले इस त्योहार में प्रखण्ड भर से हजारों की संख्या में दर्शक पुतला दहन देखने पहुंचे थे। दहन पूर्व दुर्गा पूजा समिति द्वारा आकर्षक आतिशबाजी किया गया जिससे दर्शकों में काफी उत्साह दिखा पुतला दहन कार्यक्रम के पश्चात बड़े पर्दे में फ़िल्म का प्रदर्शन किया गया। पूरे नवरात्रि के दौरान मजिस्ट्रेट के रूप में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी बृज बिहारी प्रसाद एवं उप राजस्व निरीक्षक उमेश ठाकुर उपस्थित रहे। जबकि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी हीरालाल महतो एवं पुलिस जवान भी जगह जगह पर तैनात रहे। प्रतिमा विसर्जन के दौरान अंचलाधिकारी समीर कच्छप भी उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में रामावतार अग्रवाल, बसंत साहू, विश्वनाथ साहू, ढोलो सिंह, पन्नालाल साहू, कृष्णा साहू, दिनेश साहू, सुभाष साहू, महाप्रसाद सिंह, संतोष सिंह, अनिल प्रसाद, जसवंत साहू, मोतीलाल ओहदार सहित कई अन्य ग्रामीणों की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस बल की तैनाती सहित मजिस्ट्रेट का समय समय पर पूजा स्थल सहित पूरे जलडेगा का भ्रमण करते रहने से पूरे नवरात्रि के दौरान कोई भी अप्रिय घटना नही घटी।

## मारपीट के आरोप पर तीन नामजद के विरूद्ध प्राथमिकि दर्ज सभी को भेजा गया जेल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रानीगंज साप्ताहिक बाजार से लौटने के दौरान वाहन से साइड मांगने पर हुआ विवाद में वादी ने तीन नामजद के विरुद्ध कराया प्राथमिकी दर्ज। अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला मुख्य सड़क पर वाहन से साइड लेने को लेकर तू तू मैं मैं होने के बाद वाहन चालक स्व सगीर खान के पूत्र इम्तियाज खान न्यू रोड लोहरदगा निवासी से मारपीट के दौरान घायल कर दिया। वही इम्तियाज खान ने लोहरदगा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान पुलिस को आवेदन देकर कहा है कि साप्ताहिक बाजार रानीगंज से बुधवार को देर शाम लोहरदगा सवारी लेकर आ रहें थे तभी बदला मेला मैदान के पास साइड लेने को लेकर कुछ लोगों से विवाद हुआ जिसे निंगनी गांव निवासी जय गोविंद साहू के पूत्र जितेंद्र कुमार साहू,बालकेश्वर साहू के पूत्र केशरी कुमार साहू तथा सुरेश साहू के पूत्र संतोष कुमार साहू ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। घायल इम्तियाज खान के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने थाना कांड संख्या 136/23 दर्ज कर नामजद तीनों आरोपी को गिरिफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा की मारपीट मामला की पुष्टि के उपरांत तीनों आरोपी को गिरिफ्तारी कर जेल भेजा गया।

## चलते चलते एक नजर

### एसडीओ के पद पर अनुराग कुमार तिवारी ने दिया योगदान



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मेदिनीनगर सदर एसडीओ के पद पर पदभार ग्रहण करने के बाद अनुराग कुमार तिवारी ने कहा कि उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता और सोच यही है कि उनके अनुमंडल कार्य क्षेत्र में जनता का काम सुगम तरीके से और पारदर्शी हो। इसके लिए उन्हें मीडिया बंधुओं और खासकर अनुमंडल कार्यालय में कार्यरत सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों का सहयोग अपेक्षित है। जिस तरीका से पूर्व के एसडीओ का सभी लोगों ने सहयोग किया वह अपेक्षा करते हैं कि सबों का साथ इस तरह उन्हें भी मिलेगा। वे एक पारदर्शी अनुमंडल कार्यालय पलामू जिला में पेश करेंगे। यह पद जनता के लिए है। जनता के काम आएगा और जनता के लिए समर्पित है। ऐसा विश्वास नए एसडीओ अनुराग तिवारी ने दिखाया है। नए एसडीओ अनुराग तिवारी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पड़वा सीईओ, आर्म्स मजिस्ट्रेट रेशमी, चैनपुर सीओ संजय बखला, सूरज कुमार, विवेका शुक्ला, जिला कानूनगो गोपाल सिंह, कार्यक्रम का संचालन सदर एसडीओ के लिपिक आशुतोष तिवारी ने किया.

### विश्व स्तरीय मोटिवेशनल स्पीकर मुनव्वर जमा का एक दिवसीय कार्यक्रम 1 नवंबर को



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** फातिमा गर्ल्स एंड बॉयज अकैडमी फातिमा नगर इटकी रांची में विश्व स्तरीय मोटिवेशनल वक्त मुनव्वर जमा और मौलाना हुजैफा वस्तानवी का एक दिवसीय मोटिवेशनल कार्यक्रम 1 नवंबर 2023 को 1:00 बजे से आयोजित किया जा रहा है। उक्त बातें प्रेस वार्ता में फातिमा गर्ल्स अकेडमी के निदेशक नसीम अनवर नदवी ने कहीं। उन्होंने कहा कि मुनव्वर जमा और मौलाना होजैफा वासतन्वी का कार्यक्रम का उद्देश्य लाखों छात्रों को मोटिवेशनल विचार से मार्गदर्शन, बच्चो के अंदर आत्म विश्वास आए कि वह भी देश के लिए डॉक्टर, आईएएस, वैज्ञानिक और रोजगार पा सके। समाज और के लोगों और छात्रों के बीच से निराशा को निकालकर उन्हें मुख्य धारा में लाना ही हमारा उद्देश्य है। मुनव्वर जमा के मोटिवेशनल विचार से पूरी इंसानियत को फायदा होगा ।उन्होंने कहा कि झारखंड में एक बड़ा शिक्षा का आंदोलन चलाना है। हमारे संस्थान में इस्लामी माहौल में आधुनिक शिक्षा देना ही हमारा उद्देश्य है ,जिससे कि भविष्य में बच्चे अच्छे इंसान बने। फातिमा अकादमी को झारखंड का बड़ा इल्मे नाफे का केंद्र बनाना भी हमारा मकसद है। इस मौके पर बोलते हुए स्कूल की प्रिंसिपल तबस्सुम फातिमा ने कहा कि बड़ी उम्मीद के साथ झारखंड कि राजधानी में पहली बार मुनव्वर जमा जैसे इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर फातिमा गर्ल्स और बॉयज अकादमी में आ रहे हैं ।उनमें यह खूबी है कि हमारे बच्चों और बच्चियों को उचित मार्गदर्शन दे, जिससे कि उन्हें आगे बढ़ाने में प्रेरणा मिले और वह देश और समाज के लिए कुछ अच्छा कर सके।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चेन्नई रोड शो में किया प्रतिभाग

# उत्तराखंड और तमिल संगमम को आगे बढ़ाया जाएगा : मुख्यमंत्री

*** निवेशकों को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए किया आमंत्रित**

एजेंसी

**चेन्नई।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड में आगामी 08 और 09 दिसंबर को होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को लेकर गुरुवार को चेन्नई में आयोजित रोड शो में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री धामी ने इस दौरान विभिन्न सेक्टर्स से जुड़े निवेशकों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री धामी के साथ चेन्नई रोड शो में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चेन्नई में आयोजित रोड शो में आए विभिन्न समूहों के निवेशकों को 8 और 9 दिसंबर 2023 को देहरादून में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु और उत्तराखंड का आध्यात्मिक रूप से संबंध है। तमिलनाडु में रामेश्वरम और उत्तराखण्ड में श्री केदारनाथ एवं आदि कैलाश विश्व प्रसिद्ध हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के तमिलनाडु में रामेश्वरम और उत्तराखंड में श्री केदारनाथ ज्योतिर्लिंग विद्यमान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड और तमिल संगमम को आगे बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल होने के साथ-साथ फूड प्रोसेसिंग, ऑटो कम्पोनेन्ट



मैन्युफैक्चरिंग, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे अनेकों क्षेत्रों में निवेश की अपार संम्भावनाएं हैं। उत्तराखण्ड राज्य को पीस टू प्रोसपेरिटी के मूल मंत्र के साथ सक्रिय एवं निवेश अनुकूल बनाया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक आयोजित रोड शो में देश एवं विदेशों से निवेशकों द्वारा उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है जिससे यह स्पष्ट है कि निवेशकों का तेज़ी से रुझान उत्तराखण्ड की ओर बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि निजी क्षेत्र के साथ मजबूत सम्बन्ध बनाने एवं साझेदारी स्थापित करने से ही हम राज्य में आर्थिक प्रगति एवं रोजगार के अवसरों के सृजन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकते हैं।।कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिन कुर्वे,डॉ.आर राजेश कुमार, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा और विभिन्न क्षेत्रों के निवेशक उपस्थित रहे।

**सीएम ने पार्थसारथी भगवान के पौराणिक मंदिर में की पूजा अर्चना**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चेन्नई के ट्रिप्लीकेन स्थित भगवान विष्णु के अलौकिक अवतार पार्थसारथी भगवान के पौराणिक मंदिर में पूजा अर्चना की और समस्त प्रदेश वासियों की उन्नति और कुशलता के लिए भगवान विष्णु से प्रार्थना की।पार्थसारथी मंदिर में भगवान विष्णु के चार अवतारों श्री कृष्ण,श्री राम, नृसिंह और भगवान वराह की पूजा होती है। मंदिर का इतिहास सदियों पुराना है और इसकी वास्तुकला अद्भुत है।

## सांस्कृतिक एकता की मिशाल है सुआ कौडिया की जनता : अविनाश देव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** दुर्गापूजा दशहरा के सफल, सुखद व शानदार सफलता के बाद जनता के मनोरंजन के लिए यंग जागृति संघ कौड़िया के द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने बतौर मुख्यातिथि भक्ति जागरण का उद्घाटन किया। यंग जागृति संघ के अध्यक्ष ने फूलमाला एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। श्रोता दर्शकों को संबोधित करते अविनाश देव ने कहा कि संस्कृति एकता मिशाल है सुआ कौड़ियां की जनता। जहां आपसी प्रेम भाईचारा के साथ हिंदू, मुस्लिम, सिख ईसाई स्त्री पुरुष बच्चा बूढ़ा एक साथ बैठ कर सांस्कृतिक संध्या का आनंद लेते हैं। यह काबिल- ए- तारीफ़ है। नवरात्र समाप्ति पर नौ देवियों से संग्रहित शक्ति से दस सिर वाले ताकत पर विजयी प्राप्त करते हैं। आगे उन्होंने कहा कि हम कहना चाहेंगे कि नौ देवियों के प्रतीक नौ कन्या के जो पूजन करते हैं, उस कन्या को शिक्षित कर समाज को समर्पित करें। ताकि वह कन्या समाज के आसुरी शक्तियों से लड़ सके और अपनी सुरक्षित जीवन संवार सके। आज इस मंच से हम घोषणा करते हैं कि यंग जागृति संघ सच में जागृति लाना चाहते हैं तो निहायत नौ बेटियों को चिन्हित कर गोद लें।

हम शिक्षित दीक्षित करने का जिम्मा लेते हैं। तभी नौरात्रा करने की सार्थकता होगी। तभी हम शक्ति स्वरूपा के बल पर दुश्मनों से लोहा ले सकते हैं और समृद्ध समाज मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते,जगत जननी मां जगदम्बा से हम सभी अगले साल मिलने सुख शांति अमन की याचना करता हूं।

## रिंकू जी एवं अनवर भाई बधाई के पात्र : प्रथम महापौर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** स्थानीय शिवाजी मैदान में रावण वध कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रथम महापौर श्रीमती अरुणा शंकर ने पलामू चेंबर के कार्यकारी सदस्य रिंकू दुबे को हरिशचंद्र घाट में दाह संस्कार के लिए आधे कीमत पर विगत 5 वर्षों से लकड़ी उपलब्ध करने एवं चेंबर के कोषाध्यक्ष भाई अनवर हुसैन जी को कोरोना कॉल से अब तक 93 लावारिस शव हेतु निशुल्क लकड़ी उपलब्ध कराने के लिए शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। श्रीमती शंकर ने कहा कि समाज में ऐसे लोग प्रेरणादायक होते हैं। उन्होंने कहा कोरोना काल में जब लोग अपने परिजनों को दाह संस्कार किए बिना घाट पर छोड़कर भाग रहे थे उस वक्त रिंकू जी द्वारा अपने जान को जोखिम में डालते हुए आधे दाम पर लकड़ी उपलब्ध कराई जा रही



थी। तब जब झारखंड के दूसरे घाटों में 15 से 25000 तक दाह संस्कार के लिए लिया जा रहा था। और यहां हरिश्चंद्र घाट में मात्र 2100 से 3500 लिया गया, जो आज भी कायम है।

प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि कोरोना कॉल से आज तक अनवर भाई द्वारा थाना प्रशासन या किसी सामाजिक संगठन के रिक्वेस्ट पर निशुल्क आज भी शब दाह किया जा रहा जो आज भी कायम है। इस कार्य की जितने भी प्रशंसा की जाए कम है। प्रथम महापौर ने कहा कि कई चेंबर के सदस्यों ने भी इसमें आर्थिक सहयोग किए हैं जो बधाई के पात्र है। प्रथम महापौर ने कहा कि राजा हरिश्चंद्र घाट की व्यवस्था देख रहे हैं। चेंबर के वरिष्ठ सदस्य कृष्णा अग्रवाल को भी मैं बधाई देती हूं। जिन्होंने अपनी देखरेख में घाट को व्यवस्थित एवं सुसज्जित रखा है। जिससे बाहर से आने वाले अतिथियों पर यहां की व्यवस्था देख निगम की अच्छी छवि बनती है।

# श्रीलंका ने इंग्लैंड को 8 विकेट से हराया

*** लगातार तीसरी हार से इंग्लैंड ने बनाया खराब रिकॉर्ड**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** श्रीलंका ने धमाकेदार अंदाज में इंग्लैंड को 8 विकेट से हरा दिया। इस मैच में इंग्लैंड के गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने बहुत ही खराब प्रदर्शन किया। टीम के लिए इस मैच में गेंदबाज और बल्लेबाज बुरी तरह से फ्लॉप हुए। अंग्रेजों की वनडे वर्ल्ड कप 2023 में ये लगातार तीसरी हार है। इसी के साथ इंग्लैंड के लिए सेमीफाइनल की राह बहुत ही मुश्किल हो गई है। करारी हार के साथ ही इंग्लैंड के नाम कई शर्मनाक रिकॉर्ड जुड़ गए हैं। जॉनी बेयरस्टो और डेविल मलान के बीच पहले विकेट के लिए 45 रनों की साझेदारी हुई, लेकिन इन दोनों प्लेयर्स के आउट होते ही इंग्लैंड की बल्लेबाजी बिखर गई। इंग्लैंड के लिए बेयरस्टो ने 30 रन और मलान ने 28 रन बनाए। जो रूट 3 रन बनाते ही रन आउट हो गए। बेन स्टोक्स ने जरूर कुछ देर विकेट पर टिकने की कोशिश की, लेकिन वह बड़ी पारी




नहीं खेल पाए और 43 रन बनाकर आउट हो गए। अंत में डेविड विली ने 14 रनों का योगदान दिया। बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन की वजह से इंग्लैंड की टीम पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल पाई और 33.2 ओवर में 156 रनों पर ऑल आउट हो गई। श्रीलंका के लिए लाहिरू कुमार ने सबसे ज्यादा 3 विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा कसुन रंजीता और एंजोलो मैथ्यूज ने 2-2 विकेट अपने नाम किए हैं। महेश तीक्ष्णा ने एक विकेट अपने नाम किया। श्रीलंका के लिए गेंदबाजों ने धमाकेदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड के बल्लेबाजों को खुलकर स्ट्रोक नहीं लगाने लगाने दिए।

### इन बल्लेबाजों ने लगाए अर्धशतक

छोटे टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए पथुम निशंका और सदीरा समरविक्रमा ने अर्धशतक लगाए। इन प्लेयर्स ने नॉट आउट रहते हुए श्रीलंका को जीत दिलाई। निशंका ने 77 रन और समरविक्रमा ने 65 रनों की पारी खेली। इन खिलाड़ियों ने आसानी से रन बनाए और श्रीलंका को जीत दिला दी। इंग्लैंड के लिए डेविड विली ने 2 विकेट चटकाए।

### इंग्लैंड ने बनाए ये शर्मनाक रिकॉर्ड

इंग्लैंड की टीम वनडे वर्ल्ड कप 2023 में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। टीम को लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। वर्ल्ड कप 1996 के बाद ऐसा पहली बार है किसी वर्ल्ड कप में इंग्लैंड ने लगातार तीन मैच हारे हों। अब 27 बाद इंग्लैंड ने खराब रिकॉर्ड दोहरा दिया है। श्रीलंका ने इंग्लैंड के खिलाफ पिछले पांच वर्ल्ड कप में जीत हासिल की है और हर बार इंग्लैंड को पटखनी दी है।

# हर जरूरतमंद का मिले आवास व इलाज : मुख्यमंत्री



एजेंसी

**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि जिन जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। आयुष्मान कार्ड बनवाकर इलाज की उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। कार्ड न होने की दशा में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए विवेकाधीन कोष से धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।मुख्यमंत्री योगी ने यह निर्देश गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा।जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने लगभग 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला की समस्या को संवेदनशीलता से देखें। महिला को प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया जाए। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री योगी ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। शासन से इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

### ईडी ने राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत के बेटे को भेजा समन

**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999) के एक मामले में राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत के बेटे को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है. ईडी की तरफ से यह समय उस समय दिया गया है जब एजेंसी पहले से ही राजस्थान पेपर लीक मामले में राजस्थान कांग्रेस प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है. बता दें कि कुछ दिन बाद ही राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं. ऐसे में चुनाव से ठीक पहले ईडी की इस कार्रवाई को बेहद खास माना जा रहा है. ईडी ने शुक्रवार को अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को दिल्ली के दफ्तर में पूछताछ के लिए बुलाया है.बता दें कि गुरुवार की सुबह से ही ईडी की टीम राजस्थान कांग्रेस प्रमुख के जयपुर, दौसा और सीकर में ठिकानों पर तलाशी अभियान चला रही है. अब तक की जानकारी के हिसाब से ये छापेमारी राजस्थान परीक्षा पेपर लीक मामले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के संबंध में है.